CMYK

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 24°C
81,796.15
24,946.50
1,02,000
1,09,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, मंगलवार 17 जून 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 16 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 20 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## खुलासा: पहलगाम हमला बिना आतंकी फंडिंग के संभव नहीं

### एफएटीएफ ने कहा: ऐसे हमले सिर्फ बंदूक-बारूद से नहीं होते, इनके पीछे फाइनेंशियल नेटवर्क

नई दिल्ली, वार्ता

**एंटी टेररिज्म बॉडी** फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने सोमवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमला आतंक फैलाने वालों के समर्थन के बिना नहीं किया जा सकता। इसमें टेरर फंडिंग की गई है।

एफएटीएफ का यह बयान पहलगाम हमले के 55 दिन बाद आया है। एंटी टेररिज्म बॉडी ने कहा कि आतंकी हमले लोगों को मारते हैं, उन्हें अपंग बनाते हैं और दुनियाभर में डर फैलाते हैं। एफएटीएफ का यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान के लगातार आतंकवाद को समर्थन देने और मल्टीपल फंड्स को हथियारों की खरीद में इस्तेमाल करने की बात को उजागर किया है। सूत्रों के अनुसार, ऐसी गतिविधियों की वजह से पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जा सकता है। एफएटीएफ की एशिया- पेसिफिक ग्रुप (एपीजी) की बैठक 25 अगस्त को होनी है। इसके बाद एफएटीएफ के वर्किंग ग्रुप की बैठक 20 अक्टूबर को होगी। इन बैठकों से पहले भारत पाकिस्तान के खिलाफ एक डोजियर तैयार कर रहा है। इसमें बताएगा कि पाकिस्तान कैसे फंडिंग का आतंकी गतिविधियों और मनी लॉन्ड्रिंग में इस्तेमाल कर एफएटीएफ के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। 2018 में पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में रखा गया था। तब उसने मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग पर लगाम लगाने के लिए एक एक्शन प्लान दिया था। इसके बाद 2022 में एफएटीएफ ने पाकिस्तान को इस ग्रे लिस्ट से हटा दिया था। सूत्रों ने कहा कि भारत सरकार, एंटी मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग नियमों का पालन करने में विफल रहने के कारण पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डालने के लिए एफएटीएफ के सामने मजबूत केस रखेगी। एफएटीएफ की साल में तीन बार (फरवरी, जून और अक्टूबर) मीटिंग होती है।



**पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डलवाने के लिए भारत कर रहा डोजियर तैयार**

## अमरोहा: पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 4 महिलाओं की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा।** पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से वहां काम कर रहीं चार महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि नौ महिलाएं बुरी तरह झुलस गई। घटना से आसपास हड़कम्प मच गया। तेज धमाके से फैक्ट्री की इमारत भी पूरी तरह धराशायी हो गई। डीएम व एसपी मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। घटना स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी रही।

गांव में आबादी से करीब एक किमी की दूरी पर हापुड़ निवासी सैफुर्रहमान पुत्र केसर की पटाखा फैक्ट्री साल 2018 से संचालित है। फैक्ट्री में स्थानीय व आसपास के गांवों की महिलाएं काम करती हैं। सोमवार सुबह भी करीब 13 महिलाएं फैक्ट्री में काम कर रही थीं। इस बीच दोपहर करीब 11:45 बजे वहां मौजूद विस्फोटक पदार्थ में तेज धमाका हुआ। चपेट में आई फैक्ट्री में काम कर रहीं गांव पपसरा निवासी 40 वर्षीय उमा पत्नी दानवीर सिंह व 45 वर्षीय सर्वेश पत्नी सोविंद्र के साथ ही रजबपुर निवासी 22 वर्षीय रुखसाना पुत्री जाकिर अहमद व 40 वर्षीय शहनाज पत्नी साबिर अली की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मोना, विशाल, सलोनी, इंद्रवती, सोनिया, पूजा, नाजरीन समेत नौ अन्य महिलाएं जख्मी हो गई। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि धमाके के बाद फैक्ट्री की इमारत धराशायी हो गई और जहां-तहां मलबा बिखर गया। दो किमी दूर दूसरे गांवों तक धमाके की आवाज को सुना गया। धमाके के बाद आसपास के गांवों से पहुंचे लोग मदद में जुट गए। सूचना पर पुलिस-प्रशासनिक एवं दमकल टीम भी मौके पर पहुंचते हुए राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई। खुद डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित कुमार आनंद ने मौका मुआयना कर घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर घायल नाजरीन व सोनिया को चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर किया। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। हादसे के कारणों की बावत अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। डीएम निधि गुप्ता ने मामले की जांच के लिए कमेटी गठित करने की बात कही है।



**नौ महिलाएं गंभीर रूप से झुलसी, फैक्ट्री की इमारत भी हुई पूरी तरह ध्वस्त**



ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई परिवार सहित बंकर में भूमिगत

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



पटौदी की विरासत को बचाने के लिए तेंदुलकर आए आगे

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## इजरायल-ईरान संघर्ष में 250 की मौत, 1000 घायल

### और उग्र हुआ इजरायल-ईरान संघर्ष, लगातार चौथे दिन हमले जारी

तेहरान/तेल अवीव, वार्ता

**इजरायल** और ईरान के बीच 13 जून से लगातार चौथे दिन संघर्ष जारी है। इजरायल ने सोमवार शाम करीब 6 बजे सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। हमले में हुए नुकसान को लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने एक्स पर ईरान पर हमले का एक वीडियो जारी किया।

कैप्शन में बताया कि सोमवार सुबह से इजरायली एयरफोर्स ने मिसाइल लॉन्चर्स से लदे कई ट्रकों को निशाना बनाया, जो तेहरान की तरफ जा रहे थे। इससे पहले इजरायल ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्रालय पर हमला किया था। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। 14 जून को इजरायली सेना ने ईरानी रक्षा मंत्रालय पर भी हमला किया था। पिछले चार दिनों के दौरान ईरान में 224 लोग इजरायली हमलों से मारे गए हैं। 1,277 से ज्यादा घायल हैं। अमेरिका में स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ग्रुप ने ईरान में 406 लोगों की मौत का दावा किया है। इजरायल ने सोमवार को दावा किया कि उसने ईरान के एयरस्पेस को पूरी तरह अपने काबू में कर लिया है। इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पश्चिमी ईरान से लेकर राजधानी तेहरान तक आसमान पर अब इजरायली एयरफोर्स का कंट्रोल है। आईडीएफ के मुताबिक, इजरायल ने 50 से ज्यादा फाइटर जेट्स और एयरक्राफ्ट्स से ईरान पर हवाई हमले किए और 120 से ज्यादा मिसाइल लॉन्चर्स नष्ट कर दिए। यह ईरान के पास मौजूद मिसाइल लॉन्चर्स का एक तिहाई है। ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। सोमवार सुबह -शेष पृष्ठ दो पर



ईरान के हमले में ध्वस्त हुई इजरायली की इमारत

**इजरायल ने ईरान पर फिर की एयरस्ट्राइक, मिसाइल लॉन्चर्स से लदे ट्रक उड़ाए**

**ईरान के ताजा हमले में आठ इजरायलियों की मौत, अब तक 24 मरे**

**ईरान पर इजरायल के तीन हमलों में 73 महिलाएं और 20 बच्चे मारे गए**

### अहमदाबाद विमान हादसा: 92 मृतकों के डीएनए नमूनों का मिलान

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में विमान हादसे में मारे गए 92 लोगों के डीएनए नमूनों का मिलान हो गया है। अब तक कुल 47 शव परिवारों को सौंपे जा चुके हैं। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डा. रजनीश पटेल ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने दुर्घटना के बाद राज्य सरकार द्वारा चलाए गए पहचान अभियान के बारे में बताया कि जिन शवों के डीएनए नमूनों का मिलान हो गया हैं, उन्हें सम्मानपूर्वक उनके परिवारों को सौंप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक कुल 92 शवों के डीएनए नमूनों का मिलान हो चुका है 16 जून को सुबह 09:30 बजे तक कुल 47 शव सौंपे गए, जिनमें खेड़ा, अहमदाबाद, बोटाद, मेहसाणा, भरूच, अरावली, वडोदरा, जूनागढ़, आनंद, महिसागर, गांधीनगर और भावनगर जिलों के शव शामिल थे।

## एयर इंडिया ड्रीमलाइनर में फिर आई तकनीकी खराबी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद लंदन एयर इंडिया विमान हादसे के चार दिन बाद हांगकांग से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के एक और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान में उड़ान भरने के चंद मिनट बाद तकनीकी समस्या का पता लगने पर उसे वापस हांगकांग लौटना पड़ा।

सूत्रों के अनुसार हांगकांग से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया की उड़ान एआई315 बीती रात 11 बज कर 59 मिनट पर हांगकांग से रवाना हुई थी। रिकॉर्ड के अनुसार यह उड़ान तीन घंटे नौ मिनट के विलंब से रवाना हुई थी। उड़ान भरने के बाद पायलट को हवा में ही तकनीकी समस्या का संदेह हुआ। इस पर पायलट ने विमान को समुद्र के ऊपर कुछ देर उड़ाया और जब दिक्कत दूर नहीं हुई तो वापस लौटने का फैसला किया। इसके बाद विमान करीब एक घंटे 19 मिनट बाद अपने मूल स्थान यानी हांगकांग हवाई अड्डे पर वापस लौट आया। विमान स्थानीय समयानुसार एक बज कर 18 मिनट पर हांगकांग हवाई अड्डे पर उतरा। जहां उसकी गहन तकनीकी जांच की जाएगी। गौरतलब है कि 12 जून को एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर अहमदाबाद से लंदन जा रहा था, जब हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया और गुजरात के अहमदाबाद में बीजे मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों के छात्रावास से जा टकराया। विमान में 230 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सहित 242 लोग सवार थे।

**उड़ान भरने के चंद मिनट बाद ही विमान को वापस हांगकांग लौटना पड़ा**

### जनगणना के लिए अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में आगामी जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर देश भर में जनगणना की संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 होगी, जबकि बर्फबारी से प्रभावित जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 रहेगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी।गृह मंत्री अमित शाह ने अधिसूचना जारी किए जाने से एक दिन पहले रविवार को केंद्रीय गृह सचिव, महापंजीयक और जनगणना आयुक्त तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की थी।

### जज पद: 3 साल की वकालत अनिवार्यता के खिलाफ समीक्षा याचिका

**नई दिल्ली।** सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के लिए तीन साल की वकालत अनिवार्य करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर की गई है। न्यायिक सेवा के इच्छुक याचिकाकर्ता अधिवक्ता चंद्रसेन यादव शीर्ष अदालत के 20 मई, 2025 के उस फैसले की समीक्षा की मांग की है, जिसमें सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के पद के लिए परीक्षा में बैठने के वास्ते बार में कम से कम तीन साल की प्रैक्टिस अनिवार्य की गई है।

### जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा में विस्फोट, तीन घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शहर हंदवाड़ा में सोमवार को हुए एक विस्फोट में तीन लोग घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार कचरी लंगेट में पुरानी मस्जिद तोड़ते समय एक संदिग्ध वस्तु फटने से तीन लोग घायल हो गए। घायलों में मुदस्सिर अहमद मीर, गुलाम अहमद टट्रे और ओवैस अहमद लोन शामिल हैं, जो हंदवाड़ा के अलग-अलग गांवों के निवासी हैं।

## थोक मुद्रास्फीति मई में 0.39 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मई 2025 में मासिक आधार घट कर 0.39 प्रतिशत रही। अप्रैल में यह 0.85 प्रतिशत तथा पिछले साल मई में 0.39 प्रतिशत थी।

थोक मुद्रास्फीति में पिछले छह माह से लगातार गिरावट दर्ज की गई है। सरकार द्वारा सोमवार को जारी प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल, 2025 मई में थोक मूल्य सूचकांक अप्रैल के 154.2 अंक से घट कर मई में 154.1 पर आ गया। खाद्य वस्तुओं की कीमतों को छोड़ कर अन्य वर्गों में मासिक आधार पर थोक कीमतों में मासिक आधार पर नरमी दिखी। आकंड़ों के अनुसार मई में प्राथमिक वस्तुओं के थोक मूल्यों में सालाना आधार पर सामान्य रूप 2.02 प्रतिशत की कमी देखी गई। ईंधन और बिजली वर्ग में थोक मूल्य पिछले साल मई की तुलना में 2.27 प्रतिशत नीचे रहे। विनिर्मित उत्पादों के वर्ग में थोक कीमतों में सालाना आधार पर 2.04 प्रतिशत और खाद्य उत्पादों के थोक मूल्य सूचकांक में इसी दौरान 1.72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

**पिछले छह माह से लगातार गिरावट दर्ज की गई**


### मप्र में मानसून की एंट्री, यूपी में बिजली गिरने से 48 घंटे में 34 की मौत

**नई दिल्ली।** मानसून ने मध्य प्रदेश में एंट्री कर ली है। एक दिन की देरी से बड़वानी, खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर के रास्ते मानसून राज्य में पहुंच गया है। पिछली बार यह 21 जून को आया था। हालांकि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री 27-28 मई को हो गई थी, मध्य प्रदेश में 21 दिन बाद मानसून की दस्तक हुई है। यूपी में भी बारिश का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को 62 जिलों में अलर्ट किया है। राज्य में पिछले 48 घंटे में बिजली गिरने की घटनाओं में 34 लोगों की जान गई है। बरेली में भारी बारिश से हाईवे डूब गया है।

## आतंकवाद के खिलाफ भारत को मिला साइप्रस का समर्थन

**निकोसिया।** भारत एवं साइप्रस ने अगले पांच साल में अपनी समग्र साझीदारी को रणनीतिक स्वरूप प्रदान करने के इरादे के साथ संयुक्त राष्ट्र में सुधारों को बल देने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय एवं सीमापार आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ की कठोर निंदा की तथा आतंकवाद वित्तपोषण नेटवर्क को खत्म करने, सुरक्षित पनाहगाहों एवं आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवादियों एवं उन्हें पनाह देने वाले अपराधियों को तेजी से न्याय के कठघरे में लाने का आह्वान किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साइप्रस यात्रा के आधिकारिक कार्यक्रम संपन्न होने के साथ ही साइप्रस एवं भारत के बीच व्यापक साझीदारी के कार्यान्वयन पर संयुक्त घोषणा की गई है। घोषणा पत्र में दस बिन्दुओं में प्रधानमंत्री की इस यात्रा को ऐतिहासिक और स्थाई साझीदारी की दिशा में मील का पत्थर बताया गया। घोषणापत्र में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी की दो दशकों से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है और -शेष पृष्ठ दो पर



### मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को यहां साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने राष्ट्रपति महल में प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत किया और द्विपक्षीय बैठक के बाद एक संक्षिप्त समारोह में साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस-3' से अलंकृत किया। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि यह किसी नरेन्द्र मोदी का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है और वह भारत के नागरिकों की ओर से पूरी विनम्रता से इस सम्मान को स्वीकार कर रहे हैं।

## ईरान से वापस लौटेंगे 10 हजार भारतीय

### 1500 स्टूडेंट्स फंसे, ईरान बोला- बॉर्डर खुले, विदेशी नागरिक जा सकते हैं

तेहरान/नई दिल्ली, वार्ता

**इजरायल** से लगातार चौथे दिन जारी लड़ाई के बीच ईरान ने सोमवार को विदेशी नागरिकों को देश छोड़ने की इजाजत दे दी है।

सूत्रों ने बताया कि भारत ने अपने छात्रों को निकालने के लिए ईरान में आर्मेनिया के राजदूत से बात की है। छात्रों को आर्मेनिया बॉर्डर पर नारदुज चौकी से बसों से निकाला जाएगा। ईरान में 1,500 स्टूडेंट्स सहित लगभग 10 हजार भारतीय फंसे हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मौजूदा हालात में देश के एयरपोर्ट भले ही बंद हैं, लेकिन लैंड बॉर्डर्स खुले हुए हैं। विदेशी नागरिकों को ईरान छोड़ने से पहले राजनयिक मिशनों के जरिये ईरान के जनरल प्रोटोकॉल विभाग को अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, गाड़ी डिटेल्स, देश से निकलने का समय और जिस बॉर्डर से जाना चाहते हैं, उसकी जानकारी पहले से देनी होगी। ईरान के अलग-अलग शहरों से भारतीय छात्र आर्मेनिया से लगे नारदुज बॉर्डर पहुंचेंगे। यहां से इन्हें बस से आर्मेनिया के एरेवन एयरपोर्ट ले जाया जा सकता है। इसके बाद इन छात्रों को हवाई रूट से भारत लाया जाएगा।



### सोनिया गांधी की हालत अस्पताल में स्थिर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। श्रीमती गांधी को पेट में दर्द की शिकायत के कारण रविवार रात यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि 78 वर्षीय श्रीमती गांधी की हालत स्थिर बनी हुई है और उन्हें चिकित्सा निगरानी में रखा गया है।

## कोरोना से लगातार दूसरे दिन 10 से ज्यादा की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस से लगातार दूसरे दिन 10 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, रविवार को 11 मरीजों ने जान गंवाई। केरल में 7 और दिल्ली, छत्तीसगढ़, एमपी, महाराष्ट्र में 1-1 मौत हुई है। शनिवार को 10 मौतें हुई थीं। कोविड के 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में 7264 एक्टिव मरीज हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1920 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1433 और पश्चिम बंगाल में 747 एक्टिव मामले हैं। बीते 24 घंटे में कोई नया केस नहीं मिला है, जबकि 119 मरीज रिकवर हुए हैं। मध्य प्रदेश के जबलपुर में रविवार को बच्चे को जन्म देने के एक दिन बाद महिला (27 साल) की कोविड से मौत हो गई।

**जबलपुर में डिलीवरी के बाद महिला की जान गई**

## संक्षिप्त समाचार

### श्री राम पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के हाथीनाला क्षेत्र में पुलिस ने भगवान श्री राम जी की आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में एक युवक को सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि रविवार को एक व्यक्ति ने ट्वीट कर जानकारी दी थी कि सूरज जाटव ने अपने इंस्टाग्राम आइडी पर भगवान श्री राम जी की आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट की है। यह वीडियो हिन्दू धर्म को अपमा. नित करने व हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से की गई है जिससे हिन्दुओं में आक्रोश व्याप्त है। सूरज जाटव के कृत्य से जनमानस के बीच साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ सकता है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक हाथीनाला को अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए और जांच के बाद साउडीह गांव निवासी 22 वर्षीय सूरज जाटव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने आपत्तिजनक जनक वीडियो को इंस्टाग्राम से डिलीट करा दिया है।

### मणिपुर में छह उग्रवादियों सहित नौ लोग गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में सुरक्षा कर्मियों और पुलिस ने छह उग्रवादियों सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी सोमवार को दी। पुलिस ने सोमवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने कामजोंग जिले के कसोम खुल्लेन-पीएस के अंतर्गत तारेत नदी से तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। मणिपुर पुलिस ने भी अपहरण के एक मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई-पीएस के अंतर्गत शिखोंग शेमाई बाजार से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्वी जिले के लामलाई-पीएस के अंतर्गत सावा. मबुंग ब्रिज के पूर्वी हिस्से से भी एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया।

### दोबारा सर्वेक्षण की दलील पिछड़े वर्ग को झांसा देना

# जाति गणना कांग्रेस का राजनीतिक पाखंड

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कांग्रेस का सामाजिक न्याय का नारा दिखावा एवं तुष्टीकरण से प्रेरित है: भूपेन्द्र यादव

**भारतीय** जनता पार्टी ने कर्नाटक में कांग्रेस द्वारा 'सामाजिक न्याय' के नाम पर दोबारा जातीय सर्वेक्षण कराए जाने पर सोमवार को सवाल उठाते हुए कहा कि दोबारा सर्वेक्षण की दलील पिछड़े वर्ग को झांसा देने का कांग्रेस का राजनीतिक हथकंडा मात्र है तथा उसका 'सामा. जिक न्याय' का नारा दिखावा एवं 'तुष्टीकरण' से प्रेरित है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज के साथ कांग्रेस ने हमेशा धोखा किया है। अगर कांग्रेस के मन में कभी सच्चाई रही होती, तो काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट आने के बाद कांग्रेस ने कोई दूसरा आयोग ही नहीं बनाया। देश से जब कांग्रेस की सत्ता गई, तब मंडल आयोग को बनाया। जनता पार्टी के जाने के बाद भी मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू नहीं हुई। जब देश से दोबारा कांग्रेस की सत्ता गई, तब मंडल आयोग लागू हुआ। मंडल आयोग वैधानिकता को उच्चतम न्यायालय ने जब स्वीकार किया, तो ओबीसी आयोग को दंत. विहीन बनाने का काम कांग्रेस ने किया। वर्ष 2014 में जब देश से कांग्रेस की सत्ता गई और श्री नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तब ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा मिला। यादव ने कहा कि उनके विश्वासघात का एक और उदाहरण कर्नाटक सर्वेक्षण है। उनके लिए, सामाजिक न्याय केवल दिखावा है और तुष्टिकरण उनकी नीति है। भारत की अर्थव्यवस्था के कमज़ोर होने का कारण मुख्य रूप से कांग्रेस द्वारा करदाताओं के पैसे का भ्रष्टाचार है। करीब 165 करोड़ रुपए का सर्वेक्षण एक दशक से भी ज्यादा समय से चल रहा है, तो इसका जवाबदेह कौन है? उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार का नया सर्वेक्षण डिजिटल समावेशन बनाम डिजिटल असमानता को उजागर करेगा।

### कर्नाटक में एक बार फिर कांग्रेस के धोखे का उदाहरण देखने को मिला

उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का बयान अलग है, क्योंकि वे ऑनलाइन पंजीकरण की मांग कर रहे हैं और इसके कार्यान्वयन पर सवाल उठा रहे हैं। कई लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि सीमित डिजिटल पहुंच वाले समुदायों के लिए ऑनलाइन नामांकन की सटीकता कैसे सुनिश्चित हो सकती है। यादव ने कहा कि कर्नाटक में एक बार फिर कांग्रेस के धोखे का उदाहरण देखने को मिला। वो दिखाता है कि कांग्रेस के लिए सामाजिक न्याय दिखावा है, प्रतिबद्धता नहीं है। ओबीसी समाज को झांसे में लाना कांग्रेस की नीति है, न्याय देना उनका काम नहीं है। 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था बेहद नाज़ुक हो जाने का सबसे बड़ा कारण था कि करदाताओं के पैसों के साथ कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और उनके विश्वास को खोया।

### जनगणना के लिए तेलंगाना का मॉडल अपनाया जाए: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को कहा है कि जनगणना के लिए तेलंगाना का मॉडल अपनाया जाना चाहिए, जिससे सभी जातियों की सामा. जिक-आर्थिक जानकारी प्राप्त हो सके। कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को 16वीं जनगणना की अधिसूचना जारी होने पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस अधिसूचना में पुरानी बातों को ही दो. हराया गया है, लेकिन इसमें में जातिगत गणना का कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि सरकार जातिगत जनगणना के वादे से मुकर रही है। उन्होंने कहा कि तो क्या यह फिर वही यू-टर्न है या फिर आगे इसके विवरण सामने आएंगे? कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि 16वीं जनगणना में तेलंगाना मॉडल अपनाया जाए। सिर्फ जातियों की गिनती ही नहीं बल्कि जातिवार सामाजिक और आर्थिक स्थिति से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी जुटाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की जातिगत सर्वेक्षण में 56 सवाल पूछे गए थे। उन्होंने कहा कि लंबे इंतज़ार के बाद बहुप्रचारित 16वीं जनगणना की अधिसूचना जारी हो गई है। असलियत यह है कि कांग्रेस की लगातार मांग और दबाव के कारण ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जातिगत जनगणना की मांग के आगे झुकना पड़ा। इसी मांग को लेकर उन्होंने कांग्रेस नेताओं को 'अर्बन नक्सल' तक कह दिया था। संसद से लेकर उच्चतम न्यायालय तक मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना के विचार को सिरे से खारिज कर दिया था।

# रेखा गुप्ता ने किया सिखों का अपमान: आप

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री को कठघरे में खड़ा किया

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर सिख धर्म का अपमान करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि जिस प्रकार उन्होंने सिख गुरुद्वारे को लेकर संबोधन किया, उसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। आप के वरिष्ठ नेता जरनैल सिंह ने यहां पत्रकारों से कहा कि हमारे लिए गुरुद्वारा करतारपुर साहिब बहुत ही पवित्र स्थल है।

गुप्ता ने जिस प्रकार का संबा. धन दिया, उसमें साफ-साफ गुरुद्वारा करतारपुर साहिब का अपमान झलकता है। उन्होंने कहा कि जो भी गुरुनानक साहिब में श्रद्धा रखते हैं, इससे उन्हें गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि करतारपुर साहिब स्थल की सिखों के दिलों में बहुत आस्था है। दिल्ली में बच्चा-बच्चा जानता है कि सिख गुरुद्वारों को किस प्रकार संबोधित किया जाता है। आप नेता ने कहा कि भाजपा के सिख नेताओं को मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि गुरुद्वारों को किस प्रकार संबोधित किया जाता है। उन्होंने कहा कि गुप्ता को माफी मांगनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि आप का आरोप है कि श्रीमती गुप्ता ने कल पंजाब में अपने संबोधन में गुरुद्वारे का अपमान किया है।

### दिल्ली में बिजली पानी की व्यवस्था चरमराई: भारद्वाज

**नई दिल्ली।** आप ने कहा कि जब से दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है तब से यहां बिजली और पानी की व्यवस्था चरमरा गई है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को यहां कहा कि दिल्ली के अंदर जब से भाजपा की सरकार बनी है यहां पानी और बिजली की पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। कुछ दिनों पहले राजधानी में बारिश हुई, जगह-जगह पानी जमा हो गया, लेकिन इस विभाग को संभालने वाले पीडब्लयूडी मंत्री दिल्ली से बाहर थे। बिजली व्यवस्था की हालत यह है कि उपराज्यपाल के दफ्तर में काम करने वाले कर्मचारी ने एक्स पर बताया कि उनके घर पर दो घंटे से बिजली नहीं है।

# वैश्विक स्तर पर गुणवत्ता युक्त दवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच जरूरी: भारत

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ भारत अपने साझेदार देशों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध: पटेल

भारत ने वैश्विक स्तर पर गुणवत्ता युक्त दवाओं की सार्वभौमिक पहुंच पर बल देते हुए कहा है कि संबद्ध देशों के औषधि नियामकों में आपसी सहयोग और संवाद आवश्यक है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सोमवार को यहां भारतीय फार्माकोपिया आयोग के नीति निर्माताओं के द्वितीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत संवाद और नियोजन से अपने साझेदार देशों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और नियामक सहयोग को आगे बढ़ाने तथा फार्माकोपियल मानकों की मान्यता को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने की आशा कर रहा है, ताकि 'सभी के लिए स्वास्थ्य' के साझा लक्ष्य की दिशा में तेजी से प्रयास किए जा सकें। गुणवत्तापूर्ण दवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता और वैश्विक स्वास्थ्य समानता के लिए नियामक सामंजस्य के महत्व पर जोर देते हुए श्रीमती पटेल ने कहा कि भारत किफायती स्वास्थ्य सेवा समाधानों के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा है और ज्ञान-साझाकरण, क्षमता-निर्माण व स्वास्थ्य कूटनीति से अन्य देशों के साथ अपनी साझेदारी को गहरा करना करना चाहता है। उन्होंने जन औषधि केंद्र उल्लेख करते हुए कहा कि टीके उपलब्ध कराने की दिशा में भारत ने बहुत तेज प्रगति की है। भारत टीकों का अग्रणी आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के कुल टीकों में से 70 प्रतिशत भारत के होते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने 'वैक्सीन मैत्री' पहल शुरू की और एक सौ से अधिक मित्र देशों को टीके की आपूर्ति की।

### किसानों से 2225 रुपये कुंतल मक्का खरीदेगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से रबी फसल में पहली बार सीधे मक्का की खरीदने जा रही है। यह खरीद 15 जून से प्रारंभ हो गई है, जो 31 जुलाई तक चलेगी। अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि क्रय केंद्रों पर सुबह 9 से शाम छह बजे तक खरीद की जाएगी।

विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत किसानों से मक्का की खरीद 2225 रुपए प्रति कुंतल पर होगी। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों औरैया पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मक्का किसानों द्वारा की जा रही मक्का की खेती की जानकारी ली थी और उन्हें आश्वस्त किया था कि सरकार नियमित रूप से उनकी उन्नति व खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करना शीर्ष प्राथमिकता: मनोज सिन्हा

**जम्मू, वार्ता**



■ बहादुर जवानों और अधिकारियों पर गर्व महसूस करता हूं

जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि उन्हें जम्मू-कश्मीर पुलिस के बहादुर जवानों एवं अधिकारियों पर गर्व है और केन्द्र शासित प्रदेश से आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करना उनके प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है।

सिन्हा ने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर पुलिस के बहादुर जवानों और अधिकारियों पर गर्व महसूस करता हूं। पूरा देश हमारे पुलिस बल की पेशेवर क्षमता, सुरक्षा चुनौतियों का सफल प्रबंधन करने एवं आतंकवाद का कठोरता से मुकाबला करने के लिए इसे सम्मान के साथ देखता है। उप राज्यपाल उधमपुर स्थित शेर-ए-कश्मीर पुलिस अकादमी में पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) और प्रशिक्षु उप निरीक्षकों (पीएसआई) की पासिग आउट परेड कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुशल एवं समन्वित परेड 49 डीएसपी और 1,112 पीएसआई के जीवन में एक नई सुबह का संदेश देती है और मैं उनसे जम्मू-कश्मीर पुलिस के मूल्यों, परंपराओं एवं लोकाचार को बनाए रखने का आह्वान करता हूं। सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की धरती से आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करना हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के हमारे बहादुर जवानों को बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और खुफिया जानकारी, सामुदायिक जुड़ाव, प्रौद्योगिकी एवं अंतर-एजेंसी सहयोग की शक्ति का उपयोग करना चाहिए। उप राज्यपाल ने कहा कि हमारे प्राचीन मूल्य सत्य, न्याय, नैतिकता, कानून एवं सुशासन पर केंद्रित हैं और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा समाज में इनकी रक्षा और इन्हें बनाए रखने की आवश्यकता है।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार
अर्थ व्यापार

# चौतरफा लिवाली की बदौलत गिरावट से उबरा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार दो दिन की गिरावट से उबरकर सोमवार को शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचक. ांक सेंसेक्स 677.55 अंक अर्थात 0.84 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,796.15 अंक और एनएसई का निफ्टी 227.90 अंक यानी 0.92 प्रतिशत उछलकर 24946.50 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,105.22 अंक और स्मॉलकैप 0.38 प्रतिशत चढ़कर 53,573.31 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4253 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1976 में तेजी जबकि 2108 में गिरावट रही, वहीं 169 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 3021 कंपनियों के शेयरों में से 1483 में लिवाली जबकि 1448 बिकवाली हुई, वहीं 90 में टिकाव रहा। इज़राइल और ईरान के बीच जारी भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद, बाजार में तेजी देखने को मिली, जिसे प्रमुख रूप से लार्जकैप शेयरों में मजबूती ने सहारा दिया। अनिश्चित माहौल में भी निवेशकों ने दीर्घकालिक बुनियादी कारकों पर भरोसा बनाए रखा। मध्य पश्चिम में जारी तनाव निकट भविष्य में बाजार की धारणा को प्रभावित कर सकता है और किसी भी तरह के तनाव में ढील के संकेतों पर निवेशक करीबी नजर बनाए हुए हैं। स्मॉलकैप शेयरों के प्रदर्शन पर दबाव रहने की संभावना है, जिसका कारण उनके ऊंचे मूल्यांकन और तात्कालिक सकारात्मक कारकों की कमी है। क्षेत्रीय स्तर पर देखें, तो तेल और गैस समूह ने मजबूत लाभ दर्ज किए, जबकि आईटी समूह ने आगामी अमेरिकी फेडरल रिजर्व नीति बैठक की उम्मीद में बेहतर प्रदर्शन किया, जिससे ब्याज दरों की दिशा को लेकर अधिक स्पष्टता मिलने की उम्मीद है। इससे बीएसई के सभी 21 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.95, सीडी 0. 53, ऊर्जा 0.99, एफएमसीजी 0.48, वित्तीय सेवाएं 0.80, हेल्थकेयर 0.41, इंडस्ट्रियल्स 0.74, आईटी 1.50, दूरसंचार 0.94, यूटिलिटीज 0.51, ऑटो 0.10, बैंकिग 0.74, कैपिटल गुड्स 0.82, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.05, धातु 0.91, तेल एवं गैस 1.13, पावर 0.62, रियल्टी 0.92, टेक 1.33, सर्विसेज 0.70 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.52 प्रतिशत उछल गए।

### सी-डॉट ने 'समर्थ' के 17 स्टार्टअप को दिया अनुदान

**नई दिल्ली।** सी-डॉट ने 'समर्थ' कार्यक्रम के पहले समूह में चयनित 18 स्टार्टअप को अनुदान दिया है। समर्थ दूरसंचार और आईसीटी क्षेत्र में स्टार्टअप के लिए एक अत्याधुनिक इनक्यूबेशन कार्यक्रम है। इन स्टार्टअप को वित्तीय अनुदान, पूरी तरह से सुसज्जित कार्यालय स्थान और दिल्ली तथा बेंगलुरु परिसरों में सी-डॉट की प्रयोगशाला सुविधाओं तक पहुंच प्रदान की जाती है। कार्यक्रम को शुरू करने के लिए सी-डॉट ने यहां अपने परिसर में 'समर्थ' इनक्यूबेशन कार्यक्रम के पहले समूह के लिए एक मेंटरिग- कम-एक्सेलेरेशन सत्र का आयोजन किया।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में उबाल आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 176 रिंगिट उबलकर 4101 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.73 सेंट की तेजी के साथ 53.34 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5700-5900, दाल चना 6700- 6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इजरायल-ईरान...**

ईरानी सेना ने सेंट्रल इजरायल में कई जगहों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं। पिछले 4 दिनों के दौरान इजरायल में ईरान का यह सबसे बड़ा हमला है। ईरानी हमलों से इजरायल में अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं। वहीं ईरान पर इजरायल के तीन हमलों में 73 महिलाएं और 20 बच्चे मारे गए हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने यह जानकारी दी है। श्री बाघई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि तेहरान में हाल ही में हुए तीन हमलों में 73 महिलाएं और बच्चे मारे गए। चमरान आवासीय परिसर में 20 बच्चे मारे गए, 48 घंटे बाद भी 10 मलबे में फंसे हुए हैं। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक दिन पहले कहा कि इस्लामिक गणराज्य के क्षेत्र पर इजरायली हमलों की शुरुआत के तीन दिन से भी कम समय में ईरान में लगभग 1,500 लोग घायल हो गए थे, जिनमें से 220 की मौत हो गई थी। केरमानपुर के अनुसार 90 प्रतिशत से अधिक पीड़ित नागरिक थे।

**आतंकवाद के...**

दोनों देशों के बीच गहरी और स्थायी मित्रता की पुष्टि करती है। यह यात्रा न केवल एक साझा इतिहास का जश्न मनाती है, बल्कि एक दूरदर्शी साझीदारी का भी जश्न मनाती है, जो एक संयुक्त रणनीतिक दृष्टि और आपसी विश्वास और सम्मान में निहित है। घोषणापत्र के अनुसार दोनों नेताओं ने साइप्रस और भारत के बीच बढ़ते व्यापक सहयोग और गहराई को रेखांकित करते हुए द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने आर्थिक, तकनीकी और लोगों के बीच संबंधों में हाल की प्रगति का स्वागत किया, जो संबंधों की गतिशील और विकसित प्रकृति को दर्शाती है। अपने मूल्यों, हितों, अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण और दृष्टिकोण के बढ़ते संरेखण को स्वीकार करते हुए दोनों पक्षों ने प्रमुख क्षेत्रों में इस साझीदारी को और आगे बढ़ाने के लिए अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। साइप्रस और भारत क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, समृद्धि और स्थिरता में योगदान देने वाले विश्वसनीय और अपरिहार्य भागीदारों के रूप में अपने सहयोग को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। घोषणापत्र में साझा मूल्यों और वैश्विक प्रतिबद्धताओं के बारे में दोनों नेताओं ने शांति, लोकतंत्र, कानून के शासन, प्रभावी बहुपक्षवाद और सतत विकास के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून पर आधारित नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की, जिसमें नौवहन की स्वतंत्रता और संप्रभु समुद्री अधिकारों के संबंध में समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) पर विशेष जोर दिया गया। दोनों नेताओं ने सभी राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए अपने अटूट समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने मध्य पूर्व की स्थिति और यूक्रेन में युद्ध सहित अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। दोनों नेताओं ने परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में शामिल होने के भारत के मूल्य को मान्यता देते हुए वैश्विक अप्रसार संरचना को बनाए रखने के महत्व पर भी चर्चा की।

# पिता के अपमान पर बेटी ने तानी पेट्रोल पम्प कर्मी पर रिवाल्वर

■ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके युवती और उसके पिता को हिरासत में लिया, रिवाल्वर बरामद

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के बिलग्राम क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप पर काम करने वाले सेल्समैन के पर एक युवती द्वारा सीने पर रिवाल्वर लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सेल्समैन की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके युवती और उसके पिता को हिरासत में लेकर रिवाल्वर को कब्जे में लिया है और अग्रिम कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

मामला कार में सीएनजी डालने को लेकर तब हुआ, जब सेल्समैन ने कार में बैठे लोगों से कार के बाहर आने को कहा इसी बात को लेकर कार में बैठे लोगों और सेल्समेन के बीच विवाद हुआ जिसके बाद युवती ने विवाद के दौरान सेल्समैन के सीने पर पिस्टल लगा दी। पुलिस ने इस मामले का वीडियो वायरल होने और सेल्समैन की तहरीर पर मामला दर्ज करके विधिक कारवाई करने में जुटी है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि बिलग्राम कोतवाली इलाके के सांडी रोड पर स्थित हाईवे फ्यूल सेंटर का है। रविवार शाम 6 बजे का शाहबाद कोतवाली इलाके के रहने वाले एहसान खान उनकी बेटी सुरीश खान उर्फ अरीबा और पत्नी हुस्नबानो इस पेट्रोल पंप पर सीएनजी डलवाने आए थे। सीएनजी डलवाने के दौरान सेल्समेन रजनीश कुमार ने उनसे गाड़ी से उतरने को कहा, लेकिन जब वह लोग नहीं उतरे, तो उसने उन्हें खतरे से आगाह करते हुए बिना उतरे कार में सीएनजी डालने से मना कर दिया। सेल्समैन के मुताबिक इसी बात को लेकर कार सवार एहसान खान उससे भीड़ गए और अभद्र भाषा में बोलने लगे इसका उसे विरोध किया, तो एहसान खान की बेटी कार से रिवाल्वर उठा लाई और उसने सेल्समैन के सीने पर लगाकर जान से मारने की धमकी दी। पेट्रोल पंप पर मौजूद लोगों ने किसी तरह मामला शांत कराया। युवती द्वारा सेल्समैन के रिवाल्वर लगाने का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस ने सेल्समैन की तहरीर पर एहसान खान उनकी पुत्री और पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज करके पिता पुत्री को हिरासत में लेकर रिवाल्वर बरामद कर ली है पुलिस फिलहाल पूरे मामले में अग्रिम कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गोकशी की सूचना निकली झूठी

## सिवाल गंगनहर पुल के समीप पड़े हुए थे मृत पशुओं के अवशेष, हिंदू संगठनों ने जमकर किया हंगामा

■ अध्यक्ष व ईओ पूजा सिंह बोलीं सीसीटीवी से की जाएगी निगरानी, लगेंगी लाइट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवाल खास।** जानी क्षेत्र के सिवाल गंगनहर पुल के समीप फेंके जाने वाले मृत पशुओं के अवशेष को लेकर हिंदू संगठनों ने जमकर हंगामा किया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि और अधिकारी से बातचीत करते हुए उक्त स्थान की बाउंड्री के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि सिवाल गंगनहर के समीप पिछले काफी समय से नियमानुसार ठेका छोड़ते हुए मुर्दा पशु इकट्ठा किए जाते हैं जिसके कारण वहां गंदगी पसर रही है और दूर तक बदबू जाती है। रविवार की देर रात हिन्दू संगठनों ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए हंगामा किया। हिन्दू संगठनों ने मांग उठाते हुए कहा कि आने वाले समय में कांवड़ यात्रा शुरू होने वाली है और इस बदबू के कारण शिवभक्तों का कांवड़ मार्ग से गुजरना दूभर रहेगा। हिन्दू संगठन के लोगों ने लिखित तहरीर देकर इसे हटवाए जाने की मांग की। सोमवार की सुबह एडीएम (ई), एसपी देहात, सीओ सरधना ने सिवाल खास चेयरपर्सन पति गुलजार चौहान, अधिशासी अधिकारी पूजा सिंह को साथ लेकर उक्त स्थल का निरीक्षण किया। एडीएम ने मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार और लेखपाल से नगर पंचायत सिवाल का नक्शा देखा। जिसके बाद पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी को उक्त स्थल की बाउंड्री कराने के निर्देश दिए। मृत पशुओं की आड़ में गोकशी के आरोप को खारिज करते हुए चेयरपर्सन पति ने बाउंड्री के साथ साथ सीसीटीवी और लाइट लगवाए जाने की बात कही। इस दौरान नगर पंचायत सिवाल खास के वरिष्ठ लिपिक मौहम्मद उसमान भी मौजूद रहे।



देर रात हंगामा करते हिंदू संगठन के लोग व मौके पर पहुंचे अधिकारीगण।

# ऑनलाइन गेमिंग में कमाई का झांसा देकर ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

■ लिसाड़ी गेट पुलिस व स्वॉट टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट पुलिस और स्वॉट टीम ने ऑनलाइन गेमिंग में कमाई के नाम पर लोगों के खाते बैंक में खुलवाकर उन्हें चूना लगाने वाले चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से भारी मात्रा में एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेक बुक और 50 हजार का कैश बरामद किया गया है। बदमाशों के कुछ साथी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीमों को लगाया गया है।

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि लिसाड़ी गेट पुलिस और स्वॉट टीम ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनमें लक्कीपुरा निवासी वकार, करीमनगर निवासी शाहरुख, अहमदनगर निवासी मोनू और समीर शामिल हैं। बदमाशों के पास से 36 एटीएम कार्ड, 27 बैंक पासबुक, 16 सिम कार्ड, तीन चेक बुक, 10 मोबाइल और 50 हजार कैश बरामद किया गया है। बदमाशों के इस गैंग का सरगना वकार है। जो लोगों को ऑनलाइन गेम में कमाई का झांसा देकर उनकी आईडी पर मोबाइल का सिम कार्ड खरीदता था। इस सिम कार्ड का मोबाइल नंबर उक्त लोगों के बैंक अकाउंट से लिंक कराया जाता था। जिसकी एवज में संबंधित व्यक्ति को 2500 की रकम दी जाती थी। जिसके चलते उसे विश्वास हो जाता था कि ऑनलाइन गेमिंग में कमाई करके जल्द ही उसकी किस्मत बदलने वाली है। मगर वकार बाद में इन मोबाइल सिम को शाहरुख को बेच डालता था। शाहरुख इन सिम कार्ड को समीर और मोनू को बेचता था। समीर और मोनू इन सिम कार्ड को गेन में डालकर उन पर ऑनलाइन पेमेंट ऐप इंस्टॉल करते थे। बाद में पेट्रोल पंप और एटीएम पर जाकर कैश निकाल कर उक्त लोगों के बैंक खातों को खाली कर देते थे। आरोपियों के इस गैंग में कई अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं। जिनकी तलाश में पुलिस टीमों को लगाया गया है।

# कमिश्नरी चौक पर छात्रा के साथ हुई लूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र का वीआईपी इलाका इन दिनों बदमाशों के निशाने पर है। अब तक रात में पुलिस को श्पछाड़नेश वाले बदमाश बेखौफ होकर दिन में भी सड़क पर उतर आए हैं। सोमवार को बाइक सवार बदमाश ने कमिश्नरी ऑफिस के पास एक छात्रा से मोबाइल लूट लिया और फरार हो गया। पीड़िता ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

किला रोड के एक गांव की रहने वाली खुशी पुत्री योगेंद्र ने बताया कि सोमवार को वह एक फॉर्म भरने के लिए मेरठ कॉलेज के पास स्थित साइबर कैफे गई थी। दोपहर को खुशी बस पकड़ने के लिए पैदल ही मवाना स्टैंड की तरफ जा रही थी। इसी दौरान स्टेडियम के बराबर वाली गली में पीछे से आए बाइक सवार बदमाश ने खुशी का मोबाइल लूट लिया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद बदहवास छात्रा थाने पहुंची और अज्ञात बदमाश के खिलाफ तहरीर दी है। बताते चलें कि घटनास्थल से कुछ दूरी पर कमिश्नरी कार्यालय, एसएसपी कार्यालय, कलेक्ट्रेट और तमाम वीआईपी ऑफिस और अधिकारियों के आवास हैं। इसके बावजूद बदमाश दिन-दहाड़े छात्रा का मोबाइल लूटकर आराम से फरार हो गया।

# जांबिया की कंपनी पहुंची कृषि विवि, छात्रों का किया प्लेसमेंट

■ पहली बार प्लेसमेंट के लिए आई विदेशी कम्पनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कुलपति डॉक्टर के के सिंह के दिशा निर्देशन में प्लेसमेंट ड्राइव चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जांबिया देश की मानस शुगर लिमिटेड कंपनी के एचडी राजेश कुमार कौशल ने एमएससी तथा पीएचडी के छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया।

मानस शुगर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जांबिया में कंपनी के द्वारा बड़े पैमाने पर गन्ना उत्पादन कर चीनी उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है वहां पर प्रति एकड़ उत्पादन काफी अच्छा प्राप्त होता है और चीनी की रिकवरी भी 12.5 तक की जाती है वहां पर गन्ने की फसल 12 माह में तैयार हो जाती है। उन्होंने बताया कि साउथ अफ्रीका में गन्ने की एन 41 एन25 और एन53 प्रजातियां अच्छा उत्पादन देती है, यहां पर साक्षात्कार में एमएससी तथा पीएचडी के आठ छात्राओं का चयन किया है। इनका दूसरे राउंड का इंटरव्यू होने के बाद इन सभी छात्रों को साउथ अफ्रीका जिंबॉब्वे मानस शुगर लिमिटेड में कार्य करने के लिए अच्छे पैकेज पर बुलाया जाएगा। कृषि विश्वविद्यालय के इतिहास में कोई विदेशी कंपनी आकर छात्रों का चयन कर रही है इससे छात्रों में काफी खुशी की लहर है और उनको विदेश में कार्य करने का मौका मिल रहा है इसके लिए वह काफी अति उत्साहित हैं। निदेशक ट्रेनिंग प्लेसमेंट प्रोफेसर आर एस सेंगर ने बताया निदेशालय द्वारा छात्रों के अधिक से अधिक प्लेसमेंट हो सके इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों का अधिक से अधिक प्लेसमेंट हो सके इसका प्रयास लगातार अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।



# अब्बासी समाज को नौकरी दिलाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अब्बासी समाज के पदाधिकारी सोमवार को नगर निगम पहुंच कर एक ज्ञापन नगर आयुक्त को सौंपा। जिसमें समाज के लोगों के लिए नगर निगम, नगर पालिका नगर पंचायत में नौकरी की मांग की गई है। चौ. अबरार अहमद अब्बासी ने बताया कि मुलायम सिंह सरकार में भिश्ती समाज की नौकरियों पर बैन लगा दिया था जो नौकरी आज तक बहाल नहीं की गयी। उत्तर प्रदेश में अब्बासी भिश्ती समाज के नौजवान पढ़े लिखे बेरोजगार हैं। उन्होंने कहा कि हम पार्षदों से भी मांग करते हैं कि हमारे इस प्रस्ताव को कार्यकारिणी व बोर्ड की मीटिंग में पास करके शासन को भेजे। अब्बासी समाज के बेरोजगार युवाओं को चपरासी, बाबू, चौकीदार, टयूबवैल व अन्य पदों पर रखवाये जाए। इस दौरान हाजी नोशेर, ग्यासुद्दीन उप सरपंच, पूर्व पार्षद शहजाद अब्बासी, हाजी मैराज सदर, अमीरूद्दीन उर्फ पप्पू, अनवार चौधरी, उमर इंजीनियर आदि रहे।

# जेल से छूटते ही युवक पर किया जानलेवा हमला, आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार की रात कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में एक युवक तमंचा लेकर अपने रिश्तेदार के घर आ धमका। पहले तो आरोपी ने तमंचा दिखाकर रिश्तेदार को धमकी दी। इसके बाद चाकू से ताबड़तोड़ वार करके उसे लहूलुहान कर दिया। घायल की पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने देर रात आरोपी को कंकरखेड़ा क्षेत्र में घेर लिया। इस दौरान हुई फायरिंग में पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। सीओ दौराला ने बताया कि आरोपी के खिलाफ लगभग डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। हाल ही में वह खतौली थाना क्षेत्र में हुई एक हत्या के मामले में जमानत पर रिहा हुआ था।

दरअसल, मूल रूप से मुजफ्फरनगर के खतौली क्षेत्र का रहने वाला राहुल इन दिनों परिवार के साथ कंकरखेड़ा क्षेत्र की तुलसी कॉलोनी में रह रहा है। राहुल की पत्नी कल्पना का आरोप है कि रविवार की रात करीब 9:30 बजे तुलसी कॉलोनी का रहने वाला उनके रिश्तेदार गौरव सिरोही कल्पना के घर पर आया। गौरव ने आते ही कल्पना के पति राहुल पर तमंचा तानकर उसे जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी। इस बीच कल्पना ने बीच-बचाव किया तो गौरव ने चाकू से राहुल पर हमला कर दिया। हमले में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस द्वारा घायल राहुल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं, कल्पना ने आरोपी के खिलाफ कंकरखेड़ा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। सीओ दौराला ने बताया कि आरोपी की तलाश में पुलिस की दो टीमों को लगाया गया था। इसी बीच देर रात एलआईसी कट के पास आरोपी गौरव का पुलिस से आमना-सामना हो गया। पुलिस को देखते ही गौरव ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से गौरव घायल हो गया। आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि गौरव पर लगभग डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। हाल ही में गौरव खतौली में हुई हत्या के एक मामले में जेल से जमानत पर रिहा हुआ था। आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ईरान में फंसे लोगों को वापस लाने की मांग

■ सैय्यद मौ. जामिन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ईरान और इजराइल में हो रहे युद्ध के कारण ईरान में फंसे हुए भारत के नागरिकों को वापस भारत लाने के सम्बन्ध में डीएम ज्ञापन सौंपा गया।

सैय्यद मौ. जामिन पुत्र जाफर हुसैन निवासी ग्राम ईसापुर थाना किठौर ने बताया कि बताया कि ईरान और इजराइल में हो रहे भीषण युद्ध के कारण भारत के काफी नागरिक ईरान में फंसे हुए हैं जिनकी जान को खतरा बना हुआ है और वह वहां पर परेशान हो रहे हैं। इस कारण भारत के प्रधानमंत्री से निवेदन है कि ईरान की सरकार से सम्पर्क कर भारत के नागरिकों को वापस लाने का प्रयास किया जाये। जिससे कि भारत के सभी नागरिक जो ईरान में फंसे हुए हैं। उन्हें भारत सुरक्षित लगाया जाये। जिसमें मेरठ के निवासी ग्राम ईसापुर के एडवोकेट सैय्यद मौ. जामिन के भाई सैय्यद मौ. आलिम व उनकी पत्नी ऐलिया बतूल व मामा सैय्यद सफदर रजा जो 22 मई को ईरान जियारत करने के लिये गये थे। 13 जून को वापस भारत लौटना था, लेकिन इसी बीच इजराइल और ईरान में युद्ध प्रारम्भ हो गया और उनकी फ्लाइट कैंसिल हो गई। इस कारण भारत सरकार व भारत के प्रधानमंत्री से निवेदन है कि ईरान में फंसे हुए सभी नागरिको को सुरक्षित भारत लाने की व्यवस्था की जाए।

# पुलिसकर्मियों के निलंबन से दिखा खाकी में डर, पकड़े गोकश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भावनपुर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही गोकशी के मामले में कप्तान द्वारा चौकी के तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किए जाने के बाद पुलिसकर्मियों में खौफ बना हुआ है। गोकशों की तलाश में सघन अभियान चला रही पुलिस ने देर रात एक गोकश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से गोकश घायल हुआ। बदमाश के पास से हथियार और गोकशी के औजार बरामद किए गए हैं।

एसपी देहात राकेश मिश्र ने बताया कि देर रात भावनपुर पुलिस और स्वॉट टीम को सूचना मिली कि कुछ बदमाश किनानगर-लडपुरा मार्ग स्थित जंगल में गोकशी की फिराक में जमा हुए हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने बदमाशों की घेराबंदी कर ली। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुआ जबकि उसके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घायल बदमाश ने अपना नाम कायस्थ बड्ढा निवासी यामीन उर्फ टूचा बताया। बदमाश के पास से तमंचा-कारतूस और गोकशी के औजार व पशुओं को बेहोश करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले इंजेक्शन आदि बरामद हुए। यामीन ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ ग्रामीण इलाकों में घूम कर निराश्रित गोवंश को ढूंढता था। इसके बाद आरोपी बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर गोवंश को बेहोश कर देते थे और गोकशी करके मांस को बाजार में बेच देते थे। एसपी देहात ने बताया कि घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं, उसके फरार साथियों की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि हाल ही में भावनपुर थाना क्षेत्र में लगातार गोकशी की तीन घटनाएं हुईं। जिससे नाराज एसएसपी विपिन ताडा ने हसनपुर चौकी प्रभारी रंजीत सिंह, दरोगा अवनीश और कांस्टेबल रोहित को सस्पेंड कर दिया था। गोकशी के मामले में तीन पुलिसकर्मियों के निलंबन के बाद थाने के पुलिसकर्मियों में कप्तान का खौफ था।

# श्री वेंकटेश्वरा के 22 छात्रों का दिल्ली की कंपनी में चयन

■ डॉ. राजीव त्यागी ने चयनित होने वाले छात्रों को दी बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में दिल्ली स्थित देश की प्रतिष्ठित शिपिंग एवं लॉजिस्टिक कम्पनी साइरो लॉजिस्टिक प्रा. लि. द्वारा कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राईव-2025 का आयोजन किया गया, जिसमें परिसर के 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तीन राउंड के कठिन साक्षात्कार के बाद कम्पनी ने 22 छात्र-छात्राओं को जॉब के लिए चयनित कर संस्थान प्रबंधन के साथ मिलकर उनको ऑफर लेटर प्रदान किये।

वेंक्टेश्वरा समूह संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थापक सुधीर गिरि ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कौशल विकास के द्वारा वेंक्टेश्वरा के छात्र-छात्राऐं देश-विदेश में सफलता का परचम लहरा रहे है। हम अपने यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओं को शानदार, सुरक्षित एवं स्थायी कैरियर देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के डॉ. सीवी रमन सभागार में कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राईव-2025 का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कम्पनी के एचआर, प्रबन्धक विवेक सिंह, बिजनेस डेब्लपमेंट ऑफिसर नितेश शाँडिल्य आदि ने सरस्वती माँ के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि वैश्विक मंदी एवं कोरोना महामारी के बाद भी देश के स्किल्ड युवाओ विशेष रूप से प्रबन्धन, वाणिज्य सेक्टर में ढेरो रोजगार संभावनाएं है। प्रधानमंत्री के स्किल इण्डिया-डिजीटल इण्डिया जैसी कल्याणकारी शानदार योजनाओं से प्रेरणा लेकर देश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। हम अपने यहाँ अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को एक सुरक्षित कैरियर देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे यहाँ प्रबन्धन एवं बिजिनेस स्टडीज के छात्र-छात्राऐं देश विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, डॉ. पीयूष पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. सर्वानन्द साहू, डॉ. अनिल जायसवाल, डॉ. सुमन, डॉ. एलएस रावत, सलाहकार आरएस शर्मा, डॉ. अंजलि भारद्वाज, डॉ. स्नेहलता, एचआर हेड कुलदीप सिंह, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. ओमप्रकाश गोसाई, मारूफ चौधरी, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप सिंह, अरूण गोस्वामी, एसएस बघेल, डॉ. विवेक सचान, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत ने खसरा संख्या 92 की भूमि कराई कब्जामुक्त

## एपीजे अब्दुल कलाम के नाम से धर्मशाला का इस भूमि पर होगा निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के मोहल्ला सड़कवाला में नगर पंचायत की भूमि खसरा संख्या 92 उच्चाधिकारियों के आदेश पर सोमवार को पुलिस की मौजूदगी में कब्जा मुक्त कराया। जिसमें एपीजे अब्दुल कलाम के नाम से धर्मशाला का निर्माण कराया जाना है। यह जानकारी देते हुए नगर पंचायत के चेयरमैन सचिन सुकड़ी ने बताया कि सोमवार को उच्चधिकारियों के आदेश पर खसरा संख्या 92 की जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है। जिसमें भारी पुलिस एवं नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि इस जमीन को खाली कराकर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम से धर्मशाला का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से सभासद राजू राठी, सभासद अरुण जाटव, सभासद दीपक गुर्जर, विष्णु कुमार, सभासद पति सचिन कश्यप, सभासद वीरेंद्र नागर, सभासद पति सूरजपाल सैकड़ो लोग शामिल थे।




## बिजली दरों में 45 प्रतिशत प्रस्तावित वृद्धि का विरोध करेगी कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन शर्मा व कांग्रेस प्रवक्ता हरिकिशन अंबेडकर ने कहा कि कांग्रेस घरेलू बिजली दरों में 45 प्रतिशत प्रस्तावित वृद्धि का विरोध करेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने बिजली दरों पर सुनवाई के बीच विद्युत नियामक आयोग में बिजली दरों में करीब 30 प्रतिशत वृद्धि का जो प्रस्ताव दाखिल किया है, वह जनता कि कमर तोड़ने वाला कदम है। 35 से 45 प्रतिशत तक वृद्धि ग्रामीण व शहरी घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरों में प्रस्तावित की गई है जबकि पावर कारपोरेशन ने निजीकरण पर नियामक आयोग का अभिमत हासिल करने का प्रस्ताव भी आयोग में दाखिल कर दिया है, ऐसे में यह प्रस्तावित वृद्धि अपने व्यापारी को फायदा पहुंचाने का सरकार का रास्ता हैं।

# फलावदा में विद्युत कटौती को लेकर ऊर्जा मंत्री से मिले लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** नगर में विद्युत कटौती को लेकर पिछले कई दिनों से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर सोमवार को भाजपा नेता विवेक कुमार सैनी के नेतृत्व में छह सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेन्द्र तोमर से मेरठ स्थित उनके कार्यालय पर पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री सोमेंद्र तोमर को विद्युत कटौती की समस्या के निस्तारण को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि नगर में बिजली आपूर्ति की बदहाल ठप हो गई है। बार-बार विद्युत लाइनों में फाल्ट होने के कारण कस्बे को मंत्र दिन-रात मिलाकर 6 घंटे ही आपूर्ति मिल रही है जिससे लोगों के रोजगार बंद होने के कगार पर पहुंच गए जिससे लोगों को बहुत भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है आदि विद्युत समस्याओं से अवगत कराया।

मंत्री सोमेन्द्र तोमर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत ई-एक्शन मवाना के अधिकारियों से फोन पर बात की और सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगरवासियों को बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



# एमआईटी में छह दिवसीय अटल एफडीपी का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एमआईटी में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एआईसीटीई द्वारा प्रायोजित छह दिवसीय अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एफडीपी का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का केंद्रीय विषय कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग में प्रगति रहा। उद्घाटन सत्र में संस्थान के निदेशक डॉ. के.एल.ए. खान, प्राचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, फार्मेसी संकाय के प्राचार्य डॉ. नीरज कांत शर्मा एवं कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मंच संचालन शुमैला हुसैन एवं प्रिया चौधरी ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत एडोबी के वरिष्ठ प्रबंधक विदित भाटिया के तकनीकी व्याख्यान से हुई। उन्होंने जनरेटिव एआई की सहायता से असंरचित डेटा हेतु आरएजी मॉडल का निर्माण विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी साझा की। उनके व्याख्यान ने प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से परिचित कराया और विषय की गहन समझ प्रदान की। एफडीपी में दिल्ली-एनसीआर सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों से आए लगभग 50 फैकल्टी सदस्यों ने सहभागिता की। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन विष्णु अग्रवाल, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, निदेशक एवं प्राचार्य ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों की अकादमिक और शोध क्षमताओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह के आयोजन नियमित रूप से किए जाएंगे। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. मुकेश रावत एवं सह-समन्वय डॉ. पंकज शर्मा द्वारा किया गया। वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज प्रत्येक क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। उन्होंने कहा कि एफडीपी जैसे प्लेटफॉर्म्स से नवाचार, अनुसंधान और आपसी सहयोग की संस्कृति को बल मिलता है, जो देश के तकनीकी विकास में सहायक सिद्ध होगा। एफडीपी के आगामी सत्रों में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। इनमें गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय से डॉ. मयंक अग्रवाल, टेलीज डिजिटल नोएडा के प्रोजेक्ट मैनेजर अवनीश कुमार, दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. दिलीप सेनापति, एनआईईटी ग्रेटर नोएडा के डायरेक्टर (अकादमिक्स) डॉ. अनिल अहलावत तथा आईबीएम इनोवेटिव सेंटर के प्रोग्राम लीड मणि मधुकर शामिल हैं।



# एंबुलेंस से बिहार में शराब तस्करी की प्लानिंग फेल, बाप-बेटे समेत तीन धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 'एम्बुलेंस' जिसे चिकित्सा के क्षेत्र में जीवन दायनी के नाम से भी जाना जाता है। यही एम्बुलेंस अब शराब तस्करों के लिए कमाई का जरिया बन गई है। ऐसे ही एक खेल का खुलासा करते हुए पुलिस ने बाप-बेटों सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है जो गाजियाबाद से एंबुलेंस चुराकर उसमें शराब भरकर हरियाणा से बिहार में शराब स्मगलिंग की तैयारी कर रहे थे।

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि एक दिन पहले गाजियाबाद जिले के सिंहानी गेट थाना क्षेत्र से बदमाशों ने एक एंबुलेंस चोरी कर ली थी। जिसका मुकदमा सिंहानी गेट थाने में दर्ज हुआ था। रविवार को लोहिया नगर पुलिस को सूचना मिली कि घोसीपुरा तिराहे के पास चोरी की एंबुलेंस में डेंटिंग पेंटिंग का काम चल रहा है। जानकारी के बाद पुलिस ने मौके पर रेड करते हुए आगरा के नेहरौली गांव निवासी विनोद और उसके बेटे प्रताप सहित गाड़ी की डेंटिंग-पेंटिंग कर रहे मैकेनिक मुंडाली के कुढला गांव निवासी फरमान को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से तमंचे और कारतूस भी बरामद हुए। पूछताछ के दौरान विनोद और प्रताप ने बताया कि वह काफी समय से हरियाणा से शराब लाकर बिहार में स्मगलिंग करते थे। क्योंकि एंबुलेंस की कहीं चेकिंग नहीं होती। इसलिए दोनों बाप-बेटों ने एंबुलेंस के जरिए बिहार में शराब स्मगलिंग की प्लानिंग की। योजना के तहत दोनों बाप-बेटे ने एक दिन पहले गाजियाबाद से एंबुलेंस चोरी की। जिसकी नंबर प्लेट आदि बदलवाने के लिए वह फरमान के पास आए थे। एसपी सिटी ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेजा जा रहा है।



पुलिस लाईन में पत्रकारों को जानकारी देते एसपी सिटी।

# शोभित विवि में सिक्योर द सिस्टम साइबर सुरक्षा कार्यशाला का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी मानित विश्वविद्यालय, मेरठ के स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग द्वारा सिक्योर द सिस्टम साइबर सुरक्षा कार्यशाला काली लिनक्स शीर्षक से एक 15-दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को काली लिनक्स के माध्यम से साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक पक्ष से परिचित कराना है। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक प्राध्यापक मिस निमरा मिर्जा के द्वारा प्रतिभागियों के स्वागत एवं कार्यशाला की रूपरेखा से हुई। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में छात्र काली लिनक्स के बुनियादी कमांड्स, नेटवर्क स्कैनिंग, डिजिटल एविडेंस संग्रहण, फोरेंसिक टूल्स, तथा एक मिनी प्रोजेक्ट के माध्यम से रियल-टाइम साइबर सुरक्षा कौशल विकसित करेंगे।

इस अवसर पर शोभित विवि के कुलपति प्रो. डॉ. विनोद त्यागी ने भी छात्रों को प्रेरक शब्दों के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा न केवल आईटी का हिस्सा है, बल्कि यह हमारे जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय बन चुका है। विद्यार्थियों को ऐसे कौशलों में निपुण होना समय की मांग है। यह कार्यशाला इसी दिशा में एक उत्कृष्ट कदम है। डॉ. विनोद त्यागी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें तकनीकी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग की निदेशक प्रो. डॉ. निधि त्यागी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्हें प्रेरित करते हुए कहा साइबर सुरक्षा सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि आज की सबसे जरूरी जिम्मेदारी बन चुकी है। इस कार्यशाला के माध्यम से आप सभी डिजिटल युग के रक्षक बन सकते हैं। डॉ. त्यागी ने छात्रों को भविष्य में साइबर एक्सपर्ट बनने हेतु प्रोत्साहित किया और कहा कि शोभित विवि विद्यार्थियों को हर स्तर पर व्यावहारिक व तकनीकी दक्षता देने हेतु प्रयासरत है। कार्यशाला के पहले दिन छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अत्यधिक उत्साह के साथ सत्र में हिस्सा लिया। ऑनलाइन मोड में आयोजित इस कार्यशाला में छात्रों ने काली लिनक्स के टर्मिनल को लाइव डेमो के साथ सीखा। सभी ने उनकी प्रशंसा की।

# तीन अगस्त को होगा बहसूमा में ब्राह्मण महाकुंभ, दिग्गज रहेंगे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** तीन अगस्त को होने वाले पितामह भीष्म की नगरी बहसूमा में होने वाला ब्राह्मण महाकुंभ के लिए ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी वरिष्ठ नेताओं एवं राज्यपाल अन्य लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं।

जिसमें अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा र के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने नोएडा में जाकर डीजीपी एवं राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र को इस महाकुंभ में आमंत्रित करने का नियोता दिया। ब्राह्मण समाज मेरठ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि 3 अगस्त को नगर में ब्राह्मण समाज का एक महाकुंभ होने जा रहा है। जिसमें ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ समाजसेवी, नेतागण, एवं वरिष्ठ अधिकारी इस कार्यक्रम में आएंगे। जिनका सह सम्मान स्वागत किया जाएगा। यह कार्यक्रम नगर में विशाल बनकर रहेगा। इस मौके पर पंकज भारद्वाज, अजय शर्मा, जितेंद्र शर्मा, अनुज शर्मा, बिजेंद्र शर्मा, आशुतोष शर्मा, प्रदीप शर्मा, सरवन कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।



## रजवाहे की पटरी टूटने से किसानों के खेतों में भरा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर सकिश्त के जंगल में अपर चुड़ियाला रजवाहे की पटरी टूटने से किसानों के खेत जलमग्न हो गये। जिसमें किसानों ने बड़ी मशक्कत करते हुए पटरी पर मिट्टी डालकर पानी बंद कराया। किसान नेता उदयवीर सिंह, सिद्धार्थ सिंह, संजीव कुमार, पप्पू, सुधीर कुमार के खेतों में पानी लबालब भर गया। किसान नेता उदयवीर सिंह ने पतरोल बिजेंद्र सिंह को फोन कर मामले की जानकारी दी। तभी कर्मचारी मौके पर पहुंचे जिसमें किसानों एवं कर्मचारियों ने मिलकर रजवाहे की पटरी पर मिट्टी डालकर पानी को बंद कराया। यदि समय रहते फोन नहीं किया जाता तो रजवाहे की पटरी भी टूट जाती और किसानो की खून पसीने की सीची हुई फसल बर्बाद हो जाती।

# राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश की ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश द्वारा कलाकारों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग तथा संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला का भव्य शुभारंभ किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के मार्गदर्शन में चित्रकार प्रो. अलका तिवारी की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें विभाग के शिक्षकगण एवं प्रतिभागी कलाकारों ने सहभागिता की। इस अवसर पर



अकादमी के अध्यक्ष डॉ. सुनील विश्वकर्मा एवं उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र ने ऑनलाइन माध्यम से कार्यशाला की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि राज्य ललित कला अकादमी ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के कलाकारों की प्रतिभा को मंच देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सतत् प्रयासरत है। यह कार्यशाला निश्चित रूप से प्रतिभागियों के कौशल विकास के साथ उन्हें भविष्य में स्वावलंबी बनाने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यशाला में वरिष्ठ कलाकार एवं अकादमी सदस्य डॉ. दुर्जन राणा ने प्रतिभागियों को विभिन्न कलात्मक विधाओं की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया। प्रो. अलका तिवारी ने जानकारी दी कि कार्यशाला में मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मोदीनगर, गढ़मुक्तेश्वर, बागपत, बड़ौत सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और कस्बों से बड़ी संख्या में युवाओं ने पंजीकरण कराया है। कार्यशाला के दौरान 16 जून से 5 जुलाई तक मूर्तिकला, चित्रकला, स्थापत्य कला, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा लोक कलाओं जैसे मधुबनी, वर्ली, पेपर मेशी, ब्लॉक प्रिंटिंग आदि का प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। चित्रकार मनीष और शिवानी ने प्रतिभागियों को लीपन आर्ट की तकनीक से परिचित कराया, जिस पर प्रतिभागी दो दिन तक अभ्यास करेंगे। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. पूर्णिमा वशिष्ठ, डॉ. शालिनी, डॉ. रीता सिंह, खालिद, विष्णु, शिल्पी और शालिनी त्यागी का विशेष योगदान रहा।

# किसानों का तहसील में धरना, सौंपा ज्ञापन

## किसानों ने स्मार्ट मीटर का विरोध कर सड़क निर्माण कराने की उठाई आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष राजनीतिक के प्रदेश अध्यक्ष पवन गुर्जर के नेतृत्व में किसानों ने सोमवार को समस्याओं को लेकर सदर तहसील में धरना दिया। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि स्मार्ट मीटर लगाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए बिजली कटौती पर रोक लगाई जाए लोहिया नगर में कूड़े के जो पहाड़ बने हैं उनके जल्द से जल्द निस्तारण हो किसानों की फसलों को आवारा पशु बर्बाद कर रहे हैं उसकी रोकथाम के लिए कठोर कदम उठाए जाएं उन्होंने कहा कि द्वारिका पुरी से ईरा गार्डन तक स्थल के टूटी पड़ी है उनके जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए इसके अलावा लिसाड़ी गांव की समस्या को भी उठाया उन्होंने कहा कि अंबेडकर मूर्ति के आगे प्राथमिक विद्यालय के सामने शमशान घाट जाने वाली रास्ते पर बरसात का पानी से जल भराव रहता है जिससे लोगों का चलना भी दुर्भर हो जाता है। कहा कि जल्द निस्तारण किया जाए।



तहसील में मांगों को लेकर धरना देते भाकियू संघर्ष के कार्यकर्ता।

## मामूली कहासुनी में युवकों ने किशोर के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** क्षेत्र के गांव गगसोना में मामूली कहासुनी को लेकर संप्रदाय विशेष के युवकों ने हिंदू समुदाय के किशोर के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में पीड़ित के परिजनों ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी। पुलिस ने घायल किशोर को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। घायल किशोर के पिता धर्मेंद्र ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र शिवा गांव में परचून की दुकान से सामान खरीदने गया था। वहीं रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे दो युवकों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी जिससे 15 वर्षीय शिवा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# फलावदा पुलिस का कारनामा लूट की घटना को किया मारपीट में दर्ज

## साइकिल सवार किसान को रोककर बदमाशों ने तमंचे के बल पर की लूट

**पीड़ित किसान ने अपने लूटे पैसे वापस दिलाने की पुलिस से रखी मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के ग्राम निहोरी से चरला जाने वाले मार्ग पर साइकिल सवार किसान को रोककर दो बदमाशों ने उसके साथ लूटपाट की वारदात अंजाम दे दिया। बदमाशों ने किसान को आतंकित करने के लिए मारपीट कर उसे घायल कर दिया। थाने पर पुलिस ने पीड़ित से मारपीट की तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज की है। घटना को अंजाम देने वाले आरोपी फरार है। जानकारी के मुताबिक ग्राम चरला निवासी किसान राजपाल सिंह पुत्र वेदराम साइकिल पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। जब वह निहोरी गांव पार करके अपने गांव चरला मार्ग पर गया तो नकाबपोश बदमाशों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उससे 5700 रूपए की नगदी लूट ली। विरोध करने पर बदमाशों ने किसान को पीटकर घायल कर दिया। बताया गया है कि एक बदमाश तमंचा लिए था। मारपीट के दौरान एक बदमाश का नकाब खुल गया। पीड़ित ने उसे पहचान लिया। उसकी पहचान ग्राम निहारी गांव निवासी के रूप में हुई है। घटना की खबर पुलिस को दी गई। पीड़ित के मुताबिक पुलिस ने तहरीर में घटना को लूट के बजाय मारपीट की धाराओं में लिखाकर दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पिता को उठा लिया है। पीड़ित किसान ने अपने लूटे रुपए वापस दिलाने की गुहार लगाई।



# विद्युत सम्बन्धी शिकायतों के समाधान के लिए तीन दिवसीय मेगा कैम्पों का आयोजन

**भारी संख्या में उपभोक्ता मेगा कैम्पों में प्रतिभाग कर हुए लाभान्वित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के समस्त 14 जनपदों में विद्युत बिल जमा करनें, विद्युत बिल संशोधन, नया विद्युत कनेक्शन जारी करने, विद्युत भार बढाना, उपभोक्ताओं की अन्य वाणिज्यिक समस्याओं के निस्तारण हेतु तीन दिवसीय मेगा कैम्पों का आयोजन आरम्भ हुआ। मेगा कैम्प मण्डल स्तर पर 16 जून से 18 जून तक आयोजित किये जाएंगे। सुबह से ही मेगा कैम्पों को लेंकर उपभोक्ताओं में उत्साह देखा गया भारी संख्या में उपभोक्ता कैम्पों में प्रतिभाग कर, लाभान्वित हुए। अभियान मे प्रत्येक बकायेदार से संपर्क कर राजस्व वसूली सुनिश्चित की गई। मेगा कैम्पों में नैवर पेड उपभोक्ताओं से बिल जमा कराने में विशेष बल दिया गया। मेगा कैम्पों मे अधीक्षण अभियन्ता (वि.), मुख्य अभियन्ता (वि.) द्वारा कैम्पों का अनुश्रवण किया गया और बकायेदार उपभोक्ताओं से, बिल जमा कराने की अपील की गई।



मेगा शिविरों में बिल संशोधन संबंधी 685 आवेदन, विद्युत चोरी निर्धारण से संबंधित 19 आवेदन, मीटर बदलने संबंधी 226 आवेदन, नये संयोजन निर्गत करने 373, लोड बढाने से संबंधित 729 आवेदन, एवं 187 आवेदन अन्य प्रकरणों से संबंधित प्राप्त हुए। इस प्रकार पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अन्तर्गत 14 जनपदों में कुल 1490 आवेदन बिल संशोधन, निर्धारण, मीटर बदलने, नये संयोजन आदि से संबंधित प्राप्त हुये जिनमें से लगभग 1215 आवेदनों का तत्परता से मौके पर निरस्त कर दिया गया इसके अतिरिक्त 727 संयोजनों का लगभग 1165 कि.वा. लोड बढ़ा दिया गया है एवं 3840 उपभोक्त्राओं द्वारा लगभग 210.95 लाख की राशि के बिलों का भुगतान मेगा शिविर में किया गया है। इस सम्बन्ध में प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन, आईएएस ने बताया की उपभोक्ताओं की विद्युत समस्याओं के समाधान हेतु डिस्कॉम के समस्त जनपदों में 16 जून, 17 जून एवं 18 जून को तीन दिवसीय मेगा कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। उपभोक्ताओं से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में कैम्पों में प्रतिभाग कर लाभ उठायें। प्रबन्ध निदेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि मेगा कैम्पों के आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये, कैम्प में बिल जमा करने, जमा बिल की रसीद देनें, बिल उपलब्ध कराने आदि जानकारी उपभोक्ताओं को दी जाएगी।

## कल विकास खंड स्तर पर आयोजित किया जाएगा नशा विरोधी जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल ने समस्त खंड विकास अधिकारी को पत्र प्रेषित करते हुये बताया कि नशा विरोधी पखवाडा 12 जून से 26 जून 2025 को मनाते हुये नशे के दुष्परिणामो के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये है। मुख्यमंत्री के निर्देशो एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, लखनऊ क्षेत्रीय इकाई द्वारा पंचायती राज विभाग के ब्लॉक स्तर पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक नशा विरोधी जागरूकता अभियान 18 जून को 11 बजे से मधयान्ह 12.00 बजे तक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है। जागरूकता कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित किया गया।

# सीएचसी भावनपुर में लगाई राहगीरों के लिए छबील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** पिछले कुछ दिनों से गर्मी अपना प्रचंड रूप दिखा रही है आजकल आमजन का दोपहर के समय बाहर निकलना लगभग बंद हो गया है जो व्यक्ति जरूरी कार्य से बाहर निकलते हैं तो भीष्म गर्मी की वजह से उनका गला कुछ ही देर में सूख जाता है और ऐसे में उन्हें जरूरत होती है एक गिलास पानी की।

आमजन की इस परेशानी को देखते हुए लगभग पिछले दो महीने से सामाजिक संस्था, धार्मिक संस्था एवं अन्य संस्थाएं राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए छबील लगा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को सीएचसी भावनपुर में भी एक शरबत की छबील (स्टॉल) लगायी गई जिसका उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अश्विनी कुमार ने किया तथा छबील के संयोजक राजीव शर्मा रहे। इस कार्य में उनका सहयोग दिनेश रस्तौगी, मंजू त्यागी, सतेन्द्र डेंटल, रिंकू, कार्तिक, ऋतिक आदि का रहा। शरबत अस्पताल में दवा लेने आए सभी आगंतुकों, तीमारदारों,



आशा, स्टाफ और ग्रामीणों में वितरण किया गया। सीएचसी के द्वारा छबील लगाने के कार्य की सभी ने सराहना की। छबील के संयोजक राजीव शर्मा ने बताया कि इस भीषण गर्मी में पानी की छबील लगाने के कार्य से बड़ा कोई अन्य कार्य नहीं हो सकता क्योंकि एक भजन में भी कहा गया है की कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा। राजीव शर्मा ने कहा कि समय-समय पर गर्मी में छबील लगाने का कार्य स्वयं एवं अन्य संस्थाओं की मदद से चलता रहेगा।

# बिना भेदभाव हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र में किए विकास कार्यः दिनेश खटीक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के गांधी स्मारक देवनागरी महाविद्यालय में सम्मान समारोह में आए जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने कहा कि उन्होंने हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र के लिए बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य किए हैं। वहीं शीघ्र ही मेरठ से परीक्षितगढ़ तक डिवाइडर रोड बनवाया जाएगा। उन्होंने गांव में हो रही चुनावी गुटबाजी को समाप्त कर मिलजुल कर सहमति बनाकर चुनाव लड़ने की बात कही। दिनेश खटीक ने कहा कि उन्होंने उक्त कॉलेज में 5 वर्ष पूर्व एक हॉल बनवाने की जो घोषणा की थी उसके लिए कॉलेज प्रबंधन प्रस्ताव बना कर भेज दे, धनराशि उपलब्ध करा दी जाएगी। वहीं नगर के संयुक्त व्यापार मंडल को आश्वासन दिया कि वह हर समय व्यापारियों के हितों की लड़ाई के लिए तैयार है कोई भी उन्हें मदद के लिए बुला सकता है। क्षेत्र की जनता उनके लिए सर्वोपरि है और रहेगी। पूर्व चेयरमैन अमित मोहन टीपू ने मंत्री दिनेश खटीक को आश्वासन देते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में वह रिकॉर्ड मतों से विजयी होंगे क्योंकि जो प्यार उन्होंने क्षेत्र की जनता से किया है उसे लोग भूल नहीं पाएंगे। कॉलेज के सचिव कुलदीप त्यागी व सचिन त्यागी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए मंत्री दिनेश खटीक को शॉल व माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं संयुक्त व्यापार मंडल की तरफ से अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग, महामंत्री शुभम वशिष्ठ ने शॉल व माला पहनाकर मंत्री दिनेश खटीक का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश त्यागी व संचालन संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख केपी खुंटी, पपीत प्रधान, संजय वर्मा, डॉ. शमसुद्दीन, राकेश गर्ग, वरिष्ठ पत्रकार मुनेंद्र त्यागी, उस्मान अली, गगन त्यागी, संजीव पाराशर, पूर्व मैनेजर उमेश त्यागी, परवेज, विनोद शर्मा, मंडल अध्यक्ष ललित त्यागी, अंकित त्यागी, नवनीत त्यागी, पंकज त्यागी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# राजस्थान व मध्य प्रदेश की तर्ज पर हो उत्तर प्रदेश में भी श्री देवनारायण बोर्ड का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय वीर गुर्जर महासभा व श्री देवनारायण पीठ के तत्वाधान में एक ज्ञापन सीएम योगी के नाम जिलाधिकारी को सौंपा गया है। जिसमें उनका कहना था कि देवनारायण भगवान विष्णु के अवतार के रूप में माने जाते हैं विगत दिनों उनकी जन्मस्थली माला तेरी डूंगरी राजस्थान में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी उपस्थिति में दर्ज कराई थी राजस्थान में देवनारायण बोर्ड का गठन पहले से ही हो चुका है मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा भी देवनारायण बोर्ड का गठन कर दिया गया है उन्होंने मांग की है कि उत्तर प्रदेश के समस्त देवनारायण पीठ से जुड़े कार्यकर्ता तथा भगवान देवनारायण में आता है विश्वास रखने वाले भक्तगण मांग करते हैं कि देवनारायण बोर्ड का गठन उत्तर प्रदेश में भी किया जाए। इस दौरान नीरज, महावीर सिंह, नितिन सिंह, योगेंद्र गुर्जर, विनोद आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरा नाम मोहम्मद सलमान था लेकिन मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड तथा हाई स्कूल रिकॉर्ड में सलमान पुत्र इश्तियाक है, माता का नाम मुन्नी है, जन्मतिथि 01.01.1999 है। भविष्य में मुझे सलमान के नाम से जाना जाए। -ग्राम बली, पोस्ट दुर्वेशपुर, तहसील मवाना, जिला मेरठ।

**Information**

My name was Mohammed Salman but in my Aadhar Card, Pan Card, Voter ID Proof and High School record name is Salman son of the Estyak, mother name-Munni, Date of Birth-01/01/1999. I declare that in the future should be called by name Salman. Village Bali Post Durveshpur Tahsil Mawana, District Meerut.

# सरकार ने की लाभार्थियों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर जनपद में मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। इसी के क्रम में उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में अंबेडकर नगर में आयोजन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया और मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को राज्य मंत्री केपी मलिक वन पर्यावरण एवं जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार, सांसद डा.राज. कुमार सागवान व जिलाधिकारी अस्मिता लाल, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व पंकज वर्मा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वर्तमान



वित्तीय वर्ष 2025-26 में 23 मृतक कृषकों के 25 लाभार्थियों को धनरा. शि अंकन 1,15,00,000-00 रूपये, एक करोड पन्द्रह लाख मात्र का वितरण किया। मुख्यमंत्री कृषक कल्याण दुर्घटना योजना में उत्तर प्रदेश के निवासी ऐसे कृषक जो दुर्घटनावश मृत/दिव्यांग हो जाते हैं जिनकी आयु 18 वर्ष से 70 वर्ष तक हो, जिनकी मृत्यु आग लगने, बाढ आने बिजली गिरने करन्ट लगने, सांप द्वारा काटने, जीव-जन्तु जानवर द्वारा काटने-मारने / आक्रमण से समुद्र, नदी, झील, तालाब पोखर या कुएं में डूबने, आंधी तूफान से वृक्ष गिरने/दबने मकान गिरने, रेल / रोड/ वायुयान या अन्य वाहन आदि से दुर्घटना, भूस्खलन, भूकंप, गैस रिसाव, विस्फोट, सीवर चैम्बर में गिरने अथवा अन्य किसी कारण से कृषक की दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांगता होती है तो कृषक के विधिक वारिस को इस योजना के अन्तर्गत आर्थिक सहायता अंकन 500000 /- रूपये (मृतक होने की दशा में) व 125000/-रूपये (दिव्यांग होने की दशा मे) अनुमन्य होगी। उल्लेखनीय है कि हत्या से सम्बन्धित किसी भी प्रकरण में सहायता राशि देय नहीं है। योजना के अन्तर्गत दुर्घटना में मृतक कृषक के वारिसों द्वारा आवेदनपत्र निर्धारित प्रारूप पर दो प्रतियों में मृत्यु तिथि से 90 दिन के अन्दर तहसील मुख्यालय पर जमा करना होगा विलम्ब की दशा में आवेदनपत्र विलम्ब के कारण सहित जिलाधिक. ारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा, 90 दिन की अवधि बढ़ाने का अधिकार जिलाधिकारी को है। उक्त अवधि के पश्चात प्रस्तुत आवेदन पर विचार नही किया जायेगा। इस सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी प्राप्त करनी हो तो वह किसी भी कार्यदिवस मे जिला मुख्यालय पर भूलेख कार्यालय से योजना के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर समस्त एसडीएम मृतक के परिजन आदि उपस्थित रहे।

# पत्नी ने लोगों को बुलाकर पति की कराई पिटाई, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** थाना सिंघावली क्षेत्र के डोला गांव में एक पत्नी ने अपने मायके पक्ष से 7-8 लोगों को बुलाकर पति की पिटाई करवाई। पिटाई की घटना का वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में कई लोग एक युवक को पीटते दिख रहे हैं और महिला सामने खड़ी होकर पूरी घटना देख रही है।

पीड़ित रोहित ने बताया कि शाम के समय उसकी पत्नी से मामूली कहासुनी हो गई थी। इसके बाद रात में उसकी पत्नी ने अपने मायके से कई लोगों को बुला लिया। मारपीट में रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिलाना में भर्ती कराया है। इस मामले में एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार, रोहित की शिकायत पर प्राप्त हुई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और पूरे मामले की जांच में जुटी है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# युवती के साथ युवकों ने नशे में की छेड़छाड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** कस्बे में एक युवती अपने घर की छत पर सो रही थी। इस दौरान पड़ोस के छह युवक शराब के नशे में छत पर पहुंच गए और युवती के साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने युवती के साथ गाली-गलौच की।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस दौरान युवती के शोर मचाने पर उसके दो भतीजे छत पर पहुंचे। विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों भतीजों को लाठी-डंडों से पीटा। आरोपी उन्हें खींचकर गली में ले गए। वहां भी उनकी पिटाई की। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों भतीजों की जान बची। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने खेकड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में दोनों पक्ष आपस में भिड़ते दिख रहे हैं।

# उर्जा राज्यमंत्री को समस्याओं से कराया अवगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मेरठ में उर्जा राज्यमंत्री मंत्री सोमेन्द्र तोमर को शिकायत पत्र देते हुए समस्याओं के समाधान की मांग की है।

ढिकोली के भारतीय किसान यूनियन के पिलाना ब्लॉक अध्यक्ष नीरज सिंह ढाका ने मेरठ मे उर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर से मिल पत्र देते हुए घरेलू बिजली की दर न बढाने किसानों को एकमुश्त 10 घन्टे बिजली देने बिजली विभाग का निजिकरण न करने किसान का ट्रांसफार्मर फुकने पर 48 घन्टे में ट्रांसफार्मर बदलवा नें की मांग रखी गयी जिससे पूरा करने का उर्जा राज्यमंत्री ने आश्वासन दिया।



# ट्रांसफार्मर केवल फुंकने से 100 घरों की विद्युत आपूर्ति 15 घंटे रही ठप्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदीनगर।** लहचौड़ा गांव में ट्रांसफार्मर केवल फुकने से 100 घरो की विद्युत आपूर्ति ठप रही जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लहचौड़ा गांव में रखा 250 केवी का ट्रांसफार्मर का केवल फुकने के चलते रात भर विद्युत आपूर्ति ठप रही जिससे रात भर ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ी ग्रामीणों ने बताया कि केवल फुकने के कारण 100 घरो की विद्युत आपूर्ति ठप रही जिस कारण गर्मी में लोग बेहाल रहे।

# एक नजर

## गरीब बेटी की शादी में भर दिया खुशियों का रंग, ठेकेदार ने निभाया मसीहा का फर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सालिम खान, छपरौली।** लूंम जाट विश्व महासभा संगठन के जिलाध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता संजीव उर्फ बबलू ठेकेदार ने एक बार फिर इंसानियत की मिसाल पेश की है। क्षेत्र के लूंम गांव निवासी इस दरियादिल शख्स ने एक गरीब परिवार की बेटी की शादी में ना केवल भारी भरकम कन्यादान किया, बल्कि दहेज का पूरा सामान अकेले उठाने की जिम्मेदारी भी खुद के कंधों पर ली। उनके इस कार्य की समूचे छपरौली क्षेत्र में जोरदार सराहना हो रही है।

जानकारी के अनुसार, लूंम गांव का एक गरीब पिता अपनी बेटी की शादी की चिंता में डूबा हुआ था। जब यह बात संजीव उर्फ बबलू ठेकेदार को पता चली, तो उन्होंने तुरंत आगे आकर पूरा दहेज सामग्री देने का बीड़ा उठा लिया। इस बार उन्होंने न केवल पैसों से मदद की, बल्कि विवाह के लिए आवश्यक हर छोटी-बड़ी वस्तु खुद उपलब्ध कराई। जीवन खत्म होने के बाद कुछ भी साथ नहीं जाता, अगर कुछ बचता है तो वो है अच्छे कर्म। किसी की मदद करने से जो सुकून मिलता है, वो किसी और चीज़ में नहीं। संजीव ठेकेदार ने बताया कि लड़की के पिता उनके घर पर उदासी में बैठा था। बातचीत करने पर उसने अपनी मजबूरी बताई कि 16 जून को बेटी की शादी तय है, लेकिन दहेज के लिए कुछ भी नहीं बचा। यह सुनकर संजीव ठेकेदार ने उसी क्षण निर्णय लिया कि इस बेटी की शादी की पूरी जिम्मेदारी वे खुद उठाएंगे। यह पहली बार नहीं है जब संजीव ठेकेदार ने ऐसा कोई नेक कार्य किया हो। इससे पहले भी वह कई गरीब बेटियों की शादी में आर्थिक सहयोग और सामग्रियों का दान कर चुके हैं। किसी भी गरीब की पुकार उनके कानों तक पहुंच जाए, तो वह तुरंत उसकी मदद के लिए आगे आ जाते हैं। इस अवसर पर संजीव ठेकेदार ने समाज के सभी लोगों से अपील की है कि अगर कहीं भी कोई गरीब परिवार मदद की आस में हो, खासकर बेटी की शादी को लेकर परेशान हो, तो हम सब मिलकर उसकी सहायता करें। संजीव उर्फ बबलू ठेकेदार का यह कदम आज के समाज के लिए एक प्रेरणा है, जो यह सिखाता है कि असली जीवन वही है जो दूसरों के काम आ सके।



# युवक के अंतिम संस्कार के दौरान अचानक गिरा श्मशान घाट का लैंटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के बंदपुर गांव में एक युवक के अंतिम संस्कार करने श्मशान घाट पर पहुंचे तो अचानक शमशान घाट का लिंटर गिर गया। वहां खड़े 40 से अधिक लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। उधर ग्राम प्रधान ने डीपीआरओ को शिकायत भेजकर अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराने की मांग की। बंदपुर गांव के प्रधान जय कुमार ने बताया कि श्मशान के लिंटर का निर्माण कई साल पहले हुआ था, जिसमें कुछ समय पहले दरार आ गई थी। इसकी जानकारी विभागीय अफसरों को दी गई, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

ग्राम प्रधान के अनुसार दो दिन पहले गांव के राजेश की दिल्ली के अस्पताल में बीमारी के कारण उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद ग्रामीण राजेश के शव का अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान पहुंचे। गर्मी अधिक होने के कारण ज्यादातर ग्रामीण लिंटर के नीचे खड़े हो गए, तभी लिंटर का सीमेंट गिरने लगा। सीमेंट गिरता



देखकर नीचे खड़े ग्रामीणों ने वहां से बाहर भागने लगे और अंत्येष्टि स्थल के लिंटर का काफी हिस्सा गिर गया। प्रधान ने बताया कि बड़ा हादसा होने से टल गया, क्योंकि उस समय 40 से अधिक लोग श्मशान में मौजूद थे यदि ग्रामीणों को हटने में जरा भी देर हो जाती तो उनकी जान पर बन आती। बड़ा हादसा हो सकता था। प्रशासन यदि समय रहते इस पर ध्यान देता तो यह हादसा न होता। इसलिए प्रशासन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने डीपीआरओ से श्मशान का फिर से निर्माण कराने की मांग की है। इस संबंध में डीपीआरओ अरूण अत्री ने बताया कि बंदपुर गांव में श्मशान स्थल पर लिंटर गिरने का मामला जानकारी में आया है। अब वहां पर नया अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए जर्जर अंत्येष्टि स्थल को ढहा दिया गया है। काम जल्द शुरू कराया जाएगा।

# पुलिस ने चार अंतर्राज्यीय वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** कोतवाली पुलिस ने चैकिंग अभियान के दौरान चार अंतर्राज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से तीन चोरी की मोटरसाइकिल, दो अवैध चाकू और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।



मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चैकिंग के दौरान चारों आरो. पियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में बडौली के विक्रांत और आकाश, रमाला के अंकित और छपरौली के सबगा निवासी आकाश शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों से हैवा गांव निवासी कुलदीप कुमार की चोरी हुई बाइक बरामद की है। इसके अलावा बड़ौत कोतवाली क्षेत्र और दिल्ली से चोरी की गई दो अन्य मोटरसाइकिल भी बरामद हुई हैं। सीओ विजय तोमर ने बताया कि आरोपी अलग-अलग स्थानों पर वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस लंबे समय से इन आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पीएनबी बैंक का उद्देश्य अपने ग्राहकों को अधिक योजनाओं का लाभ देना:कुलदीप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित सेंट्रल होटल में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें हेड ऑफिस मेरठ से सुदर्शन रथ जोनल ऑफिस मेरठ से कुलदीप सिंह राणा तथा पीएनबी हेड ऑफिस द्वारिका दिल्ली से डीजीम एसएन गुप्ता का सभी शाखा प्रबंधकों ने मालाएं पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन विवेक सिंह ने किया।



इस अवसर पर ग्राहकों से सीधा संवाद करते हुए जोनल हेड कुलद. ीप सिंह राणा ने कहा कि पीएनबी बैंक का उद्देश्य अपने ग्राहकों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ देना तथा कागजी प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना है। हमारा बैंक अन्य बैंक के ऋण को भी अपने यहां ट्रांसफर करने की सुविधा दे रहा है। क्योंकि हमारे यहां ब्याज दर अन्य बैंकों से कम है। इसलिए ग्राहक हमारे बैंक के साथ जुड़कर अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर सर्किल हेड मेरठ से आए सुदर्शन रत ने ग्राहकों का आहवान किया कि बैंक द्वारा समय-समय पर अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका लाभ लेने के लिए ग्राहकों को सभी योजनाओं की जानकारी होना आवश्यक है। इस अवसर पर बैंक द्वारा चलाई जा रही हाउसिंग ऋण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह योजना, पर्सनल लोन तथा शिक्षा लोन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर शाखा प्रबंधक नगर पालिका तुषार कौशिक, दिल्ली रोड अभिषेक कुमार, बिजरोल वैभव निवेश कंडेरा शाखा प्रबंधक विशाल रघुवंशी बागपत शाखा प्रबंधक सुनील राठी छपरौली से सुमित कुमार आदि सहित अब्दुल रहीम शरद तोमर विवेक राणा संजीव तोमर सौरभ तोमर सोनू शर्मा बी देशपाल सिंह हरपाल विजयपाल रामपाल आदि ग्राहक मौजूद रहे।

# भूमि को कब्जा मुक्त कराने को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में पहुंचकर सोमवार को हिलवाडी गांव के लोगों ने चकरोड़ पर गांव के ही दबंग लोगों को द्वारा कब्जा करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम मनीष कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीणों ने दबंग लोगों द्वारा शमशान की भूमि चकरोड सरकारी भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए दबंग लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की।



ग्रामीणों का कहना है कि कई बार अधिकारियों को शिकायत भी दर्ज कराई गई मगर आज तक भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया। दबंग लोग किसानों के साथ गाली-गलौज मारपीट भी करते आ रहे है।

उन्होंने अधिकारियों से समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है। इस मौके पर ज्ञापन देने वालों में प्रदीप कुमार बालकिशन बबलू चौधरी नीतू चौधरी विनोद चौधरी सुदेश पाल अतर सिंह संजय कुमार कृष्ण कुमार चौधरी सुखविंदर सेवाराम कृष्ण पाल मानसिंह बालकिशन अंकित खड़क सिंह आदि मौजूद रहे।

# जुआरियों से पेशान होकर लोगों ने एसडीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के पक्का घाट रोड पर जुए का अवैध धंधा तेजी से फैल चल रहा है। स्थानीय निवासियों ने इसकी शिकायत एसडीएम से की है। साथ ही जुआ. रियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें लोग खुलेआम जुआ खेलते दिख रहे हैं।

स्थानीय निवासी शहाबुद्दीन के अनुसार, उनके घरों के सामने सुबह से शाम तक जुआ खेला जाता है। विरोध करने पर जुआरी उनके साथ अभद्रता करते हैं। इससे क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जुआरियों के कारण बच्चों के मान. सिक विकास पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। कई बार जुआरी स्थानीय लोगों के साथ मारपीट तक कर चुके हैं। लोगों ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की कार्रवाई के बिना इस समस्या का समाधान संभव नहीं है।



# समाज में फहली कुरीतियों को दूर करने का किया आहवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की बावली चुंगी पर युवा विश्वकर्मा समिति की एक बैठक सोमदत्त जांगिड़ के निवास स्थान पर संपन्न हुई जिसमें युवा विश्वकर्मा समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गई। बैठक में सभी लोगों को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि समाज के लोग एकजुट होकर जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का काम करें। समाज में फहली कुरीतियों को भी मिटाने का काम किया गया। एक दूसरे गिले शिकवे दूर करने का भी समिति द्वारा आवाहन किया गया। इस मौके पर राकेश विश्वकर्मा अमित प्रवीण सत्येंद्र अंकित आदि मौजूद रहे।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बागपत, ( बागपत )

पत्रांक: 487 /लेखा./क्षे.पं./ 2025-26 दिनांक 16.06.2025

## निविदा आमंत्रण सूचना

क्षेत्र पंचायत, बागपत द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रधानमन्त्री आवासजना के अन्तर्गत मॉडल आवास बनवाने हेतु शासकीय विभाग में पंजीकृत फर्मो से शीलबन्द अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 23-06-2025 तक प्रात: 10-00 बजे से अपरान्ह 02-00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निविदा का नगद मूल्य भारतीय स्टेट बैंक बागपत में खाता संख्या 10834624369 में जमा कर/डी.डी.खण्ड विकास अधिकारी, बागपत के नाम से जमा कर टेन्डर प्राप्त किये जा सकते है एवं जमा कर सकते है निविदा के साथ दो प्रतिशत धरोहर की धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी. खण्ड विकास अधिकारी, बागपत के नाम जमा करनी होगी। दिनांक 23-06-2025 की अपरान्ह 3-00 बजे निविदा दाताओ के समक्ष निविदा खोली जावेगी। किसी भी निविदा की स्वीकृत/अस्वीख्रकृ करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र. स. | स्वीकृत कार्य का नाम | स्वी.लागत (लाख रू. में) | धरोहर प्रतिभूति 02 प्रतिशत | निविदा मूल्य एवं स्टेशनरी चार्ज | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड, बागपत में प्रधान मन्त्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत मॉडल आवास निर्माण हेतु। | 3.10 लाख | 6200 | 500 | एक माह |

( विनोद कुमार वर्मा )
अवर अभियन्ता ( आर.ई.डी. )
विकास खण्ड-बागपत।

( कृष्ण कुमार पाण्डेय )
खण्ड विकास अधिकारी,
बागपत।

# किसानों की समस्याओं को लेकर गन्ना आयुक्त से मिला भाकियू अराजनैतिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के हापुड़ जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर और जिला संरक्षक कटार सिंह ने सोमवार को लखनऊ में गन्ना आयुक्त प्रमोद उपाध्याय से मुलाकात कर जिले के गन्ना किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा और उन्हें किसानों की समस्याओं से अवगत कराया।



जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर ने गन्ना आयुक्त प्रमोद उपाध्याय से बताया कि हापुड़ जिले की दो चीनी मिलों, सिंभावली और बृजनाथपुर, पर किसानों का बड़ा बकाया है। सिंभावली शुगर मिल पर 287 करोड़ और बृजनाथपुर शुगर मिल पर 106 करोड़ का भुगतान बकाया है। मई महीने का चीनी बिक्री कोटा 88 हजार क्विंटल था, जिसमें से 17 हजार क्विंटल कम चीनी बिकी है। पिछले साल जुलाई में आईआरपी के एक व्यक्ति द्वारा चीनी बेचने में 21 करोड़ का घोटाला करने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि सिंभावली मिल की 70 हजार क्विंटल और बृजनाथपुर की 15.600 क्विंटल चीनी को नमी दिखा कर मार्केट रेट से 350 कम में बेचा गया, जबकि बाद में यही चीनी मार्केट रेट पर बिकी। पिछले 5 सालों में चीनी में इतनी नमी कभी नहीं देखी गई। भाकियू ने चीनी बिक्री का दैनिक ब्यौरा माँगा है, लेकिन मिलों ने उपलब्ध नहीं कराया। जिला अध्यक्ष ने गन्ना आयुक्त से मांग की है कि अनियमितताओं की कड़ी जांच की जाए, हर हफ्ते चीनी बिक्री की समीक्षा की जाए, चीनी बिक्री कोटा फी किया जाए और मिल चलने से पहले कुल चीनी बेच दी जाए ताकि किसानों का गन्ना भुगतान समय पर हो सके और उनका शोषण न हो। हापुड़ की सिंभावली और बृजनाथपुर दोनों चीनी मिलों का कार्यभार वर्तमान में मेरठ के डीसीओ देख रहे हैं, क्योंकि हापुड़ के तत्कालीन डीसीओ लंबित विभागीय जांच और छुट्टी पर हैं। मेरठ के डीसीओ के क्षेत्राधिकार में 8 से 10 चीनी फैक्ट्रियाँ आती हैं, जिसके कारण वे हापुड़ का कार्यभार सुचारू रूप से नहीं देख पा रहे हैं, जिससे हापुड़ के किसानों को काफी समस्याएँ आ रही हैं। जिला अध्यक्ष ने गन्ना आयुक्त से मांग की है कि हापुड़ जनपद में किसी अन्य डीसीओ की नियुक्ति की जाए ताकि किसानों की समस्याओं का समय पर निस्तारण हो सके। भाकियू अराजनैतिक द्वारा गन्ना आयुक्त को दिए गए ज्ञापन में गन्ना आयुक्त से इन सभी मुद्दों पर कड़ी कार्रवाई कर ज़िलें के गन्ना किसानों को न्याय दिलाने की मांग की।

# किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस ने किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



सिंभावली थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि किशोरी के परिजनों द्वारा थाने पर तहरीर देते हुए बताया गया था कि आरोपी युवक उनकी किशोरी को बहला फुसलाकर उसका अपहरण कर अपने साथ ले गया। परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में आरा.पी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया था और पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। सोमवार को पुलिस ने किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी अनिकेत मावी पुत्र ब्रह्म सिंह निवासी ग्राम बुकलाना थाना सिम्भावली जनपद हापुड को ततारपुर अण्डर से सर्विस रोड हापुड से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि किशोरी को सकुशल बरामद कर कागज़ी कार्रवाई करने के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

# गोकश बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र में गौकशी करने वाले बदमाशों के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस मुठभेड़ के बाद दो गौकश बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से एक घायल है।



सीओ अनीता चौहान ने बताया कि हाफिजपुर पुलिस ने ब्रजनाथपुर नहर पट्‌टी के कच्चे रास्ते पर मुठभेड़ के बाद नासिर पुत्र अख्तर निवासी वैट, थाना सिम्भावली और इस्तेकार पुत्र अल्लामेहर निवासी सालेपुर कोटला, थाना कपूरपुर को गिरफ्तार किया है। नासिर इस मुठभेड़ में घायल हुआ है। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से दो अवैध असलहे, जिंदा और खाली कारतूस, गौकशी में इस्तेमाल होने वाले औजार छुरी, कुल्हाड़ी, दाव, रस्सी, नशीला इंजेक्शन, सिरिंज और एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने 2/3 जून की रात को गांव सालेपुर कोटला के जंगल में गौकशी की घटना को अंजाम दिया था, जिसके संबंध में थाना हाफ़िजपुर पर बदमाशों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया था। ये बदमाश आवारा पशुओं को इंजेक्शन लगाकर बेहोश करते थे और फिर उन्हें सुनसान जगह पर ले जाकर गौकशी करते थे। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं। हापुड़ जिले के विभिन्न थानों में उनके खिलाफ गौकशी, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित करीब एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि बदमाशों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मीरा की रेती में एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।



थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस ने मीरा की रेती में एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त एक आरोपी रोहताश पुत्र श्यामलाल सिंह निवासी ग्राम गढावली थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ को मीरा की रेती से नये गाव पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के अंतर्गत आश्रित परिवारों को 5 लाख के चेकों का किया वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार हापुड़ में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण सहायता योजना के अंतर्गत आश्रित परिवारों को सहायता राशि का वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद गौतमबुधनगर में संचालित मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया।

सजीव प्रसारण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के आश्रित परिवारों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 11690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ सहायता राशि का वितरण मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। संजीव कार्यक्रम के उपरांत हापुड़ के लाभान्वित कृषकों आर्थिक परिवारों को पांच लाख रुपयों के चैक सहायता स्वरूप वितरण किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा दी जाने वाली योजनाओं के बारे में जागरूक किया और सभी से आग्रह किया कि जितना ज्यादा से ज्यादा हो सके सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि, जिलाध्यक्ष भाजपा नरेश तोमर, जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय सहित संबंधित अधिकारी व कृषक लाभार्थी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने अवैध चाकू के साथ एक



### संदिग्ध युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के गांव लुहारी चौराहे से करीमपुर वाले रोड पर चेकिंग की जा रही थी तभी पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस आरोपी युवक को थाने ले आई। पुलिस के मुताबिक युवक की पहचान राहुल कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी लुहारी थाना बहादुरगढ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया गया है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### कैब ड्राइवर से लूट की घटना में संलिप्त तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने कैब ड्राइवर से कैब बुक कर उसके साथ लूट की वारदात को अंजाम देने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि अप्रैल 2025 में बुलंदशहर के थाना पहासू निवासी कैब ड्राइवर पवन द्वारा थाने पर मुक.दमा दर्ज कराया गया था कि रेपिडो ऐप के माध्यम से उसकी कार को चार लोगों द्वारा ग़ाज़ियाबाद रेलवे स्टेशन से मसूरी तक के लिए बुक किया गया। इसके बाद चारों रात होने की बात कहकर उसे गांव पिपलेड़ा तक लें गए और वहा उससे मोबाइल, एटीएम कार्ड और पेन कार्ड छीनकर उसे गाड़ी से बाहर फेंककर उसकी कार लूटकर मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सोमवार को पुलिस ने लूट की घटना में फरार चल रहे आरोपी समीर पुत्र शहजाद निवासी घूकना मोड को भोलूपारा मानिकताला थाना क्षेत्र हलीशर जनपद उत्तरी-24 परगना पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस लूट के मामलें में दो आरोपियों को पहले है गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# उद्योग बंधु वेलफेयर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उद्योग बंधु वेलफेयर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है जिसमें कुछ पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं।



संगठन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पंडित अजय भारद्वाज द्वारा बताया गया कि कुछ दिन पहले उद्योग बंधु वेलफेयर एसोसिएशन की पहली कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया था इसके बाद हमने कुछ नए पदा.धिकारी बनाए हैं। इनमें जिला अध्यक्ष अजय भारद्वाज के अलावा सुनील दत्त को जिला महासचिव महेश प्रकाश शर्मा जिला सचिव राकेश पांडे जिला उपाध्यक्ष तथा अब्दुल कादिर को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार संगठन के इन पदाधिका.रियों के अलावा यदि कोई उद्योग बंधु वेलफेयर एसोसिएशन का अपने आप को पदाधिकारी बताता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पत्रकारों ने आपजा के प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद आगमन पर उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष का पत्रकारों ने भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने जनपद की आपजा की कार्यकारिणी घोषित करने और पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण भी करवाने की बात कही।



उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह सिद्धार्थ होटल स्थित आपजा के जिला कार्यालय पर पहुंचे, जहां पत्रकारों ने पटका पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। आपजा के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि शीघ्र संगठन की जिला कार्यकारिणी घोषित करें। कार्यक्रम का आयोजन कर पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाये। उन्होंने कहा कि संगठन पत्रकारों के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ उनके पेशेवर विकास को बढ़ावा देने के लिए कार्य करता है। संगठन द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकारों को प्रदेश सरकार से मिलने वाली सुविधाएं दिलाने का कार्य करेगा। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार अवनीश त्यागी, मनोज त्यागी, विशाल, डीपी आर्य, जनार्दन, मनीष, प्रवीण, हर्ष, शीतल चौधरी आदि मौजूद रहे।



# पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। सिम्भावली थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत दो वारंटी मोनू पुत्र गंगाराम और सादाब पुत्र उम्मेद अली निवासी ग्राम हिम्मतपुर थाना सिम्भावली जनपद हापुड को उनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि वारंटी न्यायलय से गैरहाजिर चल रहे थे। न्यायलय ने दोनों के खिलाफ वारंट जारी किए थे। न्यायलय से जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने दोनों वारंटीयों को उनके मस्कान से गिरफ्तार किया गया है।

# टी.बी. रोगियों को मिल रहा स्वयं सेवी संस्थाओं का साथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में जनपद में लगातार क्षय रोगी यो के सहयोग में संस्थाएं आगे आ रही है। जिला क्षय रोग अधिक.ारी डॉ राजेश सिंह ने बताया कि इन सभी संस्थाओं में अग्रणी भूमिका प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट की रही है। यह ट्रस्ट 2019 से लगातार टीबी रोगियों का सहयोग कर रहा है। संस्थान द्वारा रोगियों के लिए एक डिस्पेंसरी का संचालन भी किया जा रहा है जहां पर टीवी रोगियों को सभी जांच व उपचार निशुल्क दिया जा रहा है।



डिस्पेंसरी के साथ-साथ संस्था द्वारा टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरण भी 2019 से लगातार किया जा रहा है। जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने बताया कि आरंभ में संस्था द्वारा केवल एमडीआर के रोगियों को ही पोषाहार दिया जाता था लेकिन अब संस्था की डिस्पेंसरी में उपचार ले रहे सभी टी वी रोगियों को पोषाहार दिया जा रहा है। आज भारत सरकार के निर्धारित कार्यक्रम निरू क्षय दिवस जो कि प्रत्येक मा की 15 तारीख को मनाया जाता है के अवसर पर संस्था द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में 108 टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषाहार वितरण किया गया जिसके अंतर्गत मरीज को प्रोटीन युक्त आहार प्रदान किया गया। संस्था के अधिकारियों द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय को आश्वासन दिया गया की हमारी डिस्पेंसरी के अंतर्गत उपचार लेने वाले सभी टीवी रोगियों को भविष्य में हमारी संस्था द्वारा सत प्रतिशत पोषाहार वितरण किया जाएगा इस अवसर पर संस्था के चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रहलाद सहाय अग्रवाल डा. दिनेश कुमार अग्रवाल अनिल त्यागी लैब टेक्नीशियन यासीन अली मोहम्मद सोहेल ईश्वर चंद विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# स्नातकोत्तर की प्रोफेसरों ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन में की सहभागिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात क्षेत्र के स्वर्ग आश्रम रोड पर स्थित आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय कि प्राचार्या, प्रोफेसर साधना तोमर, और इतिहास विभाग की अध्यक्षा, प्रोफेसर मनीला रोहतगी ने 4 और 5 जून को मलेशिया में आयोजित 12वें अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन में गरिमामयी सहभागिता की। यह अधिवेशन भाषा सहोदरी, हिंदी द्वारा भारतीय उच्चायोग, मलेशिया और नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय सांस्कृतिक केंद्र कुआलालंपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करना और उसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना था।




प्रोफेसर साधना तोमर ने 4 जून को अधिवेशन के पहले दिन एक सत्र की अध्यक्षता की और अपना शोध पत्र वैश्विक स्तर पर वर्तमान में हिन्दी की स्थिति प्रस्तुत किया। 5 जून को काव्य पाठ सत्र में उन्होंने अपनी स्वरचित कविता युग भी जिसको गाता जाये, आओ ऐसा गीत लिखे हम का ओजस्वी वाणी में सस्वर पाठ किया। जिसे प्रतिभागियों ने खूब सराहा। प्रोफेसर मनीला रोहतगी ने हिंदी साहित्य में भारतीय इतिहास एवं संस्कृति का चित्रण विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। इस अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन में लगभग 70 प्रतिभागियों ने शोध पत्रों की प्रस्तुति और काव्य पाठ किया। दुबई के साथ-साथ भारत के विभिन्न राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, दिल्ली और बिहार से भी सहभागिता दर्ज की गई। समापन सत्र में भारतीय उच्चायुक्त, मलेशिया, ईआर रेढ्ढी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक केंद्र द्वारा हिंदी के उत्थान हेतु किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हिंदी की भूमिका एवं वैश्विक स्तर पर उसकी आवश्यकता पर बल दिया। कुआ लालंपुर में आईसीसीआर में हिंदी की प्राध्यापिका, यामिनी जोशी ने भी इस अवसर पर मलेशिया में हिंदी की स्थिति और रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

# यूपी पुलिस में हुआ पिता और बेटे दोनों का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना के गांव उदयरामपुर नगला में यूपी पुलिस में बाप और बेटे का हुआ चयन । यशपाल सिंह नागर उम्र 41 व शेखर नागर उम्र 21 दोनों ने यूपी पुलिस के 2023 भर्ती में आवेदन किए थे। 2024 फरवरी में यूपी पुलिस परीक्षा होना था पेपर लीक होने के कारण परीक्षा रद्द कर दिया था। दोबारा अगस्त 2024 में परीक्षा हुआ उसमें दोनों बाप और बेटे पास हो गया थे। जनवरी 2025 में फिजिकल हुआ था। दोनों बाप बेटे एक साथ यूपी पुलिस की परीक्षा और एक साथ तैयारी और साथ साथ लाइबेरि भी जाते थे वे दोनों एक साथ ऑनलाइन पढ़ाई भी करते थे। हमेशा दोनों बाप बेटे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरा करते थे दोनों बाप बेटे का यूपी पुलिस के सिपाही पद पर सीधी भर्ती हुई। दोनों बाप बेटे यूटयूब रोजगार वित्त अंकित चैनल से पढ़ाई किया करते थे।



# बीयर की दुकान हटाने को किया प्रदर्शन

## दुकान पर बिकती है देशी शराब भी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ठंडी बिहार की दुकान पर अवैध रूप से देसी शराब बेचे जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने वहां से दुकान हटवाये जाने को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर भूड़ में सोमवार की सुबह सैकड़ो महिला पुरुष सड़क पर उतर आये तथा गांव में खुली ठंडी बीयर की दुकान को हटवाये जाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने बताया कि गांव में ठंडी बीयर की दुकान खुली हुई है। लेकिन इसकी आड़ में देसी शराब को बेचा जा रहा है। गांव के युवा देसी शराब को पीकर घर पहुंचने के बाद महिलाओं एवं बच्चों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करते हैं। जिससे घर में रोज क्लेश बनी रहती है। उन्होंने कहा कि देसी शराब का सेवन करने के कारण गांव के युवा लगातार नशेड़ी बन रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यहां से ठंडी बीयर की दुकान को तत्काल हटवाया जाये। सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंच गई तथा प्रदर्शनकारी ग्रामीणों को समझा कर शांत कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि यदि जल्द ठंडी बीयर की दुकान को यहां से नहीं हटाया गया तो वह उग्र प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। आबकारी निरीक्षक रामकुमार यादव ने बताया इस मामले की जांच की जा रही

# धमाके के बाद ताश के पत्तों की तरह बिखर गई पटाखा फैक्ट्री

## चारों तरफ मची चीख पुकार, अपनों की तलाश में रोते बिलखते पहुंचे परिजन



अमरोहा। विस्फोट के बाद मलवा हटाकर घायलों को निकालने का प्रयास करते ग्रामीण।

## धमाके की आवाज सुनकर सहम उठे ग्रामीण

### घटना स्थल की तरफ लगाई दौड़, नजारा देखकर उड़े होश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट की गूंज दूर तक सुनाई दी। जिसने भी धमाके की आवाज सुनी वह घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़ा। मौके पर जाकर देखा तो पैरों के नीचे से जमीन खिसक गयी।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी के जंगल में स्थित पटाखा फैक्ट्री में अचानक हुए विस्फोट की गूंज दूर तक सुनाई दी। जिससे आसपास के गांवों में हड़कम्प मच गया। जिसने भी आवाज सुनी वह दौड़कर घटना स्थल की तरफ पहुंचा। यहां देखा तो धुआं ही धुंआ नजर आ रहा था। इस हादसे में चार महिलाएं उमा, सर्वेश, रूखसाना व शहनाज की मौत हो गयी। जबकि विस्फोट में नौ बुरी तरह झुलसे हैं। जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। उधर सूचना मिलते ही मौके पर आला अधिकारी पहुंच गये। बचाव कार्य शुरू किया गया। जब तक मलवे से इन सबको निक. ाला गया तब तक काफी देर हो चुकी थी। चार महिलाएं मौत के मुंह में पहुंच चुकी थी जबकि नौ की हालत बुरी थी। फायर बिग्रेड की गाड़ी ने भी पहुंचकर मोर्चा संभाला है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों का बुरा हाल था। चारों तरफ चीख पुकार मची थी। हर कोई घटना की जानकारी के लिए व्याकुल था। मौके पर भारी पुलिस बल बुला लिया गया। उधर डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि मामले की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।









## तीन सौ रुपये दिहाड़ी की खातिर जिंदगी दांव पर

### पटाखा फैक्ट्री में काम करती हैं आसपास की महिलाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पटाखा फैक्ट्री में काम करने वाली महिला मजदूरों को प्रतिदिन तीन सौ रूपये मजदूरी दी जाती थी। यहां हर समय उनके सिर पर मौत का खंडरा मंडराता रहता था। आज हुए हादसे में चार महिलाओं ने परिवार का पेट पालने के चक्कर में अपनी जान गंवा दीं। अतरासी स्थित पटाका फैक्ट्री में अधिकांश आसपास के गांव की महिलाएं ही काम करता है। उन्हें प्रतिदिन यहां तीन सौ रूपये मजदूरी दी जाती है। खेतों के बीच स्थित इस फैक्ट्री में काम करने वाली महिला मजदूरों के सिर पर हर समय मौत का खतरा मंडराता रहता है। पटाखे बनाने में गंदक व पोटाश का उपयोग किया जाता है। जिसमें हर समय विस्फोट का खतरा रहता है। आज जब चारो महिला मजदूरी फैक्ट्री पहुंची तो उन्हें नहीं पता था कि मौत उनका यहां इंतजार कर रही है। पौने 12 बजे के करीब फैक्ट्री में हुए विस्फोट ने चारो की जिंदगी छीन ली जबकि नौ बुरी तरह झुलस गयीं। जो अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने जताया हादसे पर दुख, त्वरित इलाज के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पटाखा फैक्ट्री में एक बार फिर ब्लास्ट हुआ है जिसमें महिलाओं समेत 6 लोगों की मौत की पुष्टि की गई है। पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट से इलाके में हडकंप मच गया है, वहीं इस घटना में कई महिलाओं के घायल होने की खबर सामने आ रही हैं। इस घटना के बाद आसपास के गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब इस मामले पर राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है और मृतकों की मौत पर दुख जताया है। सूबे के



मुख्यमंत्री ने अमरोहा में पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाके पर गहरा दुख प्रकट किया है। सीएम ऑफिस के ट्वीट में घटना को लेकर लिखा, पटाखा फैक्ट्री में हुए हादसे का संज्ञान लेते हुए संबंधित जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हादसे में जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएमओ की ओर से कहा गया कि मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। सीएम की आदेश के बाद एसपी अमित कुमार आनंद और डीएम निधि गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और घायलों को उपचार के लिए भेजा।

## 25 लाख रुपये मुआवजा दे सरकार: महबूब



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। लोक लेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली ने पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट की घटना पर शोक जताते मृतक परिजनों को सरकार से 25-25 लाख रूपये मुआवजा देने की मांग की। श्री अली ने कहा कि गांव अतरासी में हुई इस त्रासदी में चार महिलाओं को अपनी जिंदगी गंवानी पड़ी। जबकि कई अन्य घायल हैं उन्होने सरकार से मांग करते कहा कि मृतक परि. जनों को 25-25 लाख रूपये की मुआवजा जबकि घायलों को 10-10 लाख की आर्थिक मद्द दी जाये। उन्होंने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।



अमरोहा। जिला अस्पताल में विस्फोट में झुलसी महिला का हालचाल लेते डीएम व एसपी।

## विस्फोट के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। एसपी अमित कुमार आंनद ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना रजबपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अतरासी में दोहपर 12 बजे के लगभग एक लाइसेंसी पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने की सूचना प्राप्त हुई थी, ये फैक्ट्री हापुड़ के रहने वाले सैफुर रहमान के द्वारा ऑपरेट की जा रही थी, सूचना पर तत्काल पुलिस एंबुलेंस सहायता हेतु तुरन्त यहां पर पहुंची है। उन्होंने आगे बताया इस विस्फोट में चार महिलाओं की मृत्यु हुई है, कुछ महिलाएं घायल है जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है, शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है, सूचना पर तत्काल पुलिस के साथ फायरब्रिगेड की टीम भी यहां पर आ गई थी, यहां पर विस्फोट के कारणों की जांच पड़ताल की जा रही है, इसमें अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पहले ही दिन काम पर गई थी सर्वेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में जान गवांनी वाली सर्वेश पत्नी सौविन्द्र पहले ही दिन काम पर गयी थी। परन्तु उसे क्या पता था कि अब वह कभी लौटकर घर वापस नहीं आयेगी। पपसरा निवासी सर्वेश पत्नी सौविन्द्र के परिवार की हालत सही नहीं है। पैसे की तंगी के कारण उसने भी अन्य महिलाओं की तरह फैक्ट्री में जाना शुरू किया। सोमवार को वह पहले ही दिन यहां काम पर आयी थी। परन्तु उसे क्या मालूम था कि वह अब कभी लौटकर नहीं आयेगी। विस्फोट में वह मौत के मुंह में चली गयी।



अमरोहा। पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद का नजारा।

# मैजिक की टक्कर से बाइक सवार सेल्समैन की मौत

## दूसरी घटना: कैंटर में घुसी रोडवेज की बस, कई यात्री चोटिल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। धनौरा मार्ग पर मैजिक की टक्कर से बाइक सवार के पास पहुंचा तो मैजिक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में महेश चौहान की मौके पर ही मौत हो गई।

### ■ सेल्समैन के बेटे ने पास कर ली थी एक्साइज इंस्पेक्टर की परीक्षा, सात जून को ही गया था ट्रैनिंग पर

पैट्रोल पंप सैल्समैन की मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव चाकीखेड़ा गांव निवासी महेश चौहान पुत्र हरि सिंह नौगावां सादात क्षेत्र में स्थित एक पैट्रोल पंप पर सैल्समैन का काम करता था। वह सोमवार की सुबह ड्यूटी करके धनौरा मार्ग होते हुए अपने गांव वापस लौट रहा था। जब वह जोगीपुरा गांव पुलिस ने शव को सीएचसी पहुंचाया, घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी पहुंच गए। महेश का शव देखते ही उनका रो रोकर बुरा हाल हो गया।

**बेटे ने पापा से कहा था कि अब नौकरी छोड़ दो**

महेश के बेटे ऋषभ चौहान की अभी हाल ही में एक्साइज इंस्पेक्टर पद पर चयन हुआ था। वह पिछले सप्ताह 7 जून को ही घर से केरल में ट्रेनिंग के लिए गया था। वह अपने पापा से कई बार कह चुका था कि



अब वह ड्यूटी छोड़ दें, लेकिन बीती रात भी वे ड्यूटी पर चले गए और लौटते समय हादसा हो गया।

**सीओ ऑफिस के सामने कैंटर में घुसी रोडवेज की बस, कई यात्री चोटिल हुए**

गजरौला। रविवार व सोमवार की मध्यरात्रि में करीब सवा तीन बजे रोडवेज बस आगे चल कैंटर में घुस गई। सीओ ऑफिस के सामने यह घटना घटित हुई। हादसे में बस में सवार कई यात्री चोटिल हो गए। हरदोई डिपो की यह बस मुरादाबाद से चलकर दिल्ली जा रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। यात्री राजू, नरेंद्र सिंह, राहुल, रेखा, जाकिर, शमसुद्दीन, साहिल निवासी बरेली आदि सहित कुछ अन्य यात्रियों को भी मामूली चोट आई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया। बता दें कि गजरौला क्षेत्र में इन दिनों सड़क हाद. सों की काफी खबरें सामने आ रही हैं। बीते दिन भी बाइक सवार चचेरे तहेरे भाईयों को कैंटर ने रौंद दिया, हादसे में दोनों की मौत हो गई थी। शनिवार को भी सड़क हादसे हुए थे।




## आर्थिक तंगी व गरीबी ले गई मौत के मुंह तक

### पिता की मौत के बाद रूखसाना पर थी घर की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। हादसे में पत्नी उमा को खोने वाला गांव पप्सरा निवासी दानवीर खुद भी पेशे से मजदूर है। परिवार में एक बेटा अंश और एक बेटी भावना है। उमा को पटाखा फैक्ट्री से मजदूरी की शक्ल में महज 250 रुपये मिल रहे थे। रूमा की मौत दानवीर के कंधों पर दोनों बच्चों को परवरिश की बड़ा बोझ भी रख गई है। वहीं, मृतका शहनाज रजबपुर में रहने वाले साबिर अली की पत्नी थी। पेशे से लड़की कारीगर साबिर के परिवार में चार बच्चे हैं, जिनमें एक 16 वर्षीय बेटा तैय्यब है जबकि बाकी तीन बेटियां हैं। बढ़ती महंगाई के दौर परिवार की दिन-ब-दिन बिगड़ती माली हालत को देखते हुए ही शहनाज ने करीब एक महीना पहले इस पटाखा फैक्ट्री में काम पर जाना शुरू किया था। हालांकि, परिवार से जुड़े लोग इस फैसले के खिलाफ भी थे लेकिन मजबूरियों के सामने तमाम तरह के तानों को दरी. कनार कर शहनाज ने बच्चों के खातिर ही घर से निकलना मंजूर किया था। वहीं, इस हादसे में जान गंवाने वाली रजबपुर की निवासी 20 वर्षीय रुखसाना अविवाहित थी। पिता जाफर की दो साल पहले हुई मृत्यु के बाद उसके कंधों पर भी परिवार को संभालने का बोझ था। मां किश्वरी की बिगड़ती तबियत ने उसे घर से निकलकर पटाखा फैक्ट्री तक जाने पर मजबूर किया। छह भाई-बहनों में चौथे नंबर की रुखसाना ने भी एक महीना पहले पटाखा फैक्ट्री का काम चुना था। वहीं, गांव पप्सरा निवासी सेविंद्र की पत्नी सर्वेश का सोमवार को इस फैक्ट्री में मजदूरी का पहला दिन था। सेविंद्र भी पेशे से मजदूर है। परिवार में एक बेटा रजत और दो बेटियां हिमांशी और प्रियांशी है। जिनमें 21 वर्षीय हिमांशी दिव्यांग है। सर्वेश भी परिवार का सहारा बनने के लिए घर से निकलकर पटाखा फैक्ट्री तक पहुंची थी




## दाउद मियां के उर्स में इमाम साहब का कुल सम्पन्न

### वालिदैन की सेवा में गुजारें जिंदगी: सकलैनी

**उझारी**। नगर में चल रहे हजरत शेख दाऊद बंदगी रहमतुल्ला अलेह के उर्स में बीती रात इमाम साहब का कुल संपन्न हुआ। जिसमें मुल्क और कौम की सलामती के लिए दुआ कराई गई। हजरत शेख दाऊद बंदगी रहमतुल्लाह अलैह का उर्स अपने शबाब पर है। बड़ी संख्या में जायरीन दरगाह पर हाजिरी दे रहे हैं तथा तबर्रुक एवं चादर पोशी करके मन्नते मांग रही हैं। बीती रात इमाम साहब का कुल संपन्न हुआ। जिसमें कारी महताब आलम सकलैनी ने लोगों को खिताब फरमाते हुए कहा कि वली, अल्लाह के दोस्त हैं। उनकी दरगाह में हाजिर होकर अल्लाह से दुआ मांगने चाहिए। कुल के बाद मुल्क और कौम की सलामती के लिए दुआ कराई गई तथा तबर्रुक तकसीम किया गया। आफताब वारसी कव्वाल ने रंग पढ़ा और अपना कव्वाली प्रोग्राम पेश किया। दूसरी तरफ महिलाओं एवं बच्चों ने खेल तमाशों का जमकर आनंद उठाया तथा मीना बाजार से अपने जरूरत की वस्तुएं खरीदीं। इस अवसर पर अकीदत बन्द लोग मौजूद रहे।


Bank of India
Relationship beyond banking
एसेट रिकवरी ब्रांच - गाजियाबाद
ई-52-बी, सेक्टर-09, नोएडा-201301,
फोन सं. 0120-3295465
ईमेल: arb.ghaziabad@bankofindia.co.in
शुद्धि पत्र
यह शुद्धिपत्र, दिनांक 02.06.2025 को इस समाचार पत्र में छपे ई-नीलामी जो कि 25.06.2025 को होना है, के संदर्भ में हैं जिसमें क्रम सं. 1, मैसर्स जी.आर.डी. फूड्स की सम्पत्तियों की ई-नीलामी किन्ही अपरिहार्य कारणों से बैंक द्वारा वापस ले लिया गया है।
तिथि : 16.06.2025, स्थान : नोएडा
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया


## डीजे पर गाना बजाने को लेकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। डीजे पर गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया है। घायल पीड़ित में थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव सिमथला निवासी चंद्रप्रकाश का कहना है कि गांव मे एक कार्यक्रम में डीजे बजाया जा रहा था। डीजे की आवाज सुनकर मैं भी कार्यक्रम मे पहुंच गया।डीजे पर गाना बदलने के लिए कहा तो गांव निवासी पवन पुत्र चंद्रभान, कोशिंदर पुत्र हरद्वारी, धीर सिंह पुत्र हरि सिंह ने मारपीट शुरू कर दी और लोहे के कड़े से हमला कर लहु लुहान कर दिया। घटना की तहरीर थाना आदमपुर में दे दी गई है। थाना पुलिस जांच में जुटी है।

# पूर्वांचल समिति द्वारा प्रतिभाशाली छात्रों का मेधा सम्मान




**मथुरा।** पूर्वांचल समिति ने 10 वीं एवं 12 वीं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं को सम्मानित करने हेतु कार्यक्रम ''उड़ान 2025'' का आयोजन किया। इस बौद्धिक–शैक्षणिक सम्मान समारोह का उद्‌घाटन जाने माने चिकित्सक डॉव सत्यमित्र,डॉव विजय कुमार द्विवेदी प्रोफेसर जीएलए यूनिवर्सिटीध मैकेनिकल इंजी. नियरिंग,लेफ्टिनेंट वेद प्रकाश पाण्डेय क्रीड़ा अधिकारीध्शारदा यूनिवर्सिटी, पूर्वांचल समिति के संरक्षक श्रीदास प्रजापति,वरिष्ठ सदस्य डी एल शाह गुप्ता,संयुक्त सचिव एस एन दूबे,सचिव रमेश सिंह एवं कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम का शुरुआत वत्स बन्धु के मंगलाचरण से होने के पश्चात 30 मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र,मेडल,ट्रॉफी एवं उपहार देकर उन्हें पुरस्कृत किया गया। प्रोफेसर विजय कुमार द्विवेदी ने बच्चों को बताया कि शिक्षा एवं संस्कार दोनों बहुत हीं जरूरी है,अगर आप जीवन में नई उड़ान भरना चाहते हैं तो निरंतर परिश्रम एवं तय लक्ष्य हीं आपको सफल बनाती है। शहर के जाने माने चिकित्सक डॉक्टर सत्यमित्र ने चिकित्सा क्षेत्र में जानेवाले विद्यार्थियों को छम्म्ज परीक्षा क्वालिफाई करने का मूल मंत्र बताया। उन्होंने कहा कि आप जो पढ़ें उसे आत्मसात करें तो कुछ भी असंभव नहीं है। डॉव चिंतामणि सिंह प्रोफेसरध्केव आरव डिग्री कॉलेज ने बच्चियों की शिक्षा पर जोर दिया और कहा कि जब एक महिला शिक्षित होती है तो पूरा एक परिवार शिक्षित होता है। उन्होंने बच्चों को अध्यापन के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने के गुर सिखाए। शारदा यूनिवर्सिटी के वेद प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि तन–मन का स्वस्थ होना उतना हीं जरूरी है जितनी शिक्षा क्योंकि स्वस्थ शरीर में हीं स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ती है। इस बौद्धिक कार्यक्रम में अभिभावक एवं बच्चों के बीच समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। एनएमआईएमएस (नार्सी मूंजी,मुंबई) की स्स्ठ द्वितीय वर्ष की छात्रा सोनाली शर्मा ने लॉ के क्षेत्र में कैरियर बनाने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने ''पढ़ाई के साथ साथ समाज सेवा'' विषय पर अपना वक्तव्य दिया।उन्होंने बताया कि 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण होने के बाद हमारे मन में बहुत सारे सवाल होते हैं और उन्हीं सवालों में उसका जवाब भी निहित होता है। जीएलए में बी फार्म की द्वितीय वर्ष की छात्रा मानसी सिंह ने फार्मा के क्षेत्र में अवसर एवं उसकी तैयारी के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। डी डी न्यूज के वरिष्ठ पत्रकार अमरेंद्र गुप्ता ने मीडिया एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में अवसर एवं उसमें प्रवेश के संबंध में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने ये भी बताया कि इस क्षेत्र में भविष्य में तरक्की की कितनी संभावनाएं हैं। प्रसिद्ध उद्योग. पति तनय शाह जिन्होंने बी टेक की शिक्षा बिट्स पिलानी से पूरी की थी,ने बच्चों को उच्च शिक्षा के लाभ एवं उसकी तैयारियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम ''उड़ान 2025'' में सम्मानित होनेवाले बच्चों में कुमारी शालू,राज सागर, अतिक्ष श्रीवास्तव,युवराज कुमार,भावना सिंह,कुमारी शांभवी, स्नेहा सिन्हा,हर्ष विनायक,दीपक पटेल,कुमारी दिशा,कुमारी ईशा यादव,वाग. ीश लाल कर्ण,साक्षी झा,रश्मि प्रजापति,दीपाली प्रजापति ,प्रेम साहनी, हरिओम साहनी, आरती साहनी,शुभम,जाह्नवी तिवारी,कुमारी साध्वी, भव्या गर्ग, कुमारी आदि रहे।

# जन मानस चेतना संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी छाता विधानसभा के अंतर्गतचौमुहा ब्लॉक में सभागार कच्छ में विकसित भारत के अमृत काल सुशासन गरीब कल्याण सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर जन् मानस चेतनासंवाद अभियान कार्यक्रम सभा का आयोजन किया गया।

मुरारी लाल मंडल अध्यक्ष के निर्देशन में मुरारी लाल ने बताया किसान के खाते में सीधे दिल्ली से चलते हैं उनके खाते में घ्2000 हजार रुपए आते हैं बीच में कोई कटौती नहीं होती है यह मोदी जी की गारंटी है केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना जन मानस के जीवन तक पहुंचने का काम माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किया जा रहा है मंडल अध्यक्ष राजवीर ने कार्यकर्ताओं के बीच में बताया योजनाओं को बखान कर हमारा कार्यकर्ता घर–घर जाकर योजनाओं की जानक. ारी बताएंगे हर सेक्टर पर हर शक्ति केंद्र पर नारी शक्ति वंदना योजना के अंतर्गत बहन बेटी को सम्मान मिल रहा है यह काम प्रधानमंत्री और योगी जी ने किया है कार्यक्रम समापन की ओर पवन ने किया उसमें उपस्थित शिवजी डॉ राजवीर सिंह मंडल अध्यक्ष मुरारी लाल अशोक सिसोदिया मंडल उपाध्यक्ष श्री हरि गोपाल शास्त्री कुलदीप डॉक्टर बच्चू सिंह अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला अपराधों के विरूद्ध गम्भीर है आयोगः डा. बबीता सिंह चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** डॉ. बबीता सिंह चौहान अध्यक्षा उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई, समीक्षा बैठक निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में सम्पन्न गयी। महिला जनसुनवाई के दौरान 16 पीड़ित महिलाओं ने उपस्थित होकर अपनी समस्याएं समक्ष रखी, जिसमें घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, दहेज प्रथा एवं विवाह उपरान्त प्रेम सम्बन्ध आदि के शिकायतें सम्मलित हैं। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक (क्राइम), जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, श्रम प्रर्वतन अधिकारी, महिला थाना, वन स्टाप सेन्टर यूनिट प्रथम द्वितीय तथा जिला बाल संरक्षण इकाई, मथुरा आदि उपस्थित रहे। डॉ. बबीता सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है। साथ ही प्रदेश सरकार की महिला कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत महिलाओं तक पहुँचाने की बात कही। राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण हेतु समय समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र ने कहा कि जन सुनवाई में आई शिकायतों को सम्बन्धित विभागों के समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जायेगा।

# नगर पालिका में वर्षों बाद हुई राजस्व निरीक्षक की तैनाती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोसीकलां।** शासन ने नगर पालिका में वर्षों से खाली चल रहे राजस्व निरीक्षक के पद पर नगर निगम कानपुर में तैनात राजस्व निरीक्षक प्रदीप कुमार सेन की तैनाती की है। वही नगर पालिका में तैनात कर अधीक्षक अनिरूद्ध भारती का तबादला कर दिया है। उनके स्थान पर कैराना में तैनात कर अधीक्षक शाकिर हुसैन की तैनाती की गई है। नगर पालिका में राजस्व निरीक्षक का पद वर्षों से खाली चल चल रहा था। इससे नगर पालिका के राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे थे। नगर पालिका प्रशासन ने कई बार शासन से राजस्व निरीक्षक की तैनाती करने के लिए पत्र लिखा था। जिस पर नगरीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा ने नगर निगम कानपुर में तैनात राजस्व निरीक्षक प्रदीप कुमार सेन की तैनाती की है। इससे नगर पालिका के राजस्व संबंधी मामलों का निस्तारण तेजी से होगा। वही नगर पालिका में तैनात कर अधीक्षक अनिरूद्ध भारती द्वारा कार्य में शिथिलता बरते जाने की शिकायत चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने कई बार शासन से की। नगर पालिका के कार्य के कार्य प्रभावित हो रहे थे। इस पर नगरीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा ने भारती के स्थान पर कैराना में तैनात कर अधीक्षक शाकिर हुसैन की तैनाती है। चेयरमैन ने बताया कि दोनों अधिकारी जल्द ही कार्य भार ग्रहण करेगें, जिससे पालिका के कार्य तेजी से निस्तारित होगें।

# हॉबीज हैरिटेज इंडिया सोसायटी को ट्रस्ट में किया जाएगा परिवर्तित

## कुछ संग्रहकर्ताओं ने अपने नए संग्रह का प्रदर्शन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** विभिन्न गति. विधियों को प्रोत्साहित करनी वाली संस्था हॉबीज हैरिटेज इंडिया सोसायटी की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर कुछ संग्रहकर्ताओं ने अपने नये संग्रह का प्रदर्शन किया। बैठक में अध्यक्ष रमाकांत शर्मा की पत्नी तथा कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल की माता जी के निधन दो मिनिट का मौन रखा गया। स्थानीय ओम लॉन में सोसायटी के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सचिव हर्षल सिंह ने आगामी कार्यक्रमों के रुप में विभिन्न विद्यालयों में कार्यशालाओं के आयोजन का प्रस्ताव रखा। जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान कर दी। सोसायटी के उपाध्यक्ष डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री ने सोसायटी को ट्रस्ट में परिवर्तित करने का प्रस्ताव रखा। जिसे सभी ने स्वीकार करते हुए ट्रस्ट के पंजीकरण तथा अन्य कार्यो के लिए विक्रम सेन सक्सेना को अधिकृ त किया। बैठक में मोहम्मद रेहान और अमित वर्मा ने उनके संग्रह में शामिल नये सिक्कों का प्रदर्शन भी किया गया। बैठक मे अध्यक्ष रमाकांत शर्मा की पत्नी तथा कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल की माता जी के निधन दो मिनिट का मौन रखा गया। बैठक में संरक्षक डॉ.एसपीएस संधू, धीरेंद्र सिंह, सभासद साकेत सक्सेना, मुकुल अग्रवाल, राकेश कुमार, मोहम्मद रेहान, अमित वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# नैक विशेषज्ञों ने दूर किये नैक के बहुत से संशय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जेएमबी इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज एण्ड हायर एजूक. ेशन देवीपुरा, पीलीभीत में सोमवार को 2 दिवसीय नैक कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।




इस कार्यशाला में जेएमबी इंस्टीट्यूट के प्रबन्धक अंचल गुप्ता सहित कॉलेज के प्राचार्य डा. आशीष कुमार गुप्ता, उप–प्राचार्य डा. ज्योति बाला, चीफ प्राक्टर नरेन्द्र मोहन सक्सेना, समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त शिक्षण–गण एवं समस्त कार्यालयी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थान के समस्त शिक्षकों को नैक मूल्यांकन के विषय में यथोचित जानकारी प्रदान करना था। इसके साथ ही नैक मूल्यांकन प्राप्त करने के लिये की जाने वाली विभिन्न प्रकार की तैयारियों को किस प्रकार से किया जाना चाहिये विषय पर भी कार्यशाला में चर्चा की गई। इस कार्यशाला का मुख्य बिन्दु नैक मूल्यांकन हेतु जेएमबी इंस्टीट्यूट पीलीभीत के समस्त शिक्षकों को जानक. ारी प्रदान करना रहा। कार्यशाला को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिये नैक विशेषज्ञ डा. युवराज भटनागर, भवेश कुमार और सुरेन्द्र कुमार अरोरा की टीम को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपने अनुभव और कुशल निर्देशन का प्रयोग करते हुए प्रबन्धक महोदय, प्राचार्य, उप–प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों को नैक मूल्यांकन को सतत् बनाने के लिये किये जाने वाले विभिन्न कार्यों को करने के लाभ से अवगत कराया। इस अवसर पर जेएमबी इंस्टीट्यूट के प्रबन्धक अंचल गुप्ता ने कहा कि, "नैक मूल्यांकन के बारे में नित–प्रतिदिन भारत सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की सूचनायें जारी होती रहती है, जिनके बारे में पूर्ण रूप से समझना समस्त शिक्षण संस्थानों के लिये बहुत आवश्यक है। उन्होने बताया यदि भविष्य में शिक्षा की गुणवत्ता के स्तर को सुधारना है तो नैक मूल्यांकन एक बहुत सफल प्रक्रिया है, जो कुछ प्रयासों के उपरान्त हमारे शिक्षण संस्थान के छात्र/छात्राओं को एक सफल शिक्षण प्रदान करने में बहुत अधिक सहायक सिद्ध होगी। नैक मूल्यांकन से हमारे छात्र/छात्राओं को शोध, रोजगार, विभिन्न शासकीय छात्रवृत्त्यिों एवं महाविद्यालय अनुदान आदि के क्षेत्र में सहायता प्राप्त होगी। प्राचार्य डा. आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि, "आज की इस नैक कार्यशाला का हिरसा बनने से हमारे संस्थान के समस्त शिक्षक जोश एवं विचारों से परिपूर्ण प्रतीत हो रहे है जिन लोगों को नैक मूल्यांकन एक टेढ़ी खीर लगती है, उन्हें एक बार इस प्रकार की कार्यशाला का हिस्सा जरूर बनना चाहिए, जिससे उनके विभिन्न संशयों का निराकरण हो और शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने वाले इस लाभ को यथा समय उन तक पहुंचाया जा सके। "उन्होने यह भी कहा कि, "यकीनन नैक मूल्यांकन प्राप्त करने के उपरान्त पीलीभीत जनपद एवं आस–पास के क्षेत्र के विद्यार्थियों को जे.एम.बी. इंस्टीट्यूट, पीलीभीत से प्राप्त होने वाले लाभों में बहुत अधिक इजाफा होने वाला हैं।

# छत से गिरकर युवक की हुई मौत

**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस जुटी जांच में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव भूड़ मंडोली में रविवार देर रात एक युवक की छत से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।



युवक की मौत को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मृतक 32 वर्षीय जीराज यादव की पत्नी रेखा व परिजनों के अनुसार, जीराज यादव रात को छत पर सोने गया था। सुबह उसकी लाश घर के बाहर पड़ी मिली। शरीर पर कोई चोट का निशान भी नहीं था परिवार वालों का कहना है कि ये केवल छत से गिरने का मामला नहीं हैं बल्कि उसकी हत्या की गई है। मृतक के दो बच्चे हैं लड़की जोकि बारह वर्ष व लड़का आठ वर्ष का है। इस प्रकरण में मृतक के परिजनों ने पड़ोस की एक महिला व उसके परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया हैं बताया जा रहा हैं कि इस महिला से मृतक के काफी समय से प्रेमप्रसंग चल रहा था। हल्का दरोगा सुरेश कुमार पटेल ने बताया कि घटना रात करीब बारह बजे की है इसका पड़ोस की महिला से विवाद चल रहा था।

कुछ समय पहले इसके खिलाफ महिला ने छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया था की इसकी विवेचना चल रही है।इसी बीच रात यह घटना घट गई। रात में वह छत से गिरा है उसके पैर में और अंदरूनी चोट है।

# पात्र परिवारों को वितरण की गई सहायता राशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सोमवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अंतर्गत 11,690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ रुपए की सहायता राशि का वितरण किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में किया गया, जिसमें सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, सदस्य विधान परिषद बहोरन लाल मौर्य, विधायक कैण्ट संजीव अग्रवाल, विधायक फरीदपुर श्याम बिहारी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देश दीपक सिंह, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार सहित लाभार्थियों ने देखा और सुना।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न




**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला बाल विकास विभाग की जिला पोषण समिति बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बिंद. ुवार प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिलाधिकारी को विभागीय प्रगति से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा बिन्दुवार समीक्षा की गई, पोषण ट्रेकर पर लाभार्थियों के वजन, गृह भ्रमण राशन की फीडिंग की गहन समीक्षा की गई। जिला. धिकारी द्वारा वजन मशीन की उपलब्धता के संबंध में विशेष समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा गुणवत्तापरक फीडिंग एवं कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिक. ारी युगल किशोर सांगुड़ी द्वारा जनपद की आठों परियोजनाओं की पोषण ट्रैकर एवं अन्य विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा प्रस्तुत की गई, जिसमें बिंदुवार वजन, गृह भ्रमण, वीएचएसएनडी, साम. ुदायिक गतिविधियों, राशन वितरण, मोबाइल सत्यापन में जिन परियोजनाओं की प्रगति अपेक्षाकृत कम पायी गई उनको सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद के कुल 1960 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 1229 ग्राम/वार्ड निगरानी समितियां जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान के द्वारा की जाती है के द्वारा अनुपूरक पुष्टाहार वितरण के प्रमाण पत्र देना पाया गया।

जिसको लेकर जिलाधिक. ारी ने कठोर शब्दों में निर्देशित किया गया कि इस कार्य को गम्भीरता से शीघ्र पूर्ण कराया जाये तथा जो ग्राम प्रधान इस कार्य में सक्रियता नहीं दिखा रहे हैं उनसे डीपीआरओ सम्पर्क कर प्रमाण पत्र जारी करायें। जिलाधिकारी द्वारा फेस ऑथेंटिकेशन एवं केवाईसी के कार्य को इस माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे कि भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में सभी को अनुपूरक पुष्टाहार प्राप्त हो सके। इस संबंध में परियोजना बीसलपुर, अमरिया एवं मरौरी की कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की एवं कैंप लगाकर उक्त कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही दिनांक 21 जून को आयोजित होने वाले अंत. रराष्ट्रीय योगदिवस के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा जानक. ारी देते हुए समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर 21 जून को प्रातः 6 बजे से योग कराने और योगदिवस के फोटोग्राफ रक्षित करने के निर्देश दिये गये।

# गर्मी से बेहाल उपभोक्ता चहल कदमी कर रात बिताने को मजबूर

**देवरनियां।** ओवरलोड ट्रांसफॉर्मर उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध कराने में विफल हो रहा है। विद्युत उपकेंद्र देवरनियाँ पर भरपूर मात्रा में बिजली उपलब्ध है, इसके बावजूद उपभोक्ताओं को एक-एक घंटे के रोस्टर के तहत बिजली मिल रही है। भीषण गर्मी के बाद भी दर्जनों बार बिजली ट्रिप हो जाती है, यही नहीं उपभोक्ताओं की हाथ से पंखा झलते रात बीत जाती है। विद्युत उपकेंद्र पर तैनात अधिकारियों से जब बात की जाए तो उनके द्वारा बताया जाता है कि यहां ट्रांसफार्मर अधिक लोड की वजह से काम करना बंद कर देते हैं।

# बरेली में एक और व्यक्ति कोरोना संक्रमित

**निजी लैब की आरटीपीसीआर जांच में हुई पुष्टि**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** देश में कोरोना की दस्तक के बाद अब बरेली में भी संक्रमितों की संख्या बढ़ने लगी है। सोमवार को निजी पैथोलॉजी में आरटीपीसीआर जांच में 57 वर्षीय व्यक्ति कोरोना संक्रमित मिला है। शाम को पुष्टि होने की वजह से मंगलवार की सुबह स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरोधात्मक कार्रवाई होगी।



पिछले सप्ताह पंजाब से बरेली लौटे प्रवासी युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली थी। हालांकि, छह दिन बाद बरेली में हुई एहतियातन जांच में रिपोर्ट निगेटिव मिली थी। तब अफसरों ने युवक को पंजाब में हुई जांच में ही संक्रमित बताकर पल्ला झाड़ लिया था।

अब गांधीपुरम निवासी एक व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, जिसकी कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है। विभाग के दावों पर प्रश्नचिन्ह लगा है।

निजी पैथोलॉजी से मिली पॉजिटिव रिपोर्ट पर आईडीएसपी सेल ने संक्रमित से संपर्क किया। शाम पांच बजे पोर्टल पर रिपोर्ट अपडेट हुई। मंगलवार को संक्रमण का सर्विलांस होगा। बताया जाता है कि गांधीपुरम के व्यक्ति की ट्रेवल हिस्ट्री न होने से उसके संक्रमित होने की वजह परिजन या फिर शहर में ही आवा. जाही के दौरान चपेट में आने की आशंका है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के मुताबिक संक्रमित के घर मंगलवार को टीम पहुंचेगी। निर्देशानुसार कार्रवाई होगी।

## तीन सौ बेड अस्पताल नहीं पहुंची एंटीजन किट

अधिकारियों का दावा है कि कोरोना की जांच के लिए एंटीजन किट बीते सप्ताह खरीद ली गई है। जो ड्रग स्टोर में रखी हैं। जिन्हें स्वास्थ्य केंद्रों पर और संबंधित सरकारी अस्पतालों में भेजा जा रहा है। लेकिन शहर के खुर्रम गौटिया स्थित तीन सौ बेड अस्पताल की पैथोलॉजी तक किट नहीं पहुंची। जबकि यहां प्रतिदिन फिजिशियन की करीब चार सौ ओपीडी होती है। इनमें कोई संक्रमित है या नहीं, इसकी पुष्टि जांच से ही होगी।

# ट्रक की टक्कर से कानूनगो की मौत

**कार काटकर निकाला गया शव, पत्नी गंभीर घायल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में बड़ा बाइपास के नवदिया झादा चौराहे के पास सोमवार सुबह सड़क हादसे में उत्तराखंड के सितारगंज निवासी यशोदा सिंह राणा की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी रजनी राणा गंभीर रूप से घायल हुई हैं। इनकी कार को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी थी। कार काटकर यशोदा सिंह का शव निकाला गया।



कार में सवार यशोदा सिंह राणा ऊधमसिंह नगर जिले के सितारगंज के 150 सरोजना के निवासी थे। उनका मुरादाबाद में घर है, जहां परिवार के साथ रहते थे। लखीमपुर खीरी जिले में कानूनगो पद पर तैनात थे। वह पत्नी के साथ कार से लखीमपुर जा रहे थे। बिथरी क्षेत्र में बड़ा बाइपास के पास ट्रक ने कार को टक्कर मार दी।

इससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। यशोदा सिंह और उनकी पत्नी अंदर फंस गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार कटवाकर उन्हें बाहर निकाला। यशोदा सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी। उनकी पत्नी की हालत गंभीर है। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी। यशोदा सिंह राणा उत्तराखंड के नानकमत्ता के पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा के चचेरे बड़े भाई थे। सूचना पर पूर्व विधायक परिजनों के साथ बरेली पहुंचे। वहीं, पुलिस ने यशोदा सिंह के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विमेंस वनडे विश्वकप का शेडयूल जारी




● भारत-पाकिस्तान की पांच अक्टूबर को होगी कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भिड़ंत

**दुबई, वार्ता।** आगामी महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप में भारत और पाकिस्तान के बीच पांच अक्टूबर को होने वाला मुकाबला कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जायेगा।

जारी किए महिला एकदिवसीय विश्वकप कार्यक्रम के अनुसार 30 सितम्बर को भारतीय टीम और श्रीलंका के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मैच से टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। 26 अक्टूबर को भारत का मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ बेंगलुरु में होगा। गत विजेता ऑस्ट्रेलिया अपना अभियान एक अक्टूबर को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगी, वह आठ अक्टूबर को कोलंबो में पाकिस्तान से भिड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मैच 22 अक्टूबर को इंदौर में होगा। बारह साल बाद भारत महिला विश्वकप की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट में भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका ने सीधे क्वालीफाई किया था। वहीं पाकिस्तान और बांग्लादेश ने लाहौर में हुए क्वालीफायर के बाद टूर्नामेंट में जगह बनाई।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच हुए हाइब्रिड समझौते के तहत पाकिस्तान अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा। महिला विश्वकप में पाकिस्तान के शेष मैच दो अक्टूबर को बांग्लादेश, 15 अक्टूबर को इंग्लैंड, 18 अक्टूबर को न्यूजीलैंड, 21 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका और 24 अक्टूबर को श्रीलंका के साथ होंगे। बेंगलुरु में 30 सितम्बर को भारत बनाम श्रीलंका, इंदौर में एक अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड, तीन अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड, कोलंबो में पांच अक्टूबर को भारत बनाम पाकिस्तान, इंदौर में छह अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड, गुवाहाटी में 11 अक्टूबर को श्रीलंका बनाम इंग्लैंड, कोलंबो 15 अक्टूबर को पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड, इंदौर में 22 अक्टूबर को इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया, इंदौर में 25 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया, गुवाहाटी में 26 अक्टूबर (अपरन्ह) को इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड, बेंगलुरु में 26 अक्टूबर को भारत बनाम बांग्लादेश के बीच मैंच होंगे।

## भारतीय टीम के साथ कल फिर से जुड़ेंगे गौतम गंभीर

**लंदन, वार्ता।** भारत बनाम इंग्लैंड के बीच शुक्रवार को शुरु होने वाले टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर कल फिर से दल के साथ जुड़ जाएंगे गंभीर अस्पताल में भर्ती मां के बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण 11 जून को इंग्लैंड से दिल्ली लौट आए थे। गंभीर की अनुपस्थिति में रायन टेन डेशकाटे, सहायक कोच सितांशु कोटक और गेंदबाजी कोच मॉर्ने मोर्कल ने टीम की तैयारी की निगरानी की। इंडिया ए के कोच ऋषिकेश कानितकर भी उनके साथ थे। ऐसा माना जा रहा है कि गंभीर की मां के स्वास्थ्य में अब सुधार है और वह मंगलवार को भारतीय टीम के साथ जुड़ जायेंगे। पहले टेस्ट को देखते हुए गंभीर को टीम प्रबंधन के साथ मिलकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे।

# वाशिंगटन मेरे प्रेरणास्त्रोत: साई

● पहले अभ्यास सत्र के दौरान बातचीत में दोनों खिलाड़ी भावनात्मक रूप से एक दूसरे से मिले




**लंदन, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने सोमवार को कहा कि उनके वरिष्ठ साथी क्रिकेटर वाशिगटन सुंदर उनके लिए प्रेरणााेत रहे हैं।

तमिलनाडु के घरेलू क्रिकेट के दिनों से जुड़े ये दोनों खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए अभ्यास सत्र के दौरान फिर से मिले। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज शुरु होने से पहले अभ्यास सत्र के दौरान बातचीत में दोनों खिलाड़ियों ने भावनात्मक रूप से एक दूसरे के प्रति जुड़ाव को याद किया। सुदर्शन ने अभ्यास सत्र के दौरान कहा कि मैंने उन्हें (वाशिगटन सुंदर) टीवी पर देखा और उनके कौशल से बहुत कुछ सीखा है। वाशिगटन सुंदर शुरू से ही मेरे लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं और उनके साथ एक या दो बार अभ्यास भी किया है। सुदर्शन ने याद किया कि उन्होंने वशिगटन सुंदर को भारतीय टीम में शामिल होने से पहले आईपीएल में उनकी बल्लेबाजी के जौहर देखे हैं। सुदर्शन ने कहा कि उस दौर ने मुझे वास्तव में प्रेरित किया। मैं उन्हें चेन्नई में साथ खेलने के हमारे युवा दिनों से जानता हूं। इससे मुझे लगा कि मैं भी उनके जैसा ही रास्ता अपना सकता हूं। भगवान उनका भला करे। इस पर वाशिगटन सुंदर ने कहा कि उन्होंने मुझे यह कई बार बताया है। मेरे कई दोस्तों और कोचों ने भी बताया है कि वह कितनी दूर तक पहुंचे हैं। उनका प्रदर्शन खासकर पिछले तीन-चार वर्षों में उल्लेखनीय रहा है। जब भी मैं उन्हें टीवी पर देखता हूं, तो मैंने देखा उनके खेल में कितना सुधार आया है। उनकी बल्लेबाजी बेहतरीन है।

# पटौदी की विरासत को बचाने को सचिन तेंदुलकर आए आगे

● ईसीबी-बीसीसीआई के अधिकारियों से की बात, भारत इंग्लैंड को मिलेगा पटौदी पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** सचिन तेंदुलकर ने भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज़ में पटौदी की विरासत को बनाए रखने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों से बात की है। दोनों क्रिकेट बोर्डों ने पटौदी ट्रॉफी को रिटायर करने के ईसीबी के फैसले के बाद आगामी भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का नाम एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी रखने का निर्णय लिया था। हालांकि, इस फैसले को लेकर जबरदस्त विरोध देखने को मिला और खुद तेंदुलकर ने पटौदी विरासत को बचाने के लिए हस्तक्षेप किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सचिन के अनुरोध को ईसीबी ने स्वीकार कर लिया है और विजेता कप्तान को स्वर्गीय एमएके पटौदी के नाम पर एक पदक प्रदान किए जाने की योजना तैयार कर रही है। ईसीबी के एक अधिकारी ने स्वीकार किया है कि हां, इंग्लैंड-भारत सीरीज में पटौदी कनेक्शन को बनाए रखने की पुष्टि योजना है। 2007 से पटौदी ट्रॉफी आई पटौदी ट्रॉफी 2007 में भारत के 1932 में अपने पहले टेस्ट की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अस्तित्व में आई थी। 21 साल की उम्र में पटौदी सबसे कम उम्र के भारतीय टेस्ट कप्तान बने थे। उनके पिता इफ्तिखार अली खान पटौदी ने इंग्लैंड और भारत दोनों का प्रतिनिधित्व किया था। सचिन तेंदुलकर के नाम सबसे ज्यादा 200 टेस्ट मैच खेलना और सबसे ज्यादा 15,921 टेस्ट रन बनाने का रिकार्ड है। वहीं, जेम्स एंडरसन ने पिछले साल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। एंडरसन दूसरे सबसे ज्यादा 188 टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। वे टेस्ट में तीसरे सबसे ज्यादा 704 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

# हम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार: सलीमा

● टीम अभ्यास और महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए रणनीतियों पर कर रही है काम



**लंदन, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने सोमवार को कहा कि हम 17 और 18 जून को लंदन में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के मैचों में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार है।

आगामी मैचों के बारे में सलीमा टेटे ने कहा कि अर्जेंटीना हॉकी में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम है और उसने अब तक 12 एफआईएच प्रो लीग मैचों में से सात जीते हैं। लीग के इस चरण में आने से पहले हम जानते थे कि उन्हें हराना मुश्किल होगा, लेकिन हम बिना लड़े हार नहीं मानेंगे। हम दोनों मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। टीम उनसे मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से अभ्यास और महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर काम कर रही है। उप कप्तान नवनीत कौर ने कहा कि जैसा कि आपने देखा, टीम ने पिछले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी है और हम अर्जेंटीना के खिलाफ भी ऐसा ही करने की योजना बना रहे हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे और जीत का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। अर्जेंटीना के खिलाफ जीत से न केवल हमें अंक हासिल करने में मदद मिलेगी, बल्कि इससे टीम का मनोबल भी बढ़ेगा। हम बेल्जियम और चीन के खिलाफ मैच खेलने के लिए एंटवर्प और फिर बर्लिन जाएंगे। भारतीय महिला हॉकी टीम लंदन के ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में 17 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ पहला और उसके बाद 18 जून को दूसरा मैच खेलेगी।

## राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 27 जून से पंचकूला में

**चंडीगढ़, वार्ता।** हरियाणा में राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता (महिला एवं पुरुष वर्ग) का आयोजन 27 से 29 जून तक पंचकूला में किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में महिला (सीनियर वर्ग) में भार 45-48 किलोग्राम, 51 किलोग्राम, 54 किलोग्राम, 57 किलोग्राम, 60 किलोग्राम, 65 किलोग्राम, 70 किलोग्राम, 75 किलोग्राम, 80 किलोग्राम, +80 किलोग्राम तथा पुरुष (सीनियर वर्ग) में 47-50 किलोग्राम, 55 किलोग्राम, 60 किलोग्राम, 65 किलोग्राम, 70 किला. ग्राम, 75 किलोग्राम, 80 किलोग्राम आदि खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

## डीडीसीए ने शहर व्यापी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने सोमवार को अपने बहुप्रतीक्षित टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आधिकारिक तौर पर शुभारंभ किया। सोमवार को यहां सेंट स्टीफंस कॉलेज ग्राउंड में राष्ट्रीय राजधानी की सबसे बड़ी अंतर-क्लब प्रतियोगिताओं में से एक टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत मद्रास सीसी और यॉर्क सीसी के बीच एक रोमांचक उद्घाटन मैच के साथ हुई। प्रतियोगिता में कुल 104 क्लब भाग लेंगे। टीमों को ग्रुप चरण के लिए नौ पूल में विभाजित किया गया है। इस अवसर पर डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा कि यह टूर्नामेंट दिल्ली क्रिकेट के लिए एक मजबूत भविष्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य ऐसे और अधिक मंच प्रदान करना है।

**खेल विशेष**

## भारतीय फुटबॉल टीम हांगकांग से हारी

**हांगकांग, वार्ता।** खिलाड़ी शांति के संदेशवाहक के रूप में काम करते हैं: अनुराधा गुप्ता

श्रीनगर, वार्ता। जम्मू-कश्मीर की युवा सेवा एवं खेल महानिदेशक अनुराधा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि खिलाड़ी शांति, समृद्धि और सद्भाव के संदेशवाहक होते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी लोकप्रियता और प्रभाव के कारण खिलाड़ी समाज के ब्रांड एंबेसडर की भूमिका निभाते हैं। सुश्री गुप्ता ने मौलाना आजाद स्टेडियम से जम्मू-कश्मीर के दल को भुवनेश्वर (ओडिशा) में 22-26 जून तक होने वाली 78वीं सीनियर नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप के लिए रवाना किया। दल में पांच पुरुष और पांच महिला तैराक शामिल हैं, जिन्हें योग्यता के आधार पर चुना गया है। उन्होंने तैराकी संघ के प्रयासों की सराहना की और कहा कि जम्मू-कश्मीर में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, उन्हें जमीनी स्तर पर निखारने की सख्त जरूरत है।

## मनप्रीत भारत के लिए सबसे अधिक मैच खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी बने




**एंटवर्प, वार्ता।** मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ऑस्ट्रेलिया खिलाफ खेलने मैदान में उतरने के साथ ही भारत के लिए अपना 400वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले इस एतिहासिक मुकाबले में भारतीय टीम को 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। अपने 400वें मैच में खेलने के साथ ही मनप्रीत सिंह सर्वाधिक मैच के मामले में पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की के 412 मैचों के रिकार्ड से 12 मैच पीछे है। 400 मैच तक पहुंचने को लेकर मनप्रीत ने कहा कि उन्होंने इस बारे में सोचा भी नहीं था। उन्होंने कहा कि वह उन्हें प्रेरित करने वाले प्रत्येक कोच और टीम के हर उस खिलाड़ी के साथ इस उपलब्धि साझा करना चाहेंगे जो उनके साथ खड़ा रहा। मैच में हार को लेकर मनप्रीत सिंह ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमने यहां लगातार छह मैच हारे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। हालांकि सभी मुकाबले बहुत करीबी रहे हैं और हमने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन फिनिशिग में कमी रही। हम इस पर चर्चा करेंगे और अगलों मैचों में जोरदार वापसी का प्रयास करेंगे।

## गेंदबाज आवेश खान का मंगलवार को होगा घुटने का आपरेशन

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर आवेश खान का मंगलवार को मुंबई के कोकिला बेन अस्पताल में दाहिने पैर के घुटने की सर्जरी होगी। उनकी सर्जरी कोकिलाबेन अस्पताल के स्पोर्ट्स मेडिसिन एंड आर्थोस्कोपी के हेड डाक्टर दिनशा पारदीवाला करेंगे। आवेश के पिता आशिक खान ने बताया कि घुटने की सर्जरी के लिए आवेश सोमवार को इंदौर से मुंबई चले गए हैं। मंगलवार को आपरेशन होगा। कुछ दिन वह मुंबई में डाक्टरों की निगरानी में रहेंगे और फिर करीब एक महीने बेड रेस्ट करेंगे। 2023 में ऋषभ पंत के लिगामेंट की भी सर्जरी कर चुके हैं। पंत का साल 2022 के आखिरी दिन दिल्ली से मेरठ जाने के दौरान कार एक्सीडेंट हो गया था। उनके सिर, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आई थीं। उनके दाहिने पैर के घुटने की तीन लिगामेंट भी टूट गया था।

### टीम इंडिया इंट्रा-स्क्वाड मैच

# शार्दूल ने प्रैक्टिस मैच में जड़ा शतक

● इंग्लैंड टेस्ट के लिए दावेदारी मजबूत, तीसरे दिन शार्दूल ठाकुर भारत ए की पारी में शतक लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने

**बेकनहम, वार्ता।** शार्दूल ठाकुर ने बेकनहम में खेले गए इंट्रा-स्क्वाड मैच में भारत ए की ओर से 68 गेंदों में नाबाद 122 रनों की शानदार पारी खेली। इसके साथ ही उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग इलेवन में अपनी दावेदारी की पेश की। तीसरे दिन शार्दूल भारत ए की पारी में शतक लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। इससे पहले सरफराज खान ने दूसरे दिन 76 गेंदों में 101 रन बनाए थे, जिसमें 15 चौके और 2 छक्के शामिल थे।

शार्दूल ने अपना शतक भारत की टेस्ट गेंदबाजी यूनिट जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह के खिलाफ बनाया। तीसरे दिन ही टीम मैनेजमेंट ने इंट्रा-स्क्वाड मैच को खत्म कर दिया मैनेजमेंट ने तीसरे दिन के मध्य में ही इंट्रा-स्क्वाड मैच को खत्म कर दिया। यह मैच सोमवार, 16 जून तक चलने वाला था। बीसीसीआई ने रविवार को कहा कि टीम इंडिया का इंट्रा-स्क्वाड मैच समाप्त हो गया है। 16 जून को पूरा दिन आराम रहेगा। टीम 17 जून को लीड्स के लिए रवाना होगी। प्रैक्टिस मैच का सीधा प्रसारण नहीं किया गया और न ही मीडिया को आधिकारिक तौर पर स्कोर उपलब्ध कराए गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह टीम का फैसला था कि तीन या चार दिन का मैच खेला जाए। स्कोर पर पूरी तरह भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि कुछ खिलाड़ियों ने दो बार बल्लेबाजी की (जैसे भारत ए के लिए वाशिंगटन सुंदर)।

टीम मैनेजमेंट ने इंट्रा स्कायड मैच को तीसरे दिन ही समाप्त कर दिया। टीम अब 16 जून को आराम करेगी। चीफ सिलेक्टर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख भी मैच के दौरान थे मजबूत इससे पहले, भारत ने 469 रन बनाए थे। चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर और बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने बेकनहम में सरफराज और शार्दूल के शतकों को देखा। दूसरे दिन के खेल की समाप्ति पर ठाकुर 10 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 19 रन बनाकर नाबाद थे। प्रैक्टिस मैच में ठाकुर के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें साथी आलराउंडर नितीश कुमार रेढी पर बढ़त दिला दी है। शार्दूल ठाकुर ने 2023 में खेला था आखिरी टेस्ट शार्दूल ठाकुर, जिन्होंने आखिरी टेस्ट 2023 में खेला था, बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी के लिए भारत की टीम का हिस्सा नहीं थे, जबकि नीतीश कुमार रेढी ने सभी पांच टेस्ट खेले और मेलबर्न टेस्ट में शतक भी जड़ा। शार्दूल को महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट लेने के लिए जाना जाता है और उन्हें गोल्डन आर्म मैन के रूप में देखा जाता है। हेडिंग्ले टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में उनका चयन होता है या नहीं, यह देखना बाकी है। भारत के लिए 11 टेस्ट मैचों में, ठाकुर ने एक पांच विकेट हाल सहित 31 विकेट लिए हैं, जबकि 18 पारियों में 67 रनों की सर्वोच्च पारी के साथ 331 रन बनाए हैं। रणजी ट्राफी में मुंबई के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद ठाकुर को इंग्लैंड सीरीज के लिए टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया। उनका पिछला टेस्ट दिसम्बर 2023 में सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ था।

## चोटिल डॉगेट टीम से बाहर, एबॉट को बुलाया

● डॉगेट की तरह एबॉट भी टेस्ट स्तर पर अनकैप्ड खिलाड़ी है



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट कूल्हे की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए है और उनकी जगह सीन एबॉट को टीम में बुलाया गया है। डॉगेट वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। लेकिन अब वह चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया लौट आएंगे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेलने वाली टीम ऑस्ट्रेलियाई टीम में डॉगेट रिजर्व खिलाड़ी के रूप में शामिल थे। डोगेट की तरह एबॉट भी टेस्ट स्तर पर अनकैप्ड हैं, वे इस साल की शुरुआत में श्रीलंका दौरे पर गई ऑस्ट्रेलिया की टीम में थे और भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान भी टीम में थे। लेकिन वह अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट में अभी तक पर्दापण नहीं कर पाये है। ऑस्ट्रेलिया की टीम 25 जून से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले अगले सप्ताह के मध्य में बारबाडोस पहुंचेगी। इसके बाद ग्रेनेडा और जमैका में मैच होंगे।

# जसप्रीत बुमराह-संजना बने केनरा एचएसबीसी लाइफ के ब्रांड एम्बेसडर




**नई दिल्ली, वार्ता।** जीवन बीमा क्षेत्र की कंपनी केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और उनकी पत्नी एवं प्रसिद्ध खेल प्रस्तोता संजना गणेशन को अपना नया ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। कंपनी ने यहां कहा कि इस जोड़ी का प्रतिनिधित्व राइज वर्ल्डवाइड द्वारा किया जा रहा है। यह साझेदारी कंपनी के उद्देश्य आधारित ब्रांड दृष्टिकोण को और सशक्त बनाती है और इसके मूल विचार 'प्रॉमिसेज़ का पार्टनर', यानी जीवन के हर मोड़ पर भरोसेमंद साथ निभाने वाले साथी, को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत करती है। कंपनी का मानना है कि बुमराह और संजना का रिश्ता भरोसे, जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता जैसे मूल्यों पर आधारित है, वही मूल्य जो न केवल उनके खेल में उत्कृष्टता की पहचान हैं, बल्कि जीवन बीमा के क्षेत्र की भावना से भी मेल खाते हैं। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के अनुसार, यह रियल-लाइफ दंपति इस सोच को दर्शाता है कि जब जरूरत पड़े, तब साथ निभाना ही एक सच्चे 'प्रॉमिसेज का पार्टनर' की असली पहचान है। बुमराह ने इस साझेदारी पर कहा कि हर वादा, चाहे वह मैदान पर हो या जीवन में, जिम्मेदारी के साथ आता है। संजना और मैं हमेशा से पहले से योजना बनाकर चलने और हर दौर में एक-दूसरे का साथ देने में विश्वास रखते हैं। ऐसे में केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के साथ यह साझेदारी हमारे लिए एक सहज और स्वाभाविक जुड़ाव जैसा है। कंपनी यह समझती है कि लोगों के लिए लगातार उपस्थित रहना कितना महत्वपूर्ण है, ठीक वैसे ही जैसे एक सच्चे साथी को होना चाहिए। संजना ने कहा कि मेरे लिए एक सच्चे साथी का मतलब है ऐसा साथ, जिस पर हर परिस्थिति में भरोसा किया जा सके, सिर्फ तब नहीं जब सब कुछ आसान हो, बल्कि तब भी जब हालात चुनौतीपूर्ण हों। यही सोच मुझे केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस और उनकी 'प्रॉमिसेज का पार्टनर' फिलॉसफी से जुड़ने के लिए प्रेरित करती हैं। यह उस जीवनशैली को दर्शाता है, जिसे जसप्रीत और मैं जीते हैं, सोच-समझकर योजना बनाना, एक-दूसरे का सहारा बनना है।

## फीफ क्लब विश्व कप में यूरोप के दिग्गज क्लबों ने जीत दर्ज की

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** फीफा क्लब विश्व कप में यूरोप के दिग्गज फुटबॉल क्लबों बायर्न म्यूनिख और पेरिस सेंट-जर्मेन ने जीत के साथ शानदार शुरुआत की। इसके अलावा बोटाफोगो ने सिएटल साउंडर्स पर मामूली अंतर से जीत दर्ज की, जबकि पाल्मेरास और पोर्टो के बीच खेला गया मैच गोल रहित ड्रॉ रहा।

ग्रुप सी में रविवार को मिडफील्डर जमालकी दूसरे हाफ में लगाई गई हैट्रिक की बदौलत बायर्न म्यूनिख ने ऑकलैंड सिटी पर 10-0 के साथ बड़ी जीत हासिल की, जबकि किंग्सले व माइकल ने दो- दो गोल किए। साचा बोए और मुलर और अन्य ने भी एक-एक गोल दागे। बायर्न की जीत क्लब विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़ी जीत है, जिसने 2021 में अल-हिलाल की अल जज़ीरा पर 6-1 की जीत को पीछे छोड़ दिया। ग्रुप बी में नयी यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट- जर्मेन ने दोनों हाफ में दो गोल करके कैलिफोर्निया के पासाडेना में रोज बाउल में 80 हजार से अधिक प्रशंसकों के सामने एटलेटिको मैड्रिड पर 4-0 की जीत हासिल की। ब्राजील के पाल्मेरास और पुर्तगाली टीम पोर्टो ने न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में ग्रुप ए के अपने मैच में गोलरहित ड्रॉ खेला। ग्रुप बी के दूसरे मुकाबले में सीरी ए चैंपियन बोटाफोगो ने एमएलएस क्लब सिएटल साउंडर्स पर 2-1 से जीत हासिल की। जैर और जीसस के हेडर ने हाफटाइम तक बोटाफोगो को 2-0 की बढ़त दिलाई, लेकिन क्रिस्टियन रोल्डन ने गोलकर जीत के अंतर को कम कर दिया।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 17 जून 2025

## छात्रों की वापसी

ईरान–इजरायल में युद्ध के बीच सोमवार को एक अच्छी खबर आई कि भारत ने ईरान में रह रहे अपने 1500 छात्रों को वहां से निकालने की व्यवस्था कर ली है। ये छात्र ईरान से आर्मेनिया के रास्ते भारत लौटेंगे। इस समय ईरान में 1500 स्टूडेंट्स सहित लगभग दस हजार भारतीय फंसे हुए हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय ने भी इस संबंध में अपना पूरा सहयोग देने की बात कही है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मौजूदा हालात में देश के एयरपोर्ट भले ही बंद हैं, लेकिन लैंड बॉर्डर्स खुले हुए हैं। विद. ेशी नागरिकों को ईरान छोड़ने से पहले राजनयिक मिशनों के जरिये ईरान के जनरल प्रोटोकॉल विभाग को अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, कॉलेज डिटेल, देश से निकलने का समय जैसे जानकारियां देनी होंगी। भारत ने छात्रों को निकालने के लिए ईरान में आर्मेनिया के राजदूत से बातचीत की। इन बातों से पता चलता है कि भारत की कूटनीति सही दिशा में जा रही है और हाल की कुछ घटनाओं से कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। यह बात इसलिए कही है क्योंकि यूएनओ में जो गुरुवार को इजरायल की गाजा में कार्रवाई को लेकर निंदा प्रस्ताव लाया गया था। उसमें भारत ने हिस्सा नहीं लिया था और उसके बाद शंघाई सहयोग संगठन में भी भारत ने उस प्रस्ताव से अपनी दूरी बनाई थी, जिन पर शुक्रवार को इजरायल द्वारा ईरान पर आक्रमण की निंदा का जिक्र था। जाहिर है ईरान इस समय भारत की मजबूरी को समझता है, क्योंकि इजरायल व ईरान दोनों ही भारत के मित्र देश हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी देश के सामने बड़ी दुविधा हो सकती है, जोकि इस समय भारत के सामने होती दिखाई भी दे रही है। निश्चित रूप से भारत के लिए यह समय डिप्लोमेसी को लेकर बेहद चुनौती वाला है और अगर यह संघर्ष अधिक बढ़ता है, तो भारत के लिए तटस्थ रहना टेढ़ी खीर हो जाएगा। जहां तक 1500 स्टूडेंट्स की बात है, निश्चित रूप से कोई भी देश चाहेगा कि विदेशों में फंसे उनके लोग सुरक्षित वापस आएं और भारत भी यह सब कर रहा है, लेकिन इससे एक बात साफ हो जाती है कि युद्ध केवल उन्हीं देशों को प्रभावित नहीं करता जो सीधे युद्ध का हिस्सा होते हैं, बल्कि उन देशों को भी प्रभावित करता है, जो सीधे युद्ध में उलझे नहीं होते। यह हमने यूक्रेन में भी देखा कि किस तरह हमारे हजारों छात्र यूक्रेन में फंसे थे और उनको भी पड़ोसी देशों के माध्यम से भारत लाया गया था और अब ईरान से लाया जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि ऐसी स्थिति में छात्र की पढ़ाई पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। यूक्रेन से आए छात्र अब तक सेटल नहीं हो पाए हैं। अब ईरान से आने वालों का भविष्य क्या होगा। यह इस बात पर निर्भर करता है कि यह युद्ध कितना लंबा चलता है, लेकिन अब समय आ गया है कि भारत को भी अपने छात्रों के भविष्य के बारे में सोचना होगा और अपने यहां शिक्षा के स्तर को उस ऊंचाई तक ले जाना होगा। जिससे हमारे छात्र बाहर का रुख न कर सकें और उनके पढ़ने की सही व्यवस्था अपने ही देश में हो सके। निश्चित रूप से यह काम बेहद मुश्किल जरूर है और यह रातोंरात भी नहीं हो सकता, लेकिन अगर सही दिशा में प्रयास किया जाए तो नामुमकिन भी नहीं।

### बंगाली बोलने वाले नागरिकों पर निशाना



भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है, उनको बांग्लादेशी बताकर गलत कार्रवाई की जा रही है, आलम यह है कि जिन बंगा. लियों के पास वैध दस्तावेज हैं, उनको भी अवैध बांग्लादेशी प्रवासी कहा जा रहा है, भाजपा को शर्म आनी चाहिए कि वे वास्तविक भारतीय नागरिकों को सिर्फ उनकी भाषा के आधार पर बांग्लादेशी बता रहे हैं, बंगाली के साथ–साथ गुजराती, मराठी और हिंदी में बोलने में भी गर्व महसूस होना चाहिए, अगर आप मुझसे पूछें, तो मैं इन सभी भाषाओं में बोल सकती हूं, एक ओर आप भारतीयों को उनके द्वारा बोले गए शब्दों के कारण बांग्लादेशी बता रहे हैं और दूसरी ओर आप इन लोगों को, जिनके पास मतदाता पहचान पत्र, पैन और आधार कार्ड हैं, अपने राज्यों में आजीविका कमाने के अधिकार से वंचित कर रहे हैं। **–ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल**

## बिहार में नीतीश को हरा पाएगी कांग्रेस





**यशोदा श्रीवास्तव**

बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव में एनडीए की सरकार छीनने को कांग्रेस की जी तोड़ कोशिशों के बीच कुछ सवाल है जो काबिले गौर है। हालांकि नवंबर के अंत तक संभावित इस चुनाव के ठीक पहले कामरेड से कांग्रेसी हुए कन्हैया कुमार ने रोजगार दो या सत्ता छोड़ो के नारे के साथ बिहार के कोने–कोने तक पदयात्रा कर लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की कोशिश की है। खुद राहुल गांधी बिहार में ताबड़तोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। आंबेडकर छात्रावास में छात्रों के बीच उनकी मौजूदगी की चर्चा खूब है।

हाल ही 12 जून को बिहार के 25 जिलों में उसी बैनर नौकरी दो या सत्ता छोड़ो तले जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें देश भर के कांग्रेस के नामचीन नेताओं को बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने का निर्देश था। इस दिन कांग्रेस के कार्यक्रम की मानीटरिंग के लिए बिहार के नए और युवा प्रभारी कृष्णा अलाव पूरे दिन पटना में मौजूद थे। इस रोज दिनभर चले भाषणबाजी के बाद रोजगार कार्यालयों पर ताला बंदी का भी कार्यक्रम था। कांग्रेस का यह कार्यक्रम बिना किसी रोक–टोक के नीतीश सरकार ने संपन्न होने दिया। नीतीश कुमार के मानसिक संतुलन को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच उनका यह निर्णय उनके मानसिक संतुलन के दुरुस्त होने का सबूत भी है। बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इस पर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी। कन्हैया कुमार की मेहनत का भी असर देखने को मिला है।

बिहार की मीडिया कांग्रेस और आरजेडी में दुराव लाने की कोशिश में भी लगी है। खबरें और उसकी हेडिंगों के जरिए वह लगातार यह बताना चाह रही है कि आरजेडी और कांग्रेस के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। बिहार का मीडिया लिखता है कि कांग्रेस की सक्रियता से आरजेडी के कोर वोटरों में बिखराव तो कभी यह कि आरजेडी के मुकाबले दलित वोटों का झुकाव कांग्रेस की ओर। आदि आदि, लेकिन आम जनमानस में मीडिया की ऐसी खबरों का असर नहीं, उपहास होता हुआ जरूर दिखा। बिहार के पिछले विधानसभा में कांग्रेस के करीब 40 विधायक थे।

अभी 19 हैं। जबकि 70 सीटों पर उसके उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। कांग्रेस अपनी सीटें कम होने के कई कारण गिनाती है। अभी जो कुछ माह बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं, कांग्रेस उसमें अपना स्ट्राइक रेट जरूर बेहतर करना चाहेगी। यहां यह बता देना जरूरी है कि बिहार में इंडिया गठबंधन पूरी तरह एक जुट है। कांग्रेस के कार्यक्रम में बेशक आरजेडी साथ नहीं है, लेकिन दोनों का साथ एकदम मजबूती से है।

इस बार टिकटों के बंटवारे में कांग्रेस की ओर से खास यह होगा कि वह गिनती के लिए सीटें नहीं चाहेगी। उसका दावा सिर्फ उसी सीट पर होगा जिस पर वह जीती है और जिस पर वह जीत सकती है। जैसे कांग्रेस का कहना है कि पिछले चुनाव में उसे जो 70 सीटें मिली थी, उसमें 40 सीटें ऐसी थी जिस पर कई सालों से विपक्ष जीता ही नहीं। पिछले चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने भी कांग्रेस का नुकसान किया था। इस बार ओवैसी की पार्टी के भी बिहार में गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने की चर्चा है। सीपीआई पहले से ही गठबंधन का हिस्सा है। कुल मिलाकर बिहार विधानसभा चुनाव में तस्वीर कुछ यूं बन रही है कि आरजेडी ही लीडिंग रोल में होगी। कांग्रेस पहले की तरह नंबर दो पर ही रहकर नीतीश सरकार को बेदखल करने की कोशिश करेगी। संभावना है कि कुल 243 सीटों में से आरजेडी करीब 150 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस 55–60 सीटों पर लड़ेगी और बाकी पर गठबंधन की शेष पार्टियां जोर आजमाएंगी।

बताने की जरूरत नहीं कि बिहार की राजनीति सौ प्रतिशत जातीय अंकगणित पर आधारित है। यहां दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों की संख्या इतनी है कि वह जिसके पक्ष में चाहे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। इन जातियों का वोटर भले ही भाजपा के साथ न हो लेकिन नीतीश कुमार के साथ हैं। यह बड़ी वजह है कि बिहार की ऊंची जातियां कांग्रेस अथवा उसके गठबंधन के साथ आती जाती रहती हैं। माना जा रहा है कि इसी समीकरण के मद्देनजर कांग्रेस ने यहां मोहन प्रकाश को प्रभारी तो अखिलेश प्रसाद सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखा था। मौजूदा समय में यह दोनों अपने पदों पर नहीं हैं।

निश्चित ही अपने अपने पदों से हटे इन दोनों नेताओं से भितरघात की संभावना तनिक भी नहीं है कांग्रेस के तमाम नेताओं, कुछ विधायकों से बात चीत से ऐसा लगा कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष रहे अखिलेश प्रसाद सिंह को हटाए जाने का दुख है। अखिलेश प्रसाद सिंह भूमिहार हैं और उनका भूमिहार वोटरों पर खासा प्रभाव है। कांग्रेस ने उन्हें हटाकर राजेश कुमार नामक एक दलित विधायक को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है ताकि दलित वोटरों का झुकाव कांग्रेस की ओर हो। बिहार कांग्रेस नेताओं और विधायकों की चिंता यह है कि नए दलित प्रदेश अध्यक्ष दलितों का वोट कांग्रेस को शायद न दिला पाएं, भूमिहार वोटरों का कांग्रेस से खिसक जाने का खतरा जरूर है।

कांग्रेस की एक महिला विधायक जिसका की नाम देना यहां जरूरी नहीं है उन्होंने बहुत साफ शब्दों में कहा कि इस बार सबकुछ ठीक–ठाक चल रहा था, राहुल गांधी का लगातार दौरा हो रहा था, कन्हैया कुमार पदयात्रा कर लोगों में कांग्रेस का अलख जगा रहे थे, निश्चित ही इस मेहनत का फायदा कांग्रेस को मिलता, लेकिन बिना किसी कारण के प्रदेश अध्यक्ष के बदल देने का संदेश ठीक नहीं गया।

काफी संघर्षों के बाद कांग्रेस की राजनीति में एक मुकाम पर पहुंचीं इस महिला विधायक ने कहा कि कांग्रेस यदि महिला और गरीब गुरबों के लिए चालू किए गए नीतीश सरकार की योजनाओं की काट पर काम करती तो ज्यादा अच्छा होता। उन्होंने कहा कि बिहार में करीब 6 करोड़ महिला वोटर हैं। इनमें करीब दो करोड़ महिलाएं समूह योजना से जुड़ी हुई हैं। यह सबकी सब नीतीश कुमार की कार्यकर्ता के रूप में काम कर रही हैं। आउट सोर्सिंग के जरिए रोजगार सृजन कार्यक्रम समूह द्वारा ही संचालित हो रहे हैं। नीतीश सरकार में महिलाओं के लिए यह बड़ा काम है। इसके अलावा अनाथ हुए बच्चों को 21 साल की उम्र तक चार हजार मासिक की सहायता, परीक्षा में फर्स्ट क्लास पास हुए लड़कियों को क्रमशः छह हजार रूपए से लेकर पचास हजार तक की सहायता राशि का कोई काट कांग्रेस के पास नहीं है।

कांग्रेस कह तो रही है कि हमारी सरकार बनने के बाद हम इससे अच्छी सुविधाएं देंगे, लेकिन जनता है कि वह सुनती ही नहीं। सीधे कहती है कि अभी तो यह सब मिल ही रहा है, कांग्रेस जब आएगी तब देखा जाएगा। एक कांग्रेस विधायक ने तो यहां तक कहा कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार को शामिल करने का प्रयास करते रहना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## पश्चिमी ताकतों ने झूठ फैलाकर इराक को तबाह किया

**जो इराक पर हमलों से कभी खुश थे, वह आज रो रहे हैं। जो आज ईरान पर हमलों से खुश हो रहे, वह कल रोएंगे। यह निश्चित है। दुश्मन की जिन्हें शिनाख्त नही,उसे समझने की सलाहियत नही,उनकी बर्बादी तो आनी है, आज आए या फिर कल आए, आनी तो है ही। ईरान पर इजराइल का हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी मजम्मत की जानी चाहिए। फिलिस्तीन की चीखें नजरअंदाज करने की सजा अरबों को भी मिलेगी, आज यह जितना चाहे नाच गाने करके ट्रम्प का इस्तेकबाल करें। कल अमरीकी मिजाइल इनके सरो पर भी होंगी, मगर अफसोस तब इनके साथ भी कोई नहीं होगा।**



**हफीज किदवई**

ईरान को तबाही की कगार पर ले आया गया। अब भी सऊदी अरब और यूएई, तुर्किए या फिर मिस्र अगर यह समझते हैं कि वह इजराइल–अमरीका की मदद करके बच जाएंगे, तो शुतुरमुर्ग बने रहें। नम्बर तो सबका आएगा। जिसने कभी भी अमरीका का साथ दिया था, वह आज उसकी मक्कारी का शिकार हो चुके हैं। अमरीका, कभी किसी का सगा नही रहा, यह क्या अब भी साबित होना बाकी है?

ईरान के ऊपर इजराइल लगातार आतंकी हमले कर रहा है। इनके कितने ही महत्वपूर्ण लोग मार दिए गए। ईरान हर बार एक कड़ा बयान देता है। इस बार भी एक सख्त डायलॉग आया है। जबकि इजराइल को ईरान सख्त जवाब दे सकता है मगर क्यों नही दे रहा। यहीं पर बहुत से सवालों के जवाब गुंथे हैं। इजराइल जबसे वजूद में आया है। यह पूरा खित्ता डिस्टर्ब ही रहा है। यहां किसी न किसी मुल्क में बर्बादी की कहानी लिखी जाती रही,हर एक जगह सुकून छीन लिया गया। मगर पता नही वह कौन सी घुट्टी है, जो सारे अरब ने पी रखी है। उसे समझ नही आता कि नासूर क्या है। बिना नासूर के ईलाज के यहां कभी सुकून नही आ सकता,यह देर सबेर जब यूएई की बर्बादी आएगी, तो उन्हें भी समझ आ ही जाएगा। अमरीका इस पूरे इलाके में शतरंज खेलता है, कभी उसका कोई दोस्त हो जाता है, तो कभी वही दुश्मन। ताजा मामले तो हमारे यहां ही देख लीजिए। पहले हमसे दोस्ती गांठ रहा था और पाकिस्तान से दुश्मनी। आज पाकिस्तान को गोदी में लिए बैठा है और हमें आंखे दिखा रहा। पूरे एशिया में अमरीका की यही नीति है मगर फिर भी अमरीकियों से मुहब्बत जाने खत्म क्यों नही होती। जो इराक पर हमलों से कभी खुश थे,वह आज रो रहे हैं। जो आज ईरान पर हमलों से खुश हो रहे, वह कल रोएंगे। यह निश्चित है। दुश्मन की जिन्हें शिनाख्त नही,उसे समझने की सलाहियत नही,उनकी बर्बादी तो आनी है, आज आए या फिर कल आए,आनी तो है ही। ईरान पर इजराइल का हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी मजम्मत की जानी चाहिए। फिलिस्तीन की चीखें नजरअंदाज करने की सजा अरबों को भी मिलेगी, आज यह जितना चाहे नाच गाने करके ट्रम्प का इस्तेकबाल करें। कल अमरीकी मिजाइल इनके सरो पर भी होंगी, मगर अफसोस तब इनके साथ भी कोई नही होगा। तब अरबी डॉलर चबाएंगे और जान बचाते फिरेंगे। इजराइल की मनमानी, अमरीका की मनमानी है। अरब में अमरीका के पैर हैं इजराइल,अगर यह पैर बांधे न गए, तो सब बर्बाद होंगे। इजराइल को मासूमो पर हमले की छूट देने वाले, अपना भी भविष्य देख लें। नम्बर सबका आएगा।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## मोदी जी इस समय क्या सोच रहे होंगे



**श्रवण गर्ग**

**प्रधानमंत्री शायद विशाल सिविल हॉस्पिटल, उससे लगे बी जे मेडिकल कॉलेज और हॉस्टल्स में अपनी जिंदगी के खूबसूरत साल बिताकर देश–दुनिया में सेवाएं दे रहे उन डॉक्टरों के बारे में भी नहीं सोच पा रहे होंगे कि उन सबके मन में कैसी उथल–उथल मची हुई होगी। बेटी और दामाद ने सालों पहले अपनी पीजी की पढ़ाई इसी हॉस्पिटल–कॉलेज से पूरी की थी।**

यह वह जगह है जो गुरुवार को दिन के एक बजकर अड़तीस मिनट तक हजारों लोगों की चहल–पहल से आबाद थी। हम सोचते होंगे कि एक बड़ी जगह के दो मिनटों में इस तरह श्मशान में बदल जाने बाद कहीं ठहरते तो कहीं रुकते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन में क्या विचार उठ रहे होंगे? वे कुछ तो जरूर सोच रहे होंग। 11 सालों की दिल्ली में हुकूमत के दौरान इतनी बड़ी राष्ट्रीय दुर्घटना पहली बार। वह भी अपने ही उस गृह राज्य में जहां वे बारह साल मुख्यमंत्री रहे। 268 मौतें एक साथ, दो मिनट में। हजार डिग्री के तापमान में। किसी भी श्मशान में शरीर के राख में बदलते वक्त इतना तापमान नहीं होता।

हम कल्पना कर सकते हैं कि प्रधानमंत्री कई बातें एक साथ सोच रहे होंगे। बड़े लोगों को कई काम एक साथ करना होता है। मोदी जी उन लोगों की तरह तो निश्चित ही नहीं सोच पा रहे होंगे जो अहमदाबाद के भव्य सरदार पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपने प्रियजनों को विदाई देने पहुंचे होंगे और डिपार्चर टर्मिनल पर उनके आंखों से ओझल होने तक हाथ हिलाते रहे होंगे। जिन्होंने बार–बार याद दिलाया होगा कि लंदन पहुंचते ही फोन करके सूचना दे देना या फिर उन सैकड़ों लोगों की तरह भी जो अगवानी के लिए लंदन के गेटविक एयरपोर्ट पर पहुंचकर आने वाले प्रियजनों से गले मिलकर उन्हें गुलदस्ते भेंट करने का सोच रहे होंगे और तभी यह हृदय विदारक सूचना प्राप्त हुई होगी कि सब कुछ राख हो चुका है। वे अब उनके मुंह भी नहीं देख पाएंगे। प्रधानमंत्री शायद विशाल



सिविल हॉस्पिटल, उससे लगे बी जे मेडिकल कॉलेज और हॉस्टल्स में अपनी जिंदगी के खूबसूरत साल बिताकर देश–दुनिया में सेवाएं दे रहे उन डॉक्टरों के बारे में भी नहीं सोच पा रहे होंगे कि उन सबके मन में कैसी उथल–उथल मची हुई होगी।

बेटी और दामाद ने सालों पहले अपनी पीजी की पढ़ाई इसी हॉस्पिटल–कॉलेज से पूरी की थी। बेटी यहीं के एक गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी जहां मैं उससे मिलने जाता था। उसी मेस में जाती थी जो दुर्घटना की चपेट में आया। वह ऑस्ट्रेलिया से फोन करके अब पूछती है यह सब कैसे हो गया? मैं क्या जवाब देता?

मुमकिन है प्रधानमंत्री ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के बारे में भी कुछ सोचा हो जो दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार थे। चार साल पहले बारह–तेरह सितम्बर की रात दिल्ली से उन्हें फोन पहुंचा था कि इस्तीफा दे दीजिए और रूपाणी ने तत्काल पूरे मंत्रिमंडल सहित त्यागपत्र सौंप दिया था। उनके बाद से भूपेन्द्र पटेल ही गुजरात के मुख्यमंत्री हैं।

मोदी जी दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले और सबसे बड़े प्रजातांत्रिक राष्ट्र के मुखिया हैं। विमान हादसे के तीन दिन पहले ही अपने तीसरे कार्यकाल का पहला साल और हुकूमत के 11 साल उन्होंने पूरे किए थे। बीजेपी और सरकार अभी उनके कार्यकाल की उपलब्धियां भी ठीक से गिना नहीं पाई थी कि यह हादसा हो गया। वह भी मोदी जी के गृहराज्य में।

हम सिर्फ अनुमान ही लगा सकते हैं कि मोदीजी क्या सोच रहे होंगे। मसलन एक–के–बाद–एक घटनाएं क्यों हो रही हैं? 22 अप्रैल को जब पहलगाम–नरसंहार हुआ वे सऊदी अरब में थे। वे अगले दिन भारत लौटे जरूर पर पहलगाम नहीं गए। लौटने के अगले ही दिन चुनावी दौरे पर बिहार चले गए। पहलगाम के बाद सात मई से दस मई तक ऑपरेशन सिंदूर हो गया। अब जबकि उन्हें कनाडा की महत्वपूर्ण यात्रा पर रवाना होना है यह दर्दनाक हादसा हो गया।

मोदी जी के सोच में क्षण भर के लिए शायद आया हो कि ऐसे वक्त में उन्हें उन्हें कनाडा जाना चाहिए या नहीं? 15 से 17 जून तक कनाडा में G–7 समूह के देशों की बिखर वार्ता है। भारत G–7 समूह का सदस्य नहीं है पर 2019 के बाद से मोदी जी एक आमंत्रित के तौर पर उसकी बैठकों में भाग लेते रहे हैं। इस बार मोदीजी को आखिरी वक्त पर आमंत्रित किया गया जिससे यात्रा का महत्व और बढ़ गया। वहां ट्रम्प भी आने वाले हैं। कनाडा से भारत के संबंध काफी खराब चल रहे हैं। उन्हें भी ठीक करना है। मोदी जी की यात्रा को लेकर कनाडा में विरोध भी रो रहा है। दुर्घटना–स्थलों, अस्पतालों, श्मशानों, मुर्दाघरों आदि की यात्राओं के समय आत्माएं अस्थाई तौर पर चोला बदल लेती हैं।

सांसारिक पुरुषों में श्मशान–वैराग्य उत्पन्न हो जाता है। भौतिक जगत मिथ्या नजर आने लगता है पर यह भी उतना ही सही है कि विमान के दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचते ही ऊपर का सारा आकाश बदल जाता है। आत्माएं अपने निर्धारित स्थानों पर पहुंच जाती हैं। अत: विमान दुर्घटना को लेकर हम चाहे जितने भी संताप में हों, जो कुछ भी सोच रहे हों, एक प्रधानमंत्री के सोच को उसमें शामिल करने की गलती नहीं करना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## ईरान के सर्वोच्च नेता को मारने को लेकर नेतन्याहू-ट्रम्प आमने सामने

# खामेनेई की जान बनी अमेरिका और इजरायल की आफत

### इजरायल ने अमेरिकी दावे को किया खारिज

**वाशिंगटन/तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी अधिकारियों के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इजरायल ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मारना चाहता था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उसे ऐसा करने से रोक दिया।

गौरतलब है कि इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) की ओर से किए गए हमलों में ईरान के कई शीर्ष अधिकारी मारे गए थे, जिनमें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) कमांडर जनरल होसैन सलामी और ईरानी सेना के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल मोहम्मद बाघेरी शामिल थे। अमेरिका की डिजिटल मीडिया पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के प्रति शत्रुता के भाव के बावजूद ट्रम्प उन्हें एक समझौते पर पहुंचने के लिए बातचीत की मेज पर लाने के लिए तैयार है जो दोनों देशों के लिए व्यवहारिक हो और दोनों को स्वीकार्य हो ताकि कूटनीति के जरिये इजरायल-ईरान के बीच खतरनाक टकराव रोका जा सके। ट्रम्प ने इजरायली हमलों के बाद खामनेई को अल्टीमेटम देते हुए शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा था कि इससे पहले की कुछ भी न बचे ईरान को समझौता कर लेना चाहिए और ईरानी साम्राज्य को बचाना चाहिए। नेतन्याहू ने हालांकि रिपोर्ट को गलत बताते हुए इसकी निंदा की है। उन्होंने रविवार को फॉक्स न्यूज से कहा कि ऐसी कई झूठी रिपोर्ट हैं जो कभी हुई ही नहीं और मैं इसमें नहीं पड़ने वाला। लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि हमें जो करना चाहिए, हम वही करेंगे और मुझे लगता है कि अमेरिका जानता है कि उसके लिए क्या अच्छा है। इस दौरान उन्होंने इस बात से इनकार नहीं किया कि ईरान के साथ इजरायल के युद्ध में शासन परिवर्तन उनके लक्ष्य का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि यह निश्चित रूप से परिणाम हो सकता है, क्योंकि ईरान शासन बहुत कमजोर है। मुझे लगता है कि उसके पास मूल रूप से दो चीजें बची हैं, परमाणु बम और बैलिस्टिक मिसा. इल रखने की उनकी योजना। अमेरिका में इजरायल के राजदूत येचिएल लीटर ने भी रविवार को खामेनेई पर कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया था। उन्होंने एबीसी न्यूज चैनल से कहा कि मुझे लगता है कि यह कहना उचित होगा कि जो कोई भी इजरायल के विनाश की धमकी दे रहा है, उसे लक्ष्य सूची से बाहर नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन हम ऑनलाइन विशिष्ट व्यक्तियों पर चर्चा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य परमाणु हथियारों और बैलिस्टिक मिसाइलों के माध्यम से इजरायल को नष्ट करने के ईरानी इरादे को बेअसर करना और समाप्त करना है। जो कोई भी इसके रास्ते में आता है, या इजरायल को नष्ट करने के इरादेस से आगे बढ़ाता है, तो वह स्पष्ट रूप से ऐसा व्यक्ति है जिससे हमें निपटना होगा।



■ बेंजामिन नेतन्याहू ने इस बात से इंकार नहीं किया कि ईरान के साथ इजरायल के युद्ध में शासन परिवर्तन उनके लक्ष्य का हिस्सा था



अहमदाबाद। अस्पताल के शवगृह के बाहर एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को श्रद्धांजलि अर्पित करते गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल।

### ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई परिवार के साथ बंकर में भूमिगत

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अपने परिवार के साथ तेहरान के पूर्वोत्तर भाग में स्थित लाविजान में एक बंकर में भूमिगत हो गए है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के पुत्र मुज्तबा के भी उनके साथ हैं।

हालांकि उनके अन्य पुत्र मसूद और मुस्तफा उनके साथ नहीं हैं। खामेनेई के भूमिगत होने की सूचना इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले के जवाब में ईरान की ऑपरेशन ट्रू फेज 1 और ट्रू फेज 2 की सैन्य कार्रवाई के बाद आई है। इस अभियान के तहत ईरान ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए थे। इससे पहले इजरायल ने रविवार को 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के तहत 2300 किलोमीटर दूर स्थित मशहद शहर को निशाना बनाया था। कथित तौर पर यह हमला ईरानी नेता को यह चेता. वनी देने के लिए किया गया था कि वह देश में कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी खामेनेई और ईरान को उसका यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम समाप्त करने तथा संबंधित समझौते को अंतिम रूप देने के लिए दो महीने की समय सीमा दी थी। ईरान ने हालांकि अमेरिका और इजरायल की परमाणु अनुसंधान अवसंरचना को नष्ट करने की बार-बार की गई चेतावनियों को अस्वीकार कर दिया।

## कांगो में भारी बारिश से 29 लोगों की मौत

**किशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) की राजधानी किशासा में भारी बारिश के कारण सप्ताहांत में कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई है।

स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुष्क मौसम में असामान्य बारिश के कारण शहर में भारी नुकसान हुआ, सड़कें जलमग्न हो गईं, बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई। किशासा के गवर्नर डैनियल बुम्बा ने कहा कि लोगों को निकालने और अस्थाई पुनर्वास के प्रयास जारी हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से आपदा जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपाय करने का भी आग्रह किया। स्थानीय मीडिया ने मौसम विज्ञान अधिकारियों के हवाले से बताया कि देश में अभी शुष्क मौसम चल रहा है, लेकिन बारिश 90 मिलीमीटर तक पहुंच गई जो हाल के वर्षों में इस समय के लिए सबसे अधिक है।

डीआरसी में बारिश का मौसम आमतौर पर नवंबर से मई तक चलता है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भारी बारिश जारी रहने का अनुमान है और एक करोड़ 70 लाख की आबादी वाले शहर को और नुकसान हो सकता है।

## अमेरिकी समर्थन ने पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया: ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने कहा है कि इजरायल के लिए अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया और दुनिया की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।

बाघई ने कहा कि जिस समय इजरायल ने आक्रमण किया, उस समय हम एक कूटनीतिक प्रक्रिया में लगे हुए थे। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कृत्य है, जिसकी अमे. रिकी सहयोग के बिना कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसने कूटनीतिक और बातचीत की प्रक्रिया को निरर्थक बना दिया है।

■ जिस समय इजरायल ने आक्रमण किया उस समय हम एक कूटनीतिक प्रक्रिया में लगे हुए थे: बाघई



उन्होंने कहा कि ईरान को उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इजरायल के खिलाफ 'बाध्यकारी' प्रस्तावों को अपनाएगा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया है कि पहले कदम के रूप में इजरायल के हवाई हमलों को आक्रमण की संज्ञा दी जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य के रूप में अमेरिका को इस आक्रमण की निंदा करनी चाहिए। वह (इज़राइल के साथ) अपने संबंधों के कारण इन वास्तविकताओं को अनदेखा नहीं कर सकता। उन्होंने ईरान के परमाणु ठिकानों और आवासीय क्षेत्रों पर इज़रायल के हमलों की निंदा की और उन्हें 'अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों और कानूनों का सीधा उल्लंघन' बताया। उन्होंने बताया कि इज़रायल ने ईरान पर अपने हमलों में अमेरिकी निर्मित हथियारों का इस्तेमाल किया। इससे पहले ईरान और अमे. रिका ने ओमान की मध्यस्थता में ईरानी परमाणु डोजियर पर वार्ता के पांच दौर आयोजित किए थे। उनमें से आखिरी वार्ता 23 मई को रोम में हुई थी।

## हमने मिसाइलों में नई तकनीक का इस्तेमाल किया: आईआरजीसी

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि हाल ही में इजरायल के खिलाफ जवाबी मिसाइल हमलों में उसने नई तकनीक का प्रयोग किया, जिससे इजरायल की वायु रक्षा प्रणालियां एक-दूसरे पर ही हमला करने लगीं।

तस्नीम समाचार एजेंसी के हवाले से आईआरजीसी ने कहा '13 जून की रात इजरायल ने 'राइजिंग लायन' नाम से एक बड़ा सैन्य ऑपरेशन शुरू किया, जिसमें ईरानी परमाणु कार्यक्रम और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसके जवाब में, उन्होंने नई तकनीकों और खुफिया क्षमताओं का इस्तेमाल किया, जिससे इजरायल की बहु-स्तरीय रक्षा कमान और नियंत्रण प्रणाली विफल हो गई, यहां तक कि वे आपस में ही हमला करने लगे। इजरायली वायुसेना ने तेहरान सहित ईरान के कई हिस्सों में जोरदार हमले किए। इनमें ईरानी सेना प्रमुख (सीओएएस), आईआरजीसी कमांडर और कई परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। नातान्ज़ और फोर्डो जैसी परमाणु सुविधाओं सहित कई सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया गया।

**13 जून की रात इजरायल ने 'राइजिंग लायन' नाम से एक बड़ा सैन्य ऑपरेशन शुरू किया**

### संक्षिप्त समाचार

#### मंगोलिया में खसरे से छह लोगों की मौत

**उलानबटोर।** मंगोलिया में संक्रामक बीमारी खसरा से हुई एक और मौत के के बाद इस बीमारी से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर अब छह हो गई है। देश के राष्ट्रीय संचारी रोग केंद्र (एनसीसीडी) ने सोमवार को कहा कि कहा कि बीमारी से संक्रमित 693 लोग अस्पताल में हैं जिनमें से पांच गंभीर रूप से बीमार बच्चे शामिल हैं। डॉक्टरों के अनुसार हाल ही में पुष्टि किए गए मामलों में से आधे से अधिक स्कूली बच्चों से संबधित है जिन्हें खसरे के टीके का केवल एक ही शॉट दिया गया था।

#### गोलीबारी में दो लोगों की मौत संदिग्ध हिरासत में

**प्राग।** चेक गणराज्य पुलिस ने रविवार को राजधानी प्राग के पूर्वी क्षेत्र में गोलीबारी की घटना के बाद एक संदिग्ध को हिरासत में लिया, जिसमें दो लोग मारे गए। पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि रविवार शाम को कोस्टेलेक नाद सेर्नमी लेसी में गोलीबारी की सूचना मिलने के तुरंत बाद उनकी टीम मौके पर पहुंची, जहां दो लोग एक घर के बगीचे में मृत अवस्था में मिले। अधिकारियों ने एक संदिग्ध (65) को हिरासत में लिया तथा कथित तौर पर गोल. ीबारी में इस्तेमाल की गई बंदूक को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि मृतकों में पीड़ित 50 वर्षीय महिला और 45 वर्षीय पुरुष हैं। पुलिस के अनुसार गोल. ीबारी के पीछे का मकसद अभी भी स्पष्ट नहीं है। क्षेत्रीय आपरा. धिक जांचकर्ता घटना के पीछे के कारणों की जांच में जुटे हैं।

## बाघ, शेर संरक्षण को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हों सामूहिक प्रयास: यादव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बाघ और शेर जैसी सात प्रमुख प्रजातियों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए।

यादव ने यहां इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। 'बिग कैट' में बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा शामिल है। बैठक में आईबीसीए के सभी 9 सदस्य देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। इन देशों में भूटान, कंबोडिया, इस्वातिनी, गिनी, भारत, लाइबेरिया, सूरीनाम, सोमालिया और कजाकिस्तान शामिल हैं। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वन्यजीव संरक्षण में विश्व में अग्रणी देश के रूप में उभरा है, जिसने पिछले दशक में उल्लेखनीय सफलताएं प्राप्त की हैं। उन्होंने बिग कैट रेंज देशों से आईबीसीए की पहलों और कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल होने और सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने बिग कैट की सात प्रमुख प्रजातियों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण तथा सुरक्षा को आगे बढ़ाने के साथ-साथ पारिस्थितिकी भविष्य को सुरक्षित करने और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में सहायता करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया। बैठक में सर्वसम्मति से यादव को आईबीसीए अध्यक्ष और एस पी यादव को आईबीसीए के महानिदेशक के रूप में भी अनुमोदित किया गया। भारत सरकार द्वारा बनाया गया, इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) 95 रेंज देशों का एक गठबंधन है। इसका उद्देश्य बिग कैट का संरक्षण करना है। आईबीसीए का प्राथमिक उद्देश्य वैश्विक स्तर पर बिग कैट के संरक्षण के साझा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सफल संरक्षण प्रणालियों और विशेषज्ञता को समेकित करते हुए रेंज देशों और अन्य हितधारकों के बीच सहयोग और तालमेल को सुविधाजनक बनाना है।



■ बैठक में आईबीसीए के सभी नौ सदस्य देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया

## तेहरान में मोसाद के दो और जासूस गिरफ्तार

**तेहरान।** ईरान के तेहरान प्रांत में पुलिस ने इजरायल की जासूसी एजेंसी मोसाद के दो और जासूसों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 200 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक, 23 ड्रोन, लॉन्चर और अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं।

ईरान की समाचार एजेंसी इरना ने आज यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उन्होंने अलग-अलग अभियानों में मोसाद के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से बड़ी मात्रा में विस्फोटक जब्त किए गए। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पुलिस कमान के प्रवक्ता सईद मोंटेजर अल-महदी ने रविवार को कहा कि तेहरान प्रांत के रे काउंटी के एक जिले फशाफुयेह में मोसाद के दोनों जासूसों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। अल-महदी ने कहा कि दोनों के पास से 200 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक, 23 ड्रोन, लॉन्चर और अन्य उपकरण जब्त किए गए। इसके अलावा एक पिकअप ट्रक भी जब्त किया गया। गौरतलब है कि इजरायल ने शुक्रवार रात बिना किसी उकसावे के ईरान पर हमले शुरू कर दिए, इन हमलों में आवासीय इमारतें को भी निशाना बनाया गया। इजरायल की जासूसी एजेंसी के एजेंट तब से ईरान के अंदर कई तरह की गतिविधियों में शामिल पाए गए हैं।

■ उनके पास से 200 किग्रा से अधिक विस्फोटक, 23 ड्रोन, लॉन्चर और अन्य उपकरण जब्त किए गए

## ईरानी संसद ने मदनीजादेह को वित्त मंत्री किया नियुक्त

**तेहरान।** ईरानी संसद ने सोमवार को सईद अली मदनीज़ादेह को देश के नए आर्थिक मामलों एवं वित्त मंत्री के रूप में मंजूरी प्रदान की। पिछले वित्त मंत्री को महाभियोग लगाने के बाद हटा गया था। अर्द्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने कहा कि राजधानी तेहरान में संसद के सत्र के दौरान मदनीज़ादेह की नियुक्ति के पक्ष में 171 सांसदों ने और विपक्ष में 67 सांसदों ने वोट किया, जबकि आठ सांसदों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। इस सत्र में राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन भी उपस्थित थे, मदनीज़ादेह की नियुक्ति अब्दोलनसर हेममती के जगह पर हुई है, जिन्हें देश की मौजूदा आर्थिक चुनौतियों के बीच मार्च में संसद ने महाभियोग लगाकर पद से हटा दिया था।

## चीन में ऑनलाइन धोखाधड़ी के 294000 मामले सुलझाए गए

**बीजिंग।** चीन में दूरसंचार और ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ एक व्यापक राष्ट्रव्यापी अभियान में पुलिस ने पिछले साल 294,000 मामलों को सुलझाया है।

सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के अनुसार अभियान के दौरान बड़ी संख्या में संदिग्धों को पकड़ा गया जिसमें 570 से अधिक सरगना, वित्तपोषक और योजनाओं के प्रमुख संचालक शामिल थे। पुलिस ने विदेशी घोटाले के संचालन को अवैध समर्थन प्रदान करने वाले आपराधिक नेटवर्क को निशाना बनाया। ये समूह ऑनलाइन प्रचार, मनी लॉन्ड्रिंग, तकनीकी विकास और अवैध सीमा पार करने की सुविधा सहित कई सेवाएं प्रदान करते थे। मंत्रालय के अनुसार, ये समूह ऑनलाइन प्रचार, मनी लॉन्ड्रिंग, तकनीकी विकास और अवैध सीमा पार करने की सुविधा सहित कई सेवाएं प्रदान करते थे। गौरतलब है कि 2024 के आरंभ से ही चीन के 'राष्ट्रीय धोखाधड़ी निरोधी केंद्र' ने 18 करोड़ अलर्ट जारी करते हुए प्रारंभिक चेताव. नियों और इसे रोकने के तकनीकी प्रयासों को तेज कर दिया। अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय में केंद्र ने लगभग घोटाले से जुड़े लगभग 4.7 अरब कॉल और 3.4 अरब धोखाधड़ी वाले टेक्स्ट संदेशों को इंटरसेप्ट किया जबकि संदिग्ध अवैध धन में 315 अरग युआन (लगभग 43.9 अरब अमरीकी डॉलर) निधि को अवरुद्ध किया।



■ अभियान के दौरान बड़ी संख्या में संदिग्धों को पकड़ा गया

